आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 18°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

गौसेवा में समर्पित योगी सरकार, प्रदेश के 4366 गौ-आश्रय...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 10 जनवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 90 www.janexpresslive.com/epaper

अमित शाह ने लॉन्च किया देश का पहला... 12

# योगी राजनीति ही नहीं, अर्थशास्त्र के भी मास्टर: राजनाथ

## योगी और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने ईवी प्लांट का किया उद्घाटन, बोले, अब यूपी अपनी क्षमताओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश


जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में अशोक लीलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की शुरुआत हो गई है। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने योगी की जमकर तारीफ की। कहा- मैं समझता था कि योगी राजनीति के माहिर हैं, लेकिन अब मैं यह जान चुका हूं कि वे अर्थशास्त्र के भी माहिर हैं। कैसे इन्वेस्टमेंट लाना है, कैसे मुनाफा कमाना है, यह कला आपको अच्छी तरह से मालूम है। इससे पहले उन्होंने योगी और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के साथ फैक्ट्री का उद्घाटन किया। योगी ने कहा- 2017 से पहले प्रदेश की क्या हालत थी, सभी जानते हैं। हर तरफ अराजकता फैली थी। यूपी पहचान का मोहताज था। आज उपद्रव नहीं, बल्कि उत्सव का माहौल है। पिछले 8 सालों में कोई दंगा नहीं हुआ। सीएम ने कहा- यूपी अब उत्सव का प्रदेश है। कोई महीना या कोई हफ्ता नहीं है, जब यहां कोई न कोई उत्सव न होता हो। अब यूपी बीमारू राज्य नहीं है। सबसे ज्यादा रेवेन्यू वाला प्रदेश है। इससे पहले योगी ने फैक्ट्री में ई-बसों को अंदर से देखा। राजनाथ और कुमारस्वामी के साथ बस में सफर भी किया। इसके बाद सभी मंच पर आए। हिंदुजा ग्रुप और अशोक लीलैंड के सफर पर मूवी दिखाई गई।



### अब यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव का प्रदेश: योगी

योगी ने कहा- 2017 से पहले क्या हालत थी, सभी जानते हैं। हर तरफ अराजकता फैली थी। लेकिन, अब यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव का प्रदेश है। कोई महीना नही, हफ्ता नहीं, जब उत्सव न होता हो। अब यूपी बीमारू राज्य नहीं है। सबसे ज्यादा रिवेन्यू वाला प्रदेश है। फैक्ट्री सरोजनी नगर में करीब 70 एकड़ क्षेत्रफल में बनी है। इसका निर्माण 16 महीने में किया गया है। कंपनी और सरकार का दावा है कि इसे रिकॉर्ड समय में बनाकर तैयार किया गया है। यह आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर से लैस है। भविष्य की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया गया है। फिलहाल इसमें ई-बस, ई-ट्रेवलर और ई-लोडिंग वाहन बनाए जाएंगे। यह प्रदेश की पहली ई-बस निर्माण फैक्ट्री है। भविष्य में इसके उत्पादन क्षमता को आसानी से बढ़ाया जा सकेगा। कंपनी के मुताबिक, शुरुआती चरण में हर साल 2,500 इलेक्ट्रिक बस बनाई जाएंगी। बाद में इसे बढ़ाकर 5,000 तक किया जाएगा।



### योगी के संबोधन की 2 बड़ी बातें...

- **यूपी अनलिमिटेड संभावनाओं वाला प्रदेश:** योगी ने कहा- ये वही प्रदेश है, जिसकी क्या स्थिति 2017 के पहले क्या थी। अराजकता चरम पर थी। निवेश आने की बात तो छोड़िए, जो था वो भी बाहर जाने को तैयार था। लेकिन, 2017 के बाद जब हम आए तो हमने कहा कि यूपी अनलिमिटेड संभावनाओं वाला प्रदेश है। आज यूपी असीमित संभावनाओं को रिजल्ट में बदलने वाला प्रदेश है।
- **निवेशकों के सामने यूपी सबसे बड़ा विकल्प:** योगी ने कहा- यूपी देश की पहली रैपिड रेल और पहला वाटर वे चला रहा है। आज बिजनेस के लिए अच्छा माहौल दिया जा रहा है। अब कोई निवेशक पॉलिसी पैरालिसिस का शिकार नहीं होता है। हमारे पास 9 साल में 45000 करोड़ का निवेश आया। 15 लाख करोड़ का ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी। 6 लाख करोड़ का ग्राउंड ब्रेकिंग अगले महीने होगी।

### राजनाथ के संबोधन की 2 बड़ी बातें...

- **योगी ने यूपी की तस्वीर बदली:** राजनाथ ने कहा- मैं हिंदुजा ग्रुप से कहूंगा कि आप भले लखनऊ के न हो, लेकिन लखनऊ के लोग आपको अपना ही मानेंगे। ये यहां का स्वभाव है। जो यहां आता है, यहीं का हो जाता है और जब योगी आदित्यनाथ जैसा व्यक्ति मिल जाए तो ये और बेहतर हो जाता है। उन्होंने यहां प्रेरणा स्थल के रूप में अद्भुत काम करवाया है। लोगों को वहां जाना चाहिए।
- **ब्रह्मोस का कारनामा 'ऑपरेशन सिंदूर' में देखा:** राजनाथ ने कहा- डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ में काफी काम हो रहा। ब्रह्मोस फैक्ट्री यहां लगी है। ब्रह्मोस का कारनामा अपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा होगा। हमारा भारत अब कमजोर नहीं है। भारत अब अपने हथियार खुद बनाएगा। मैं योगीजी की सराहना करता हूं और इनके कार्यकाल में यूपी की तस्वीर बदली है और ये अपने में मिसाल है।

### युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा

राजनाथ ने कहा- आज का जो समय है उसमें स्किल का बड़ा महत्व है। कौशल विकास को बढ़ावा देकर, हमारे युवाओं को, भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। इस तरह की तमाम कोशिशों के माध्यम से, हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश, और देश के विकास में लगे हुए हैं, लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा- एक रक्षा मंत्री के रूप में भी, यदि मैं मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के प्रयासों की बात करूं, तो मुझे यह कहते हुए खुशी होती है कि भारत का रक्षा क्षेत्र, अब पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होने की ओर बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा- 2014 में हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन, मात्र 46,000 करोड़ रुपये था, यानि हम लोग भारत में सिर्फ 46,000 करोड़ रुपये के हथियार और साजो-सामान बना पाते थे। लेकिन आज वहीं बढ़कर, रिकॉर्ड 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हो चुका है। 2014 के समय, भारत का जो रक्षा निर्यात है, वह बहुत कम हुआ करता था। हम 1,000 करोड़ रुपये से भी कम के हथियार और साजो-सामान, दुनिया को बेच पाते थे, लेकिन आज वही बढ़कर रिकॉर्ड 24,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

### जो कठिन नियम थे, हम उनको आसान कर रहे हैं: राजनाथ सिंह

राजनाथ ने कहा- हमारी सरकार ने औद्योगिक विकास को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आज आप देखिये, भारत में हमने 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू की है। तमाम बड़ी चीजें, जो पहले विदेशों से आती थीं, आज वो भारत में ही बनने लगी हैं। रक्षा मंत्री ने कहा- आने वाले कुछ सालों में, तेल से चलने वाली गाड़ियां कम दिखेंगीं, ईवी ज्यादा दिखेंगी। पर्यावरण के लिए भी यह जरूरी है, कि हम ईवी को बढ़ावा दें। इसलिए हमारी सरकार भविष्य की इन तकनीक पर अधिक ध्यान दे रही है। उनको बढ़ावा दे रही है। रक्षा मंत्री ने कहा- इसके लिए हम तमाम नियमों को आसान बना रहे हैं, ताकि उद्योग स्थापित करना आसान हो। जो कठिन नियम थे, हम उनको आसान कर रहे हैं। किसी भी औद्योगिक यूनिट को, कोई डॉक्यूमेंट वेरिफाई कराने के लिए, दिक्कतें न आए, इसके लिए हम ऑनलाइना व्यवस्था लेकर आए हैं।

### 'विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर ही जाएगा'

राजनाथ ने कहा- लगभग 70 एकड़ में यह संयंत्र फैला हुआ है। इस पूरी फैसिल्टी का निर्माण 24 महीने में होना था, लेकिन आपलोगों ने इसे रिकॉर्ड 18 महीनों में तैयार किया है। अब जैसे ही यहां काम शुरू हो जाएगा, उसके बाद हर महीने लगभग 2,500 इलेक्ट्रिक वाहन यहां से बनकर निकलेंगे। आज, जब भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो उसमें उत्तर प्रदेश का योगदान बहुत महत्त्वपूर्ण होने वाला है। रक्षा मंत्री ने कहा- एक विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर ही जाएगा, ऐसा मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं। आज जब हम ईवी की बात कर रहे हैं, तो मैं हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में बीते 10-11 वर्षों में, देश में सड़कों और हाईवे का जो जाल बिछा है, उसे आपने भी अनुभव किया होगा।

### भारत अब कमजोर नहीं, हम अपने हथियार खुद बना रहे: राजनाथ सिंह

राजनाथ ने कहा- आज उत्तर प्रदेश में, देश की सुरक्षा से जुड़े काम भी शुरू हो चुके हैं। सरकार ने यहां डिफेंस कॉरिडोर बनाया है। इसका मतलब सेनाओं के लिए हथियार, गोला-बारूद और लड़ाकू जहाजों से जुड़ा सामान, अब हमारे ही प्रदेश में बनेगा। उन्होंने कहा- यह काम लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट, इन छह जगहों पर हो रहा है। अब तक यहां 34 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा का निवेश आ चुका है, यानी बड़ी-बड़ी कंपनियां यहां कारखाने लगा रही हैं। इससे सीधा फायदा यह हुआ है, कि हमारे गांव के लोगों को यहीं काम मिलेगा। राजनाथ ने कहा- इसके अलावा लखनऊ में तो ब्रह्मोस एयरोस्पेसकी फैक्ट्री भी लगी है, जहां ब्रह्मोस मिसाइल बनाई जा रही है। अब ये मिसाइल बाहर से बनकर नहीं आती, हमारे अपने देश में, हमारे अपने उत्तर प्रदेश में बनती है। रक्षा मंत्री ने कहा- भारत अब कमजोर नहीं है, हम अपने हथियार खुद बना रहे हैं और उत्तर प्रदेश इसमें नेतृत्व कर रहा है। यही सोच, यही मेहनत और यही रास्ता, देश को मजबूत बनाता है, और इसी रास्ते पर आज हमारी सरकार चल रही है।

### यूपी को 1 ट्रिलियन इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाएगा: योगी

योगी ने कहा- हमने लक्ष्य तय किया है कि यूपी को 1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के लिए काम करेंगे। देश का 55 प्रतिशत मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूपी में हो रहा। 60 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग यूपी में हो रही। आज यूपी में 18000 से अधिक स्टार्टअप हैं। 76 इनक्यूबेटर और 8 यूनिकॉर्न हैं। 2017 के पहले यूपी में बहुत कम एफडीआई था, लेकिन आज हमने फोरच्यून 500 और एफडीआई को यूपी में आकर्षित किया। मात्र 18 महीनों में ये प्लांट तैयार हुआ, जो देश को समर्पित कर दिया गया। ये डबल इंजन का फास्ट ट्रैक एप्रूवल है। आज विभागीय स्वीकृतियों को सुनिश्चित कर रहे।

### मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से युवाओं को सीधे नौकरी मिलेगी: योगी

योगी ने कहा- 2017 से पहले अराजकता चरम पर थी। जो निवेश था, वो निकलने को तैयार था। अवसर का इंतजार कर रहे थे। 2017 में हम आए तो कहा कि यूपी असीमित संभावनाओं का प्रतीक है। कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए इसे बदनाम किया। लेकिन, अब यह असीमित संभावनाओं को परिणाम में बदलने का प्रदेश बन गया है। योगी ने कहा- आज का समारोह पीएम मोदी की प्रेरणा से प्रदेश के प्रति उद्योगों के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। ग्लोबल वार्मिंग और ग्लोबल कूलिंग जैसे हालात नई-नई चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। उस दिशा में किया जाने वाला काम है यह बस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट। इससे सीधे और अन्य तरीकों से युवाओं को नौकरी के विकल्प बनेंगे।

### यूपी की पहली ई-बस निर्माण फैक्ट्री, 2500 बसों का होगा उत्पादन

यह संयंत्र उत्तर प्रदेश में बनने वाली पहली इलेक्ट्रिक बस का व्यवसायिक उत्पादन केंद्र होगा। उद्घाटन के साथ ही यहां से ईवी बसों का रोलआउट शुरू होने की तैयारी है, जिसे राज्य में इलेक्ट्रिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। कंपनी के मुताबिक, शुरुआती चरण में इस प्लांट में हर साल 2,500 इलेक्ट्रिक बसों का निर्माण किया जाएगा। मांग और संचालन के विस्तार के साथ अगले चरण में इस क्षमता को बढ़ाकर 5,000 बस प्रति वर्ष करने की योजना है। इसके लिए फैक्ट्री लेआउट, असेंबली लाइन और लॉजिस्टिक्स को मॉड्यूलर सिस्टम पर तैयार किया गया है।

### अब कुछ भी मुश्किल नहीं: धीरज हिंदूजा

धीरज हिंदुजा, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन, अशोक लेलैंड ने कहा- हम राष्ट्रहित के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब समय आ गया है, जब हम सरकार की मदद से दुनिया को नई दिशा दिखा सकते हैं। अब कुछ भी मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने मॉडर्न इंफ्रास्ट्रचर, लॉ एंड ऑर्डर और कनेक्टिविटी को मजबूत करके उद्योगों को उत्तर प्रदेश में आने के लिए एक मजबूत आधार दिया है।

# सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों पर सुनवाई जारी

## अवैध प्रजनन-आयात और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दे उठे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में लगातार तीसरे दिन भी सुनवाई शुरू हुई। सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालय परिसरों में भटकते कुत्तों की समस्या पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया शामिल हैं, मामले की सुनवाई हुई और शुक्रवार को करीब 1.50 घंटे सुनवाई चली। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 13 जनवरी रखी।



### कुत्ते रखने वाली महिलाओं पर होती है अभद्र टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट में सीनियर एडवोकेट और एनीमल राइट्स एक्टिविस्ट महालक्ष्मी पावनी ने कहा कि कुछ लोग कुत्ते रखने वाली महिलाओं के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं और उन्हें यह तक कहते हैं कि महिलाएं संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं।

### अभिषेक सिंघवी ने अदालत से दखल न देने की अपील की

इस दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से इस मामले में दखल न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानून और नियम पहले से मौजूद हैं, इसलिए अदालत को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। सिंघवी ने यह भी कहा कि जब संसद जानबूझकर दखल नहीं देती, तो अदालत को भी इसमें नहीं जाना चाहिए। सिंघवी ने आगे बताया कि एमीकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) कानून के अच्छे जानकार होते हैं लेकिन किसी विशेष विषय के विशेषज्ञ नहीं। ऐसे मामलों में डोमेन एक्सपर्ट्स जैसे पशु, पर्यावरण या स्वास्थ्य विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

### अवैध प्रजनन और विदेशी कुत्तों का अवैध आयात

अवारा कुत्तों के मामले की सुनवाई के दौरान, महालक्ष्मी पावनी ने बड़े पैमाने पर अवैध प्रजनन और विदेशी कुत्तों के अवैध आयात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिट बुल और हस्की नस्ल के कुत्तों को सड़कों पर छोड़ा जा रहा है। हालांकि, न्यायालय ने कहा कि यह मामला स्ट्री डॉग्स (अवारा कुत्तों) के मुद्दे से संबंधित नहीं है। कृपया उन मुद्दों पर ध्यान दें जिनसे हम निपट रहे हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून में उपलब्ध उपायों का पालन किया जाना चाहिए।

## दलित महिला की हत्या

### अपहृत बेटी का नहीं कोई सुराग, ग्रामीणों में रोष, कपसाड़ पहुंचे संगीत सोम

जन एक्सप्रेस । मेरठ

मेरठ से सटे सरधना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में दलित महिला की हत्या और उसकी नाबालिग बेटी के अपहरण की सनसनीखेज घटना के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी कड़ी में भाजपा नेता और पूर्व विधायक संगीत सोम गांव कपसाड़ पहुंचे। संगीत सोम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

**सख्त कार्रवाई की मांग:** भाजपा नेता ने प्रशासन से मांग की कि आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए और अपहृत नाबालिग को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज के लिए बेहद शर्मनाक हैं।

# धामी की उत्तराखंड वासियों को सौगात

## 5.26 करोड़ के विकास कार्यों को दी मंजूरी

जन एक्सप्रेस । देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आंतरिक सड़कों, भवन निर्माण और अन्य विकास कार्यों के लिए कुल 5.26 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री धामी ने लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र के गोरखा नगर में अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए 2.84 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। इसकी प्रथम किश्त के रूप में 40 प्रतिशत यानी 1.14 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। उन्होंने पिथौरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विण में रामेश्वर मंदिर (शिव धाम) से बीतड़ी पुल तक सीसी मार्ग एवं दीवार निर्माण को 97.25 लाख रुपये की मंजूरी दी। इसमें प्रथम किश्त के रूप में 60 प्रतिशत यानी 58.35 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है। उन्होंने अल्मोड़ा की सल्ट विधानसभा क्षेत्र में तहसील स्यालदे एवं सल्ट में 101 फीट के तिरंगे की स्थापना के लिए 89.09 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। प्रथम किश्त के रूप में 53.45 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है। उन्होंने बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बाजपुर में आंतरिक मार्गों के 700 मीटर सीसी मार्ग निर्माण के लिए 55.57 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसकी प्रथम किश्त के रूप में 33.34 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं का काम समयबद्ध तरीके से किया जाए और गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कमी न हो।




फाइल फोटो

### आंतरिक सड़कों का निर्माण शामिल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए 5.26 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें लोहाघाट में अंबेडकर भवन, पिथौरागढ़ में सीसी मार्ग, अल्मोड़ा में 101 फीट तिरंगा स्थापना और बाजपुर में आंतरिक सड़कों का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह धनराशि राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी।

# सिरमौर जिले के हरिपुरधार में बस दुर्घटनाग्रस्त, 12 लोगों की मौके पर ही मौत, कई घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नाहन

सिरमौर जिले के हरिपुरधार में निजी बस हादसे में 12 के करीब लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को घटनास्थल से निकाला जा रहा है। वहीं बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। ये बस कुपवी से शिमला जा रही थी। जो हरिपुरधार के पास खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार बस में 30 से 35 लोग सवार थे। स्थानीय लोग हादसे में घायलों को बाहर सड़क तक लेकर आ रहे हैं। घटना के बाद मौके पर चीखों पुकार मची है। हादसा इतना भयानक था कि बस के परखच्चे उड़ गए हैं। एसपी सिरमौर, निश्चिंत सिंह नेगी ने कहा कि सिरमौर जिले में हरिपुरधार के पास कुपवी से शिमला जा रही एक प्राइवेट बस के सड़क से नीचे गिरने से हुए हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बस में 30-35 लोग सवार थे। और जानकारी का इंतजार है। मैं मौके पर जा रहा हूं। पुलिस और दूसरी बचाव टीमें घायलों को निकालने की कोशिश कर रही हैं।

### उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने जताया शोक

सिरमौर जिले के हरिपुरधार में शुक्रवार दोपहर बाद एक निजी बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 8 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई घायल हो गए। घटना के बाद राहत बचाव कार्य जारी है। गंभीर रूप से घायल पांच मरीजों को उपचार के लिए हायर संगड़ाह, ददाहू और नाहन लाया जा रहा है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। उधर, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान दुर्घटना पर सरकार की ओर से शोक जताया है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज नाहन में गंभीर रूप से लाए जा रहे मरीजों के उपचार के लेकर उचित व्यवस्था के निर्देश दिए।



### बस हादसे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने जताया दुख

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि हरिपुरधार में बस दुर्घटना की अत्यंत दुखद खबर प्राप्त हुई है। इस हृदयविदारक घटना ने मुझे भीतर तक झकझोर दिया है। इस दुख की घड़ी में उन्होंने अपने आगामी सभी कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है। वह इस समय पालमपुर से हरिपुरधार के लिए रवाना हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कठिन समय में हम सभी का कर्तव्य है कि एकजुट होकर मानवता के नाते अपना दायित्व निभाएं।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने बस दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा शोक किया व्यक्त

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गुरुवार को सिरमौर जिले के हरिपुरधार के पास एक निजी बस दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा शोक व्यक्त किया। दुर्भाग्यपूर्ण बस शिमला से राजगढ़ होते हुए कुपवी जा रही थी, तभी वह सड़क से उतरकर एक गहरी खाई में गिर गई। मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने और घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### उपमुख्यमंत्री ने भी जताया शोक

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'सिरमौर जिले के हरिपुरधार में एक निजी बस के गहरी खाई में उतरने से 9 लोगों के निधन एवं कई यात्रियों के घायल होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। हादसे में मारे गए लोगों को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं शोकाकुल परिवारों को अपार दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रशासन राहत कार्यों के लिए मौके पर पहुँच चुका है। ? शांति।'

### नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी जताया शोक

वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी बस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'सिरमौर जिले के हरिपुरधार क्षेत्र में निजी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना बहुत दुःखद है। इस भीषण हादसे में कई लोगों के हताहत होने की सूचना अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दें साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।' उद्योग मंत्री खुद मेडिकल कॉलेज में डटे हैं। उन्होंने 12 लोगों की मौत की पुष्टि की है। वहीं, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'शिमला से हरिपुरधार जा रही एक प्राइवेट बस के सिरमौर ज़िले के हरिपुरधार में दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए, बहुत दुखद है। इस दुखद घटना से पूरे इलाके में मातम छा गया है। घटना के बाद, स्थानीय प्रशासन, पुलिस और निवासियों ने राहत और बचाव अभियान शुरू किया। मैं दिवंगत आत्माओं की शांति, घायलों के जल्द स्वस्थ होने और शोक संतप्त परिवारों को शक्ति मिलने की प्रार्थना करता हूं। राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में सभी प्रभावित परिवारों के साथ मज़बूती से खड़ी है।'

# शिक्षा का व्यवसायीकरण सम्बन्धी जांच समिति ने ली बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति के सदस्यों की बैठक शुक्रवार को चित्रकूटधाम मण्डल के चारों जनपद चित्रकूट, बांदा, महोबा व हमीरपुर के अधिकारियों के साथ कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा को रोजगारपरक, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में विधान परिषद की जांच समिति की सक्रिय पहल की गयी।

बैठक में समिति के अध्यक्ष डॉ धमेन्द्र सिंह व सदस्य उमेश द्विवेदी, श्रीचन्द्र शर्मा, डॉ बाबूलाल तिवारी व मान सिंह यादव मण्डल के सभी जनपदों में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, आईटीआई एवं अन्य शिक्षण संस्थानों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान कराना है ताकि वह आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों में निर्धारित मानकों के अनुरूप की अकादमिक, हॉस्टल एवं परिवहन ली जाए। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सभी चिकित्सा सुविधा एवं फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था भी की जाए। इस दौरान अध्यक्ष ने नरैनी पॉलिटेक्निक कॉलिज में हुए आत्महत्या एवं सड़क दुर्घटना के शिकार सौरव व आशीष कुमार को उचित मुआवजा देने के लिए भी सम्बन्धितों को निर्देशित किया। कहा कि बिना मान्यता के संचालित शिक्षण संस्थानों, मदरसों एवं अवैध शाखाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। अल्पसंख्यक अधिकारी को एक सप्ताह के अंदर अभय मदरसा की विधिवत जाँच कराकर समिति के समक्ष विवरण देने को कहा। निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों बसों की सुरक्षा मानकों के अनुरूप स्थिति, परमिट एवं अन्य वैधानिक दस्तावेजों की जांच करें। उन्होंने निलम्बित व बहाल हुए अध्यापकों की भी जानकारी ली तथा शिक्षण संस्थानों के आसपास गुटखा, तंबाकू एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी पूर्णतः रोक लगाने के निर्देश दिए। कहा कि पात्रों का ही प्रमाण पत्र बनाए, इसमें किसी अपात्र को लाभ न मिलने पाए। छात्रवृत्ति वितरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि शिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों को देय बीमा एवं अन्य वैधानिक लाभों दिलाएं। बैठक में आरसेटी महोबा के प्राचार्य के गैरहाजिर रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी चित्रकूट से कहा कि मेडिकल कॉलिज के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें, इसमें समिति द्वारा सहयोग किया जाएगा। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर साउंड की व्यवस्था अच्छी करें एवं चिकित्सा स्वास्थ्य की सुविधाएं भी उपलब्ध कराएं। सभी अधिकारियों एवं विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इस दौरान अधिकारियों ने समिति अध्यक्ष व सदस्यों को एक जनपद एक उत्पाद के तहत बने मूर्ति एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग, महोबा गजल भारद्वाज, बांदा जे रीभा, हमीरपुर चंद्र मोहन गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अनुसचिव सुनील कुमार, समीक्षा अधिकारी शलभ द्विवेदी, अपर निजी सचिव आशीष सिंह, प्रतिवेदक अभय सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विवेचकों को मिला प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने की भारत सरकार की योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विवेचकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यातायात प्रभारी शैलेन्द्र कुमार की उपस्थिदि में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के जिला रोलआउट प्रबंधक अमित कुमार श्रीवास्तव ने सड़क दुर्घटना सूचना प्रणाली एवं इलेक्ट्रॉनिक दुर्घटना विवरण रिपोर्ट प्रणाली के माध्यम से योजना के सफल क्रियान्वयन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा लागू की गई इस योजना के अंतर्गत दुर्घटना स्थल से ही पीड़ित का विवरण पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित अस्पताल को उपलब्ध कराना अनिवार्य है ताकि पीड़ित को बिना किसी आर्थिक बाधा के त्वरित उपचार मिल सके। उन्होंने विवेचकों को बताया कि पीड़ित पहचान संख्या तुरंत तैयार करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक दुर्घटना विवरण रिपोर्ट प्रणाली और मोबाइल एप का उपयोग किया जाना आवश्यक है, जिसके लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालित प्रमुख योजनाओं राहवीर योजना तथा सड़क दुर्घटना पीड़ित कैशलेस उपचार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विवेचकों को सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े साक्ष्यों के संकलन की विधि भी बताई गई। इसमें दुर्घटना स्थल की फोटोग्राफी और वीडियो रिकॉर्डिंग, मिट्टी व खून से सने नमूनों का संग्रह, वाहनों के अवशेष, टायर और पेंट के निशान सुरक्षित करना तथा दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर परिवहन विभाग से तकनीकी रिपोर्ट प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल है। साथ ही राजमार्ग विभाग को सड़क विवरण भेजने, प्राथमिकी में त्रुटि होने पर उसका सुधार तथा इलेक्ट्रॉनिक दुर्घटना विवरण रिपोर्ट के निर्धारित प्रारूप के अनुसार समस्त कार्यवाही पूर्ण करने और सड़क दुर्घटना सूचना प्रणाली में विवरण भरने की जानकारी भी दी गई।

# बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिये साइबर कानून के साथ ही पाश एक्ट की दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिये जिला जजी मीटिंग हाल में 'साइबर कानून' के साथ ही 'पॉश एक्ट 2013' अभियान के तहत एक दिन की कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का मकसद आज के डिजिटल वक्त में पैदा हो रहे अपराधों, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के उन्मूलन पर केंद्रित रही।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला जज मनोज कुमार राय ने माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित करते हुये की। इस मौके पर

उन्होंने कहा कि मौजूदा डिजिटल दौर में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जबकि पॉश अधिनियम जैसे कानूनी प्रावधान समाज को मजबूत बनाने में खास भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर जिला जज ने

मौजूद लोगों से अपील करते हुये कहा कि कार्यक्रम से मिली जानकारियां गाँव तक पहुंचायें, ताकि समाज का हर हिस्सा कानूनी तौर से मज़बूत बन सके।

कार्यक्रम में साइबर क्राइम साथ ही स्व. सुरेश चन्द्र मिश्रा लॉ कालेज, 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर अदालत के सभी जजों की मौजूदगी ने इस आयोजन की अहमियत को खासतौर बढ़ा दिया। जिला जज ने बताया कि साइबर विधि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 (ढ्ढञ्ज-ष्ट्ठ) पर आधारित है, जो ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग, साइबर स्टॉकिंग एवं फेक न्यूज के अपराधों को कंट्रोल करती है। पॉश अधिनियम यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा तय करता है, जिसमें अंदरूनी शिकायत समिति (ढ्ढष्ट) का गठन जरुरी है। सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि पॉश अधिनियम कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए है, जबकि बच्चों की सुरक्षा के लिए क्कह्रस्ङ्ख अधिनियम 2012 लागू होता है, जो यौन शोषण, अत्याचार के साथ ही शारीरिक नुकसान से बचाव करता है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को एलर्ट रहने के साथ किसी आपराधिक मामले की जानकारी फौरन साइबर क्राइम के साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दें।

# बस स्टैंड जमीन के दानदाता सपा विधायक को शिलान्यास से दूर रखने की हो रही निंदा

जन एक्सप्रेस । बांदा



समाजवादी पार्टी ने भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार आने के बाद से पूरे इंडिया गठबंधन के नेताओं को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न निरंतर जारी है, जो सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के माध्यम से किया जा रहा है। यह भाजपा की बदले की भावना और लोकतंत्र विरोधी सोच का स्पष्ट प्रमाण है।समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है और 2024 लोकसभा चुनाव में प्रदेश व देश की जनता ने साबित कर दिया कि सच्चा विकास,युवाओं को रोजगार, महिलाओं का सम्मान और जनहित केवल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही कर सकते हैं।भाजपा की नाकामियां जनता के सामने उजागर हो चुकी हैं।इसी कड़ी में बबेरू-नरैनी विधानसभा के कालिंजर कस्बे में रोडवेज बस स्टैंड निर्माण का मामला भाजपा सरकार की निकृष्ट मानसिकता को उजागर करता है।कस्बे के लोगों और सरकारी मशीनरी ने कई बार बबेरू विधानसभा के पूर्व विधायक विशंभर सिंह यादव से अनुरोध किया कि उनके पास उपलब्ध जमीन बस स्टैंड के लिए दी जाए,क्योंकि सरकारी स्तर पर जमीन की कमी थी।जनता की सुविधा और कालिंजर से जुड़े मध्य प्रदेश के लोगों की आसानी के लिए विशंभर सिंह यादव जी ने अपनी कीमती जमीन दान स्वरूप दे दी।यह उदारता और जनसेवा की मिसाल थी। लेकिन भाजपा सरकार और स्थानीय भाजपा विधायक की घिनौनी साजिश से उस जमीन पर शिलान्यास कराते समय दानदाता विशंभर सिंह यादव को जानबूझकर नहीं बुलाया गया। यह घोर अन्याय,कृतघ्नता और राजनीतिक प्रतिशोध की पराकाष्ठा है। जिन्होंने अपनी जमीन जनता के हित में दान की,उन्हें अपमानित करना भाजपा की आदत बन चुकी है। यह कूट रचित साजिश उन सभी लोगों की है जो समाजवादी पार्टी के नेताओं को नीचा दिखाना चाहते हैं।

# आयोजित हुई नवाचार पद्धति पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । बांदा

दिन शुक्रवार को इन्दिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल शहर में सीबीएसई से सम्बद्ध स्कूलों के शिक्षको है नई शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में शिक्षण में नवाचार पद्धति पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला एस0 चाँद पब्लिकेशन ग्रुप के सौजन्य से सकुशल सम्पन्न हुई।इस कार्यशाला में एस0 चाँद समूह की ओर से अनुभवी व प्रतिष्ठित प्रेरक वक्ता अनिकेत श्रीवास्तव व उनकी सहयोगी टीम के सदस्यों मनमीत कुमार जनरल मैनेजर (एस. चाँद पब्लिकेशन), मनीष राजौरिया सेल्स मैनेजर व गौरव राय उप प्राचार्य (एस. चाँद पब्लिकेशन) ने कार्यशाला को रोचक व प्रभावी प्रस्तुती से सफल बनाया कार्यशाला के प्रारम्भ में प्रबन्धक संत कुमार गुप्ता कार्यकारी प्रबन्धक डा. मनीष कुमार गुप्ता व दीपिका मनीष गुप्ता, सौदामिनी अमित कुमार गुप्ता व वैष्णवी गुप्ता संत तुलसी पब्लिक स्कूल डायरेक्टर जगनायक यादव प्राचार्या रीना ओमर व उप प्राचार्या डा. रिंकू सिंह सहित सभी स्कूलों के प्रतिनिधियों द्वारा माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया

इस अवसर पर बुन्देलखण्ड अनएडेड स्कूल एसोशिएसन की ओर से इस कार्यशाला में उपरोक्त विद्यालयों के प्रबन्धक / प्रधानाचार्यों की गरिमामय उपस्थिति व मार्गदर्शन में कार्यशाला संपन्न हुई।

## जिला पंचायत अध्यक्ष की टेण्डर प्रक्रिया के विरोध में सदस्यो ने खोला मोर्चा

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जिला पंचायत में अध्यक्ष और सदस्यों का विवाद थमने नाम ही नहीं ले रहा है। सबसे खास बात तो यह है कि भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यों का विरोध खुद पार्टी के ही सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत परिसर में स्थित अटल वाटिका में जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह की अगुवाई में सदस्यों ने अनशन शुरू कर दिया। इस दौरान भरत ने बताया कि पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जो टेण्डर निकाले गये थे। उसमें उनके क्षेत्रों में एक भी कार्य नहीं निकाला गया। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष पर मनमानी का भी आरोप लगाया है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धीरज राजपूत, नीरज प्रजापति, अभय प्रताप प्रिंस आदि मौजूद रहे।

## महिला टूर्नामेंट के फाइनल मैच में बनारस ने कानपुर को 36 रनों से हराया

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट:** जनपद में चल रहे सुभाष चैलेंज कप के राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच शुक्रवार को बनारस और कानपुर के बीच खेला गया। जिसमें बनारस ने कानपुर को कराकर यह मुकाबला 36 रनों से जीत लिया। मैच का शुभारम्भ दोनों टीमों की खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कराया गया। जिसमें बनारस ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 107 रन बनाए। जिसमें बनारस की तरफबल्लेबाजी करते हुए काजल ने 29 और अदिति ने 18 रन बनाए। कानपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए डिंपी ने दो पूजा ने एक विकेट लिया। 108 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम18.3 ओवर में मात्र 71 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कानपुर की तरफसे बल्लेबाजी करते हुए मीनू ने 19 और प्रिया ने 12 रन बनाए। बनारस की तरफसे गेंदबाजी करते हुए निक्की ने दो और ने 1 विकेट लिया। बनारस ने इस मुकाबले को 36 रन से जीत लिया। काजल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम बनारस को 25000 हजार रुपए नगद धनराशि और विजेता ट्राफी से पुरस्कृत किया गया। साथ ही उप विजेता रही कानपुर की टीम को 20000 रुपए नगद धनराशि ईनाम से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश पाण्डेय, समाजसेवी जीतेंद्र कुमार, पवन बद्री, शुभम केशरवानी, अंपायर अनुराग, करण पटेल, स्कोरर सौरभ नाहर, दीपक मिश्रा, कॉमेंटेटर लोकेश ठाकुर, मोशू खान, प्रदीप मणि त्रिपाठी, राजकुमार यज्ञिक आदि मौजूद रहे।

# एडीएम ने की रामायण मेला के विकास कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



अपर जिलाधिकारी न्यायिक व स्थानीय निकाय के प्रभारी अधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर परिसर में पर्यटन विकास के तहत हो रहे सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्यों के सम्बन्ध में बैठक की गयी। बैठक में एडीएम ने कार्यदायी संस्था को रामायण मेला से पूर्व विकास कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम ने कार्यदायी संस्था सी.एन.डी.एस. जल निगम (नगरीय) बाँदा को निर्देश दिए कि आगामी 15 फरवरी से 17 फरवरी तक परिसर में रामायण मेला समारोह का आयोजन किया जाना है, उसके पूर्व पर्यटन विकास के तहत किए जा रहे सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्यों का शीघ्र पूर्ण कराएं। निर्देशित किया कि आगामी बैठक में आर्किटेक्ट के साथ उपस्थित हो, जिससे रामायण मेला समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तालमेल व सहयोग से कार्य किया जा सकें। इस मौके पर राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर समिति के अध्यक्ष प्रशान्त करवरिया, महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी, संयुक्त निदेशक पर्यटन चित्रकूट एस.के. रावत, अभियन्ता अमन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन परिसर का भी भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने परेड में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए। साथ ही स्वास्थ्य लाभ के लिए परेड की दौड़ भी करायी। प्रतिसार निरीक्षक को सुधार के लिए निर्देशित किया तथा परेड में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों को अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में बताया। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा जाकर थानों से आए सभी दो पहिया व चार पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहन तथा अन्य वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को वाहनों की कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरक, सीपीसी कैन्टीन, मंदिर, भोजनालय व ऑर्मरी आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, प्रभारी आरटीसी शिवमूरत यादव, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भगवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर



जन एक्सप्रेस । बांदा

विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीपाल सिंह अपर जज/ सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण, विशिष्ट अतिथि शिवराज सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, तरुण कुमार खरे जिला संयोजक आरोग्य भारती जनपद एवं राशिद डीपीओ विधिक सेवा प्राधिकरण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने समस्त अतिथियों का बैच अलंकरण, शाल व गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया, साथ ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण ज्ञान अर्जित करने का सन्देश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। मुख्य अतिथि श्रीपाल सिंह ने बच्चों को गुड टच दबैड टच एवं पॉक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी तथा बच्चों को कहीं भी जाने से पूर्व परिवार के किसी सदस्य को अवश्य सूचित करने की सलाह दी।विशिष्ट अतिथि शिवराज सिंह, ने कंप्यूटर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मान्यता प्राप्त संस्थान से ही डिग्री अथवा डिप्लोमा करने की बात कही। उन्होंने 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सिर्फ अच्छी पढ़ाई, संतुलित आहार एवं अपनी अभिरुचियों को पूरा करते हुए अनुशासित जीवन अपनाने का संदेश दिया। तरुण कुमार खरे, ने बच्चों को स्वयं को सक्षम व आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट अंकित कुशवाहा ने अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन लक्ष्मी द्विवेदी द्वारा किया गया। अवसर पर विद्यालय से महेश कुमार प्रवक्ता एवं सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएससी संचालकों पर बड़ी कार्रवाई, नियमों की अनदेखी पर 63 सीएससी केंद्र बंद

**चित्रकूट:** जनपद में कॉमन सर्विस सेंटर (सी.एस.सी.) संचालकों के खिलाफआईटी मंत्रालय के निर्देश पर सख्त रुख अपनाया गया है। जिसके तहत जिले में मानक के अनुरूप कार्य न करने वाले 63 सी.एस.सी. जनसेवा केंद्रों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। सीएससी के जिला प्रबंधक अतुल कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई उन केंद्रों पर की गई है, जहां भारत सरकार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रॉपर ब्रांडिंग (सी.एस.सी. का बोर्ड) और रेट चार्ट (सेवाओं की मूल्य सूची) प्रदर्शित नहीं थी। कहा कि जिले में केवल वही सी.एस.सी. केन्द्र संचालित हो सकेंगे, जो पारदर्शिता के साथ काम करेंगे। जिन केंद्रों पर प्रॉपर ब्रांडिंग नहीं है और रेट लिस्ट नही लगी है, उन्हें चिन्हित कर बंद किया जा रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं के नाम पर होने वाली अतिरिक्त वसूली से बचाना और केंद्रों की पहचान को स्पष्ट करना है।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने वृद्धाश्रम में वितरित किए कंबल

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में विनायकपुर स्थित वृद्धा आश्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कर्वी द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वृद्धाश्रम के 60 वृद्धजनों को कंबल सहित इनर मोजा एवं कैप किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत वृद्धजनों को कंबल व ऊनी वस्त्रों के वितरण का कार्य सराहनीय है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करना चाहिए, जिससे वृद्धजनों का जीवन और अधिक सम्मानजनक बन सके। कहा कि वृद्धजन हमारे माता-पिता के समान हैं और उनकी सेवा करना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान डीएम ने आश्रम में रह रहे वृद्धजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन तत्पर है। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पात्र वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित किया जाए तथा एक सप्ताह के भीतर इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, ऐसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल, सचिव डॉ सुधीर अग्रवाल, सदस्य डॉ प्रमोद अग्रवाल, डॉ महेन्द्र अग्रवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जुड़कर हजारों परिवार बने आत्मनिर्भर

जन एक्सप्रेस । बांदा

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जुड़कर जनपद में हजारों लोग आत्मनिर्भर बने हैं।और जनवरी 2025 से अब तक 1412 लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ लिया है।और अपना उद्योग व सेवा क्षेत्र को बढ़ाने का काम किया है।वही इस योजना में लोगों की काफी रुचि भी देखने को मिल रही है और लगातार लोग इस योजना का लाभ लेने के लिए जुड़ रहे हैं। योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक का लोन लाभार्थियों को दिया जाता है।जिसके जरिए लाभार्थी अपना उद्योग या सेवा क्षेत्र शुरू कर सकते हैं।वही सरकार के द्वारा 10प्रतिशत की सब्सिडी भी दी जाती है।वहीं इस योजना की खास बात यह है कि बिना ब्याज व बिना गारंटी के ही 5 लाख रुपये तक का लोन लाभार्थी को दिया जाता है।और इसको 4 साल में लाभार्थी को चुकाना होता है। वहीं जिला उद्योग विभाग के द्वारा लोगों को इस योजना का लाभ मिले इसके प्रति प्रेरित करने का भी काम किया जा रहा है।दरअसल मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान भी कहा जाता है।और सरकार का लक्ष्य है कि 10 वर्षों में इस योजना के जरिए 10 लाख लोगों को लाभ दिया जाए यानी कि प्रत्येक वर्ष एक लाख लाभार्थियों को लाभ देने का सरकार के द्वारा काम किया जा रहा है।जिससे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21 से 40 वर्ष के युवा उद्योग या सेवा संबंधी उद्यम स्थापित कर स्वरोजगार युक्त बन सके। जिसके क्रम में 24 जनवरी 2025 से शुरू हुई इस योजना में जनपद में 31 दिसंबर 2025 तक 1412 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिया गया है। जिसमें 369 महिला लाभार्थी भी शामिल हैं जिन्होंने अपना उद्योग शुरू किया है या अपने सेवा क्षेत्र को बढ़ाया है।इस योजना से जुड़कर शहर के गायत्री नगर मोहल्ले के रहने वाले गुरु प्रसाद ने कोचिंग सेंटर की शुरुआत की है।तो वही बड़ोखर खुर्द गांव की रहने वाली हीरामणि ने क्लाउड किचन खोला है और टिफिन सर्विस के जरिए कमाई कर रही हैं। वहीं अमलोर गांव की रहने वाली मेघा सिंह ने ब्यूटी पार्लर खोला है।तो वही नगनेधी गांव की रहने वाली प्रीति ने आटा चक्की व स्पेलर उद्योग लगाया है।वहीं ऐला गांव के रहने वाले महंतलाल ने माटी कला उद्योग की शुरुआत कर दी है। और इन लोगों ने अपने साथ अन्य लोगों को भी जोड़ा है और रोजगार देने का काम किया है। इसी तरह अन्य लाभार्थियों ने भी इस योजना से जुड़कर अपने उद्योग या सेवा क्षेत्र की शुरुवात की है।जिला उद्योग विभाग के उपायुक्त गुरुदेव रावत व जिला प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह योजना 24 जनवरी 2025 से शुरू हुई थी और 31 मार्च 2025 तक 291 लाभर्थियों को योजना का लाभ दिलाया गया था। जिसमें 211 पुरुष व 80 महिला लाभार्थी शामिल हैं। वहीं 1 अप्रैल 2025 से 32 दिसंबर 2025 तक 1121 लाभर्थियों को योजना का लाभ दिलाया गया है। जिसमें 832 पुरुष व 289 महिला लाभार्थी शामिल हैं। इन्होंने बताया कि जनपद के लोग इस योजना से लगातार जुड़ रहे हैं और लगातार पंजीकरण कर रहे हैं और अभी तक लगभग 3000 लोगों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण करा लिया है।



**दंतेवाड़ा में 63 नक्सलियों ने किया सरेंडर...**

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। लोन वर्राटू अभियान के तहत आज 63 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें 18 महिला नक्सली भी शामिल हैं। यह घटना राज्य में नक्सलवाद के... पढ़ें पेज 12 पर...

# गौसेवा में समर्पित योगी सरकार, प्रदेश के 4366 गौ-आश्रय स्थलों पर सुदृढ़ निगरानी

- 65 जिलों के गौ-आश्रय स्थलों पर मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम लागू, शेष में प्रक्रिया जारी
- 20 जिलों के विकास भवनों में स्थापित केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से व्यवस्थाओं पर रखी जा रही सतत नजर
- ठंड, भोजन, उपचार और आश्रय की समुचित व्यवस्था, गोवंश संरक्षण को मिली रफ्तार



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गौ-आश्रय स्थलों पर लगातार निगरानी, प्रबंधन और सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेज गति से जारी है। प्रदेश के 75 जनपदों के कुल 6718 ग्रामीण गौ-आश्रय स्थलों में से 65 जनपदों के 4366 गौ-आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। बाकी जनपदों में भी निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किए जाने की कार्यवाही प्रक्रिया में है। साथ ही प्रदेश के हरदोई, आगरा, जालौन सहित 20 जनपदों के विकास भवनों में केंद्रीकृत निगरानी कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जिसके माध्यम से आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखी जा रही है।

### गो-आश्रय स्थलों को सरकार दे रही है मूलभूत सुविधाएं

योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। गौ-आश्रय स्थलों पर गोवंश के लिए शेड, स्वच्छ भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, खड़ंजा, भूसा भंडार गृह, उपचार कक्ष, प्रकाश और सोलर लाइट जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ और व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जा रहा है।

### 20 जनपदों में स्थापित निगरानी कंट्रोल रूम

पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गौ-आश्रय स्थलों की बेहतर निगरानी एवं व्यवस्था के समन्वय के लिए राज्य के 20 जनपदों के विकास भवनों में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। हरदोई, आगरा, जालौन, झांसी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, जौनपुर, अयोध्या, आजमगढ़, पीलीभीत, कौशांबी, शामली, बस्ती, अंबेडकरनगर, बलिया, एटा, अमरोहा, फर्रुखाबाद और चंदौली में ये कंट्रोल रूम कार्यरत हैं। शेष जनपदों में भी चरणबद्ध ढंग से यह व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी तंत्र मजबूत होने से गौवंश की देखभाल अधिक व्यवस्थित और जिम्मेदाराना ढंग से हो रही है। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो रही है।

### ठंड से किसी गोवंश की मृत्यु न हो

गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के साथ-साथ ठंड से सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थलों पर हरा चारा, तिरपाल, काउ-कोट, अलाव, औषधियां, उपचार सुविधा और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठंड अथवा अव्यवस्था के कारण किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो।

**धर्मांतरण मामला: अपर्णा यादव के आरोपों पर केजीएमयू प्रशासन का जवाब**

# सबसे कम समय में कार्रवाई की



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

केजीएमयू में महिला डॉक्टर के साथ यौन शोषण और धर्मांतरण मामले में कार्रवाई को लेकर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने केजीएमयू प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी डॉ. रमीज पर समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई और लगातार लापरवाही बरती गई जिससे कि एक मासूम अत्याचार का शिकार हुई। अपर्णा यादव शुक्रवार को केजीएमयू में मीडिया को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कुलपति सोनिया नित्यानंद को लेकर भी नाराजगी जताई। अपर्णा यादव ने कहा कि जब पीड़िता ने महिला आयोग जाने की बात कही तो उसे मना कर दिया गया जो कि गलत है। उन्होंने कहा कि क्या राज्य महिला आयोग एक संवैधानिक संस्था नहीं है। आज भी कुलपति ने मुझसे मुलाकात करने से इन्कार कर दिया।

### केजीएमयू प्रशासन ने प्रेस कांफ्रेंस कर दिया जवाब

अपर्णा यादव के आरोपों पर केजीएमयू प्रशासन की ओर से वीसी नित्यानंद ने भी प्रेसवार्ता की और आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि महिला आयोग की उपाध्यक्ष के सभी आरोप निराधार हैं। हमने सबसे कम समय में मामले में कार्रवाई की और विशाखा समिति की रिपोर्ट आने पर डॉ. रमीज मलिक को बर्खास्त करने की सिफारिश भी की है। अपर्णा यादव ने बिना अनुमति लिए केजीएमयू में प्रेस कांफ्रेंस की। उनके साथ लोग आए और हंगामा किया। हमने महिला आयोग की अध्यक्ष से पूछा तो अध्यक्ष ने कहा कि आयोग का काम धरना-प्रदर्शन करना नहीं है। अपर्णा यादव ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि केजीएमयू के परिसर में प्रवेश करने से उन्हें रोका गया और करीब 10 मिनट तक बाहर खड़ा रखा गया। इसके पहले हिंदू संगठनों के लोगों ने केजीएमयू के कुलपति के कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया और कार्यालय को बाहर से बंद कर दिया। उन्होंने केजीएमयू प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए।

# महिला की अर्द्धनग्न लाश मिली, शरीर पर चोट के निशान, पास में पड़ी थीं टूटी चूड़ियां

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार की सुबह अमावा जंगल में पुलिया के पास सड़क किनारे एक महिला का अर्द्धनग्न शव पड़ा मिला। पास में ही झोला, शराब के पाउच और टूटी चूड़ियां पड़ी थीं। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना बंथरा थाना क्षेत्र के अमावा जंगल की है। इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह के मुताबिक, महिला की उम्र करीब 50 साल के आसपास आंकी जा रही है। शरीर पर लाल रंग की जैकेट और पेटीकोट मौजूद था। कुछ दूरी पर एक टोपी तथा झोले में खाना और शराब का पाउच मिला है। पास में ही टूटी हुई चूड़ियां भी पड़ी थीं। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव की पहचान का प्रयास किया, पर शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने छानबीन के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला के माथे व सिर पर चोट के निशान हैं। बाएं पैर का पंजा गायब था। दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जंगली जानवरों ने पैर के पंजे को खा लिया है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का पता चलेगा

इंस्पेक्टर का कहना है कि ऐसा लग रहा है कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है। किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखा गया है। पहचान न होने पर 72 घंटे के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगी। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## इटौंजा पुलिस ने झपटमार कर मोबाईल पर्स छीनने वालें एक व्यक्ति को किया गिरफ़्तार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत राह चलते झपटामार कर मोबाइल फोन व पर्स चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गिरफ़्तार किया। बता दें कि स्थानीय क्षेत्र की एक वादिनी मुकदमा द्वारा थाना इटौंजा पर प्रार्थना पत्र दिया,कि दो अज्ञात लड़कों द्वारा पीछे से आकर उसका मोबाइल फोन व पर्स छीन कर मौके से भाग गए। पुलिस ने इस प्रार्थना पत्र के आधार थाना पर मु0अ0सं0-007/2026 धारा-304(2) बी.एन.एस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया।

# चारबाग में घरेलू गैस की खुली लूट

- रोज़ 35 सिलेंडरों से गैस चोरी, रेलवे क्रासिंग की आड़ में 'रीफिलिंग माफिया' बेखौफ
- नेहरू नगर मवैय्या में घरेलू सिलेंडरों से कामर्शियल सिलेंडर भरने का खेल, रोज़ 5 हजार की अवैध कमाई



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राजधानी लखनऊ के सबसे संवेदनशील इलाके के चारबाग में घरेलू रसोई गैस की खुलेआम लूट ने प्रशासनिक तंत्र की पोल खोल दी है। नेहरू नगर मवैय्या (टी-45) क्षेत्र में रेलवे क्रासिंग की आड़ में घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से कामर्शियल सिलेंडर भरने का खतरनाक खेल लंबे समय से चल रहा है—और जिम्मेदार अफसर आंख मूंदे बैठे हैं। सूत्रों के अनुसार भूषण गैस सर्विस से जुड़े हाकर बाबू कश्यप ठेकेदार अपने तीन सहयोगियों शिवलाल, रामचन्द्र और इदरीश के साथ मिलकर रोज़ाना 30 से 35 घरेलू सिलेंडरों की खेप मंगवाता है। इन सिलेंडरों को एकत्र कर चिन्हित ठिकानों पर ले जाया जाता है, जहां प्रत्येक सिलेंडर से 1 से 2 किलो गैस निकालकर उसे कामर्शियल सिलेंडरों में भरा जाता है।

### उपभोक्ताओं की गैस, माफिया की कमाई

पूरे खेल का हिसाब लगाया जाए तो प्रतिदिन 40 से 50 किलो गैस की चोरी की जा रही है। यह वही गैस है, जिसके लिए आम उपभोक्ता पूरी कीमत चुकाता है। इस अवैध धंधे से रोज़ाना 4 से 5 हजार रुपये की गैरकानूनी कमाई होने का अनुमान है।

### क्रासिंग पर गैस रीफिलिंग बड़ा हादसा कभी भी

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह अवैध रीफिलिंग रेलवे क्रासिंग जैसे अति-संवेदनशील इलाके में की जा रही है, जहां ज़रा-सी चूक बड़ा विस्फोट और जनहानि का कारण बन सकती है। बावजूद इसके न गैस एजेंसी पर कार्रवाई हुई, न सप्लाई रोकी गई।

### 'देखवाता हूं' कहकर जिम्मेदारी से बचे अफसर

जब इस पूरे मामले पर विधिक माप-तौल विभाग के सीनियर इंस्पेक्टर जगदीश मौर्य से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन पर सिर्फ इतना कहा 'डिपो पर जा रहा हूं ... देखवाता हूं।' सवाल यह है कि क्या उपभोक्ताओं की जान से खिलवाड़ करने वाले इस संगठित गैस माफिया पर सिर्फ 'देखवाता हूं' कह देना ही काफी है?

### प्रशासन की चुप्पी, माफिया की बेखौफी

यह मामला न सिर्फ गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता और संभावित मिलीभगत की भी ओर इशारा करता है। चारबाग जैसे व्यस्त इलाके में चल रहा यह खुला डाका कब तक यूं ही चलता रहेगा—अब यह बड़ा सवाल बन चुका है।

# विकसित भारत-जी राम जी के माध्यम से गांव, प्रदेश और देश के विकास का रोडमैप तैयार: केशव प्रसाद मौर्य

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ/आगरा**



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम के माध्यम से विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित गांवों की दिशा में ठोस रोडमैप तैयार किया गया है। इस अधिनियम के तहत ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। आगरा के खेरिया एयरपोर्ट पर आगमन के बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके उपरांत सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम-2025 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'जी राम जी' जनभागीदारी, राष्ट्रनिर्माण, मानवीय मूल्यों के साथ विकास और जनकल्याण की अवधारणा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को विकास मानकों के आधार पर ए, बी और सी श्रेणी में विभाजित किया जाएगा, जिससे सभी गांवों को समान विकास के अवसर मिलेंगे। पीएम गति शक्ति, जीआईएस और अन्य आईटी टूल्स के माध्यम से योजनाओं की प्रभावी निगरानी की जाएगी। जॉब कार्ड तीन वर्षों के लिए बनाए जाएंगे और श्रमिकों को साप्ताहिक पारिश्रमिक मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अधिनियम से गांवों से हो रहा पलायन रुकेगा, भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा और ग्रामीण क्षेत्रों का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा। मनरेगा के मौजूदा कर्मचारियों को इस नई व्यवस्था में बनाए रखा जाएगा। स्कूलों में अब बाउंड्रीवाल के साथ किचन शेड और प्रयोगशालाओं के निर्माण की भी अनुमति होगी। इसके बाद फतेहाबाद की ग्राम पंचायत पैंतीखेड़ा स्थित सती माता मंदिर प्रांगण में आयोजित ग्राम चौपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गांवों की गलियां भी शहरों की तरह विकसित होंगी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के तहत प्रदेश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की जानकारी दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधवा को मकान मालिक ने नशीला पदार्थ पिलाया...फिर की घिनौनी हरकत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

पीजीआई में किराये के मकान में रहने वाली विधवा से मकान मालिक डेयरी संचालक ने नशीला पदार्थ पिलाया कर दुष्कर्म किया। आरोपी उनको अश्लील वीडियो व फोटो के बल पर उनको डरा-धमका कर उनका यौन शोषण करने लगा। पीड़ित ने मकान छोड़ दिया तो आरोपी ने उनका पीछा नहीं छोड़ा। पीड़िता ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर डीसीपी से शिकायत की। पुलिस ने केस दर्ज कर शुक्रवार को आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर लिया। मूल रूप से निगोहां की रहने महिला के अनुसार, चार वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में पति की मौत हो गई थी। इसके बाद वह अपनी मां और पांच वर्षीय बेटी के साथ किराये पर रहकर आसपास के घरों में काम कर जीवन यापन कर रही थी। दो माह पहले उनकी ईश्वरीखेड़ा इलाके में पाल डेयरी संचालक अंकित पाल से मुलाकात हुई। अंकित ने मदद के नाम पर उनका अपना मकान किराये पर रहने के लिए दे दिया। पीड़िता के अनुसार, 11 दिसंबर को अंकित के भाई का तिलक समारोह था। रात करीब नौ बजे वह काम से लौटीं और कमरे में चली गईं। उनकी मां व बेटी गांव गए हुए थे। कुछ देर बाद आरोपी अंकित एक महिला के साथ उनके कमरे पहुंचा और कॉफी व खाना दिया। कॉफी पीते ही वह बेहोश हो गई। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उनकी अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए।

### वीडियो वायरल करने की देता था धमकी

अगली सुबह होश आने पर पीड़िता के शरीर पर चोट और खरोंच के निशान मिले। पीड़िता ने जब अंकित से शिकायत की तो आरोपी ने उनका फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उनका शारीरिक शोषण किया और कुछ रुपये भी धमका कर ऐंठ लिए। मानसिक रूप से टूट चुकी पीड़िता ने दो जनवरी को अंकित का कमरा छोड़ दिया। इस पर आरोपी ने फोन कर धमकियां देने लगा। आरोप है कि मवैया इलाके में आरोपी ने जबरन उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर पीजीआई के पास स्थित एक होटल ले जाकर फिर दुष्कर्म किया। डरी सहमी पीड़िता ने किसी तरह हिम्मत जुटाई और डीसीपी दाक्षिणी निपुण अग्रवाल से शिकायत की। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि डीसीपी के आदेश पर बृहस्पतिवार को आरोपी अंकित के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया है।

# गौसेवा में समर्पित है योगी सरकार

- प्रदेश के 4366 गौ-आश्रय स्थलों पर सुदृढ़ निगरानी
- 65 जिलों के गौ-आश्रय स्थलों पर मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम लागू

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गौ-आश्रय स्थलों पर निगरानी, प्रबंधन और सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेज गति से जारी है। प्रदेश के 75 जनपदों के 6718 ग्रामीण गौ-आश्रय स्थलों में से 65 जनपदों के 4366 गौ-आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। बाकी जनपदों में निगरानी तंत प्रदेश के हरदोई, आगरा, जालौन सहित 20 जनपदों के विकास भवनों में केंद्रीकृत निगरानी कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जिसके माध्यम से आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखी जा रही है।योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। गौ-आश्रय स्थलों पर गोवंश के लिए शेड, स्वच्छ भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, खड़ंजा, भूसा भंडार गृह, उपचार कक्ष, प्रकाश और सोलर लाइट जैसी सुविधाओं को सुदृढ़, व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जा रहा है।पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गौ-आश्रय स्थलों की बेहतर निगरानी एवं व्यवस्था के समन्वय के लिए राज्य के 20 जनपदों के विकास भवनों में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। हरदोई, आगरा, जालौन, झांसी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, जौनपुर, अयोध्या, आजमगढ़, पीलीभीत, कौशांबी, शामली, बस्ती, अंबेडकरनगर, बलिया, एटा, अमरोहा, फर्रुखाबाद और चंदौली में ये कंट्रोल रूम कार्यरत हैं। शेष जनपदों में भी चरणबद्ध ढंग से यह व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी तंत्र मजबूत होने से गौवंश की देखभाल अधिक व्यवस्थित, जिम्मेदाराना ढंग से हो रही है। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो रही है।गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के साथ-साथ ठंड से सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थलों पर हरा चारा, तिरपाल, काउ-कोट, अलाव, औषधियां, उपचार सुविधा और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठंड अथवा अव्यवस्था के कारण किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो।

# यूपी बना हरित परिवहन और निवेश का नया केंद्र

- लखनऊ में अशोक लेलैंड का इलेक्ट्रिक वाहन संयंत्र शुरू
- योगी सरकार के सहयोग से रिकॉर्ड समय में तैयार हुआ संयंत्र: धीरज हिंदुजा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ में शुक्रवार को वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड के नवीन विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के साथ ही वाहन निर्माण और औद्योगिक विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई। यह संयंत्र विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन पर केंद्रित है, जिससे लखनऊ को हरित औद्योगिक मानचित्र पर एक नई पहचान मिलने जा रही है। अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि योगी सरकार के सहयोग और प्रशासनिक तत्परता के कारण रिकॉर्ड समय में इस संयंत्र को तैयार किया जाना संभव हो सका। अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में यह कंपनी का पहला विनिर्माण संयंत्र है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि औद्योगिक विकास और निवेश के लिए प्रदेश में एक सुदृढ़ और भरोसेमंद तंत्र तैयार किया गया है। आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, मजबूत कनेक्टिविटी, प्रभावी कानून व्यवस्था और जवाबदेह प्रशासन आज उत्तर प्रदेश की पहचान है, उद्योगपतियों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। प्रदेश में निवेश के साथ ही इससे बड़ी संख्या में रोजगार का भी सृजन होगा। परियोजना को धरातल पर उतारने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्पष्ट नीति और मजबूत नेतृत्व के साथ कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश 'फियरलेस बिजनेस', 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' के लिए जाना जाता है। अशोक लेलैंड की स्थापना वर्ष 1948 में हुई थी और आज कंपनी 15 देशों में भारतीय विनिर्माण क्षमता और तकनीकी सामर्थ्य का वैश्विक स्तर पर प्रतिनिधित्व कर रही है।धीरज हिंदुजा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्षा तंत्र की मजबूती और स्थायित्व से देश में निवेश का भरोसेमंद वातावरण बना है। उन्होंने केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व में उद्योगों के लिए विकसित सकारात्मक माहौल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस और प्रभावी पहल की जा रही है।

# असीमित संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बना यूपी: योगी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

- मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री संग किया अशोक लेलैंड कंपनी के नवीन इलेक्ट्रिक व्हीकल विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन
- 2017 के पहले उपद्रव से ग्रस्त था, वह अब उत्सव का प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ शुक्रवार को अशोक लेलैंड कंपनी के इलेक्ट्रिक व्हीकल ईवी विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने फैक्ट्री का निरीक्षण किया और सिंदूर-रुद्राक्ष के पौधे भी रोपे। सीएम योगी ने निवेश के लिए हिंदुजा परिवार को शुभकामनाएं दीं और यूपी सरकार पर विश्वास के लिए आभार जताया। यूपी के लिए यह निवेश अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2017 के पहले यूपी की अराजकता किसी से छिपी नहीं थी, निवेशक पलायन कर रहे थे परंतु 2017 में सरकार में आने पर हमने कहा किअनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है। अपने राजनैतिक स्वार्थ के लिए कुछ लोगों ने इसे बदनाम किया, लेकिन यूपी अब अनलिमिटेड पोटेंशियल यानी संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन गया है। पिछले आठ-साढ़े आठ साल में हुआ परिवर्तन इसका उदाहरण है। यह समारोह प्रदेश के प्रति उद्योगों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। इस इकाई की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता अभी 2500 यूनिट प्रति वर्ष है। इसे चरणबद्ध ढंग से 5000 यूनिट प्रतिवर्ष तक बढ़ाना है। यह परियोजना यूपी के औद्योगिक विकास व पर्यावरण संरक्षण के प्रति पीएम की प्रतिबद्धता और हम सभी के दृढ़ विश्वास का प्रतीक भी है। जब दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग व ग्लोबल कूलिंग से त्रस्त है। तमाम आपदाएं चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। उन स्थितियों में हम सब भी अपने आप को तैयार कर सकें, यह इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट इस दिशा में किए जाने वाला प्रयास का एक हिस्सा है। इसमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रदेश के हजारों युवाओं के लिए नौकरी व रोजगार की संभावनाएं भी विकसित हुई हैं। आज यूपी के सभी 75 जनपदों में निवेश हो रहा है। सीएम ने बेहतर कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए बताया कि देश के एक्सप्रेसवे का 55 फीसदी एक्सप्रेसवे यूपी के पास है। देश में सर्वाधिक शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों व मेट्रो का संचालन यूपी में हो रहा है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क यूपी के पास है। देश में बन रहे दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर यूपी से होकर जा रहे हैं। इन पर यूपी का लॉजिस्टिक टर्मिनल व लॉजिस्टिक एंड ट्रांसपोर्ट हब को भी विकसित करने का कार्य हो रहा है। देश में पहली रैपिड रेल व वाटर वे का संचालन भी यूपी में हो चुका है। 2017 के पहले यूपी पहचान का मोहताज और उपद्रव से ग्रसित था, लेकिन आज यूपी उत्सव का प्रदेश है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि इसने खुद को रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया है। दृढ़ निश्चय से लिए गए फैसले, साफ नीयत व स्पष्ट सोच के कारण 'फियरलेस बिजनेस ', 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' नए यूपी की पहचान बन चुके हैं। यहां पर कोई निवेशक पॉलिसी पैरालिसिस का शिकार नहीं हो सकता। यूपी में अब 34 सेक्टरियल पॉलिसी हैं, जिनके माध्यम से निवेशक किसी भी सेक्टर में निवेश करके यूपी की विकास यात्रा में योगदान दे सकते हैं। सीएम योगी ने पीएम मोदी के विजन-2047 का जिक्र किया और कहा कि हर देशवासी ने भारत को विकसित-आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। यह प्लांट मेक इन इंडिया के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के पीएम मोदी के संकल्प को बढ़ाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। यूपी आज 'इंडस्ट्री फर्स्ट, इन्वेस्टर्स फर्स्ट' के दृष्टिकोण से देश-दुनिया के हर निवेशक का महत्वपूर्ण पसंदीदा स्थल बन चुका है। पिछले 8-9 वर्ष में यूपी में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए। इसमें से 15 लाख करोड़ के प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। अगले महीने छह लाख करोड़ के अन्य निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग की जाएगी। पांच लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव अभी पाइपलाइन में और हैं, जिनकी यूपी में ग्राउंड ब्रेकिंग कराई जाएगी। यूपी देश की जीडीपी में 9.5 प्रतिशत का योगदान कर रहा है। यूपी की जीएसडीपी इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 36 लाख करोड़ की हो जाएगी।

# प्रभारी मंत्री ने प्रेस वार्ता कर जी राम जी योजना के विषय में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों विशेष कर जी राम जी योजना के क्रियान्वयन का जायजा लिया उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए जी राम जी योजना पर विस्तार से जानकारी दी ।

जानकारी के अनुसार 9 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने पत्रकारों से कहा कि गांव विकसित होने पर ही राष्ट्र विकसित होगा। जी रामजी योजना से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को 125 दिनों का गारंटी काम मिलेगा। 2047 तक विकसित भारत बनाने का विजन प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। गांव के विकास से ही देश का विकास संभव है। कांग्रेस पूरे देश में जी रामजी योजना पर भ्रम फैलाने का काम कर रही है। कैबिनेट मंत्री श्री सचान ने कहा कि मनरेगा में जॉब कार्ड, भुगतान सहित फर्जीवाड़े की शिकायतें लम्बे समय से चली आ रही थीं। भाजपा सरकार ने कैबिनेट में जी रामजी योजना विधेयक पास कराकर ग्रामीणों को रोजगार की गारंटी दी है। मनरेगा में सिर्फ कच्चे कार्य कराए जा रहे थे। जिसका फर्जी पेमेंट के आधार पर बंदरबांट कर लिया जाता था। गांव के विकास से ही जनपद का विकास तथा राष्ट्र का विकास संभव है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को 125 दिनों का काम गारंटी के साथ दिया जाएगा। कृषि के समय ही काम नहीं कराया जाएगा। जी रामजी योजना में एक सप्ताह के भीतर भुगतान कराया जाएगा। एक सप्ताह के बाद भुगतान न होने पर ब्याज लगाकर भुगतान किया जाएगा। केन्द्र सरकार ने अपने बजट में 1.51 लाख करोड़ रुपये जी रामजी योजना शामिल किया है। इस योजना में 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार व 40 प्रतिशत राज्य सरकार की भूमिका रहेगी। नार्थ ईस्ट के पहाड़ी क्षेत्रों में केन्द्र सरकार 90 प्रतिशत व राज्य सरकार 10 प्रतिशत खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि गांवों में बारात घर सहित अन्य पक्के कार्य कराए जाएंगे। जिसकी निगरानी ब्लाक व जनपद स्तर पर की जाएगी। महात्मा गांधी के राम राज्य के परिकल्पना को भाजपा सरकार पूरा कर रही है। गांव आत्मनिर्भर बनने से लोगों को पलायन बंद होगा। तथा आम लोगों को जी रामजी योजना से लाभ मिलेगा। मनरेगा फर्जीवाड़े के चलते अपने मुख्य उद्देश्य से भटक गया है। कांग्रेस देश की जनता को जी रामजी योजना के प्रति गुमराह कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, गैसड़ी पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, नपाप अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष आंधी प्रसाद निषाद, सुहेदेव भारतीय समाज पार्टी जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी डीपी सिंह व मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय मौजूद रहे।

# चाकू की नोक पर लूट

जन एक्सप्रेस | अमेठी

अमेठी कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर शाम बदमाशों ने कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया।किराना व्यवसायी को चाकू की नोंक पर अगवा कर बदमाश उसे रामनाथपुर गांव के पास सुनसान इलाके में ले गए।और 35 हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए।घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा गांव निवासी किराना व्यापारी दूधनाथ गुरुवार देर शाम करीब सात बजे अपनी बिक्की एक्सएल 100 से अमेठी बाजार किराना सामान लेने जा रहे थे।बाईपास के पास एक चाय की दुकान पर रुकते ही दो अज्ञात युवकों ने चाकू निकाल कर उन्हें धमकाया और जबरन उनकी बाइक पर बैठ गए। आरोपियों ने व्यापारी को रामनाथपुर गांव के पास एकांत स्थान पर ले जाकर उनकी जेब में रखे 35 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन छीन लिए और मौके से फरार हो गए।

# केमिकल डिवीजन मिल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



शुक्रवार को डीएम विपिन कुमार जैन द्वारा चीनी मिल के केमिकल डिवीजन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केमिकल डिवीजन में संचालित प्रक्रियाओं, सुरक्षा मानकों, रसायनों के भंडारण तथा उनके उपयोग की व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने केमिकल डिवीजन में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रसायनों के सुरक्षित भंडारण, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के पालन एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किए जाने पर विशेष जोर दिया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने केमिकल डिवीजन की कार्यप्रणाली को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्पादन गुणवत्ता के साथ-साथ सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग के माध्यम से व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पद्म भूषण जानकी देवी बजाज की पुण्यतिथि पर किया गया नमन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



बलरामपुर के उतरौला तहसील क्षेत्र अंतर्गत इटई मैदा में स्थापित बजाज हिंदुस्तान शुगर कंपनी के बजाज समूह की पद्म विभूषण से सम्मानित जानकी देवी बजाज की 133वीं जयंती अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया । शुगर मिल तथा पावर डिविजन के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित गणमान्य लोगों जानकी देवी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया ।

जानकारी के अनुसार 9 जनवरी को दश की स्वतंत्रता, सामाजिक पुनर्जागरण और नैतिक मूल्यों की मजबूत आधारशिला रखने वाली पद्म विभूषण जानकी देवी बजाज की 133वीं जयंती के अवसर पर बजाज समूह की औद्योगिक इकाइयों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। बजाज शुगर फैक्ट्री एवं बजाज एनर्जी पावर प्लांट, उतरौला में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान जानकी देवी बजाज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया गया। वक्ताओं ने उन्हें सादगी, साहस और निःस्वार्थ राष्ट्रसेवा की जीवंत प्रतिमूर्ति बताते हुए उनके जीवन को भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में बजाज शुगर के इकाई प्रमुख श्याम सिंह, बजाज एनर्जी पावर प्लांट के इकाई प्रमुख समीर सावंत, इंजीनियरिंग हेड डी.पी.एस. यादव, प्रोडक्शन हेड राघवेंद्र श्रीवास्तव, एचआर हेड (पावर) प्रमोद त्रिपाठी, एचआर हेड (शुगर) बृजेश मंडल, लीगल हेड अशोक पांडे एवं कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के.पी. सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कंपनी के संरक्षक शिशिर बजाज ने अपने जारी संदेश में कहा कि जानकी देवी बजाज का जीवन गांधीवादी मूल्यों, अनुशासन और करुणा से ओतप्रोत था। उन्होंने स्वदेशी, खादी और सादे जीवन को अपनाकर स्वयं को नारी सशक्तिकरण, ग्रामीण उत्थान और समाजसेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनकी नैतिक दृढ़ता आज भी बजाज समूह के 'राष्ट्र निर्माण' के दर्शन को दिशा देती है। 7 जनवरी 1893 को मध्य प्रदेश के जावरा में जन्मीं जानकी देवी बजाज स्वतंत्रता संग्राम से सक्रिय रूप से जुड़ी रहीं। उन्होंने महिला शिक्षा, सामाजिक समानता, पशु कल्याण और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे भूदान आंदोलन से भी जुड़ी रहीं तथा अखिल भारतीय गौसेवा संघ की अध्यक्ष रहीं। वर्ष 1956 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी आत्मकथा ÷मेरी जीवन यात्रा÷ उनके सादे, अनुशासित और मूल्य-आधारित जीवन का सशक्त दस्तावेज है।

# एमडीएम के 11 करोड़ गबन के आरोप में दो अभियुक्त गिरफ्तार, सात की पहले हो चुकी गिरफ्तारी

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर पुलिस ने शुक्रवार को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर मध्यान्ह भोजन योजना का ग्यारह करोड़ से अधिक सरकारी धन का गबन करने की घटना के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 9 जनवरी को जानकारी दी कि 26 नवंबर 2025 को शुभम शुक्ला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद बलरामपुर की जांचोपरान्त तहरीर दिया गया कि आरोपियों द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना (डीसी एमडीएम) द्वारा कई व्यक्तियों के साथ मिलीभगत कर सरकारी दस्तावेजों में हेराफेरी करते हुये प्रथम दृष्टया ग्यारह करोड़ से अधिक सरकारी धन का गबन करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में पूर्व में गिफ्तार डीसी एमडीएम फिरोज अहमद खान सहित 45 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है । उन्होंने बताया कि 09 जनवरी 2026 को शेष अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मिलने के संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी कि अभियुक्त नूरुल हसन खान पुत्र करम हुसैन खान निवासी त्रिकोलिया थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर व गुलाम गौसुल बरा पुत्र अब्दुल रशीद निवासी गुलरिहा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को बिजलीपुर बाईपास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया । बताते चलें कि इस प्रकरण में 07 अभियुक्तों (फिरोज अहमद पुत्र जहीउद्दीन निवासी बरगदवा सैफ थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर, अशोक कुमार गुप्ता पुत्र बाबूलाल गुप्ता निवासी बलुआ बलुई थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर, नसीम अहमद पुत्र लाल मोहम्मद निवासी चयपुरवा थाना गैसड़ी जनपद बलरामपुर, मो0 अहमदुल कादरी पुत्र मो0 हफीजुल्ला नईमी निवासी मध्यनगर थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर, मलिक मुन्नवर पुत्र मलिक भिखुल्लाह निवासी धुसवा पो0 इटईरामपुर थाना गैड़ास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर, साहेबराम पुत्र कन्हैया यादव निवासी हरिहर नगर थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर तथा दानिश पुत्र मोबीन निवासी महराजगंज तराई थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर) की पूर्व में भी गिरफ्तारी हो चुकी है । अभियुक्त नूरल हसन खां, गुलाम गौसुल बरा ने पूछताछ में बताया की हम दोनों लोग फिरोज अहमद खां जिला समन्वयक, मध्यान्ह भोजन योजना (डीसी एनडीएम) बलरामपुर के साथ मिलकर बेसिक शिक्षा विभाग के आई0वी0आर0एस0 पोर्टल से विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या को ज्ञात करके छात्रों की संख्या के सापेक्ष शासन द्वारा निर्धारित कन्वर्जन कास्ट के गुणान्क में धनराशि की गणना कर एक्सल सीट तैयार की जाती थी तथा बीएसए से अग्रसारित कराकर वित्त लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा से परीक्षित कराकर स्वीकृति हेतु जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाती थी। एक्सल सीट को जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दिये जाने के उपरान्त उस एक्सल सीट को पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाना चाहिए, ताकि एक्सल सीट पर अंकित धनराशि विद्यालयों के खाते में पहुँच जाय, परन्तु इस स्तर पर मूल एक्सल सीट को अपलोड न करके अपने सहयोगी विद्यालयों के खातों में अंकित धनराशि को बढ़ाकर उसी बढ़ायी हुयी धनराशि के सापेक्ष धनराशि अन्य विद्यालयों के खातों से कम कर दी जाती थी, जिससे जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित धनराशि में कोई अंतर नहीं आता था। इस प्रकार कूट रचना के फलस्वरूप जिन विद्यालयों में धनराशि बढ़ाकर भेजी जाती थी, उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान व अभिभावक समिति के अध्यक्ष द्वारा धनराशि को निकालकर आपस में बांट लिया जाता था। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, उ0नि0 सन्तोष कुमार सिंह थाना को0 नगर बलरामपुर, हे0का0 जयमंगल यादव थाना को0 नगर बलरामपुर, का0 मो0 शाहिद थाना को0 नगर बलरामपुर तथा का0 कमलेश यादव थाना को0 नगर बलरामपुर शामिल थे।

# विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



प्रदेश सरकार में मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान जनपद केब एकदिवसीय भ्रमण पर पहुँचे। इस दौरान मंत्री की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विधायक सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष बलरामपुर धीरू सिंह, निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू , जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री ने जल जीवन मिशन की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम तथा मजरों तक हर घर नल से जल लक्ष्य को प्राथमिकता के आधार पर, गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, पाइपलाइन बिछाने के उपरांत सड़कों की मरम्मत/दुरुस्तीकरण तत्काल कराने,पेयजल की गुणवत्ता परीक्षण व्यवस्था सुदृढ़ रखने, जलापूर्ति में बाधा आने पर त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन सीधे जनस्वास्थ्य से जुड़ा है, अतः इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम-कुसुम योजना, 15वां वित्त आयोग, 5वां राज्य वित्त आयोग, निवेश मित्र पोर्टल, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

50 लाख रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों की अलग से समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निर्माणाधीन माँ पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा गया। प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ग्राम एवं विधानसभा स्तर पर कैंप लगाकर अधिक से अधिक युवाओं को ऋण एवं रोजगार से जोड़ने पर बल दिया गया। इको-पर्यटन विकास हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार कर चरणबद्ध क्रियान्वयन तथा सौभाग्य योजना फेज-03 के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। गौवंश टीकाकरण, निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शीतलहर प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत रैन बसेरा, अलाव एवं कंबल वितरण की समीक्षा करते हुए ठंड से बचाव हेतु समुचित व सतत व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान, 70 वाहनों पर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | अमेठी

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद के विभिन्न स्थानों पर 'नोहेलमेट,नो फ्यूल' विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं और मृतकों की संख्या में कमी लाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों एवं सहयात्रियों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया।यात्री कर अधिकारी दिनेश रावत के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने सघन जांच अभियान चलाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की। इस दौरान हेलमेट न पहनने पर 18,सीट बेल्ट के 8, माल वाहनों के फिटनेस,बीमा व बकाया कर के 5,ई-रिक्शा के फिटनेस व बीमा के 16, रॉन्ग साइड के15तथा नो पार्किंग के 8 चालान किए गए। कुल

# जरुतमंदों की सेवा करना मेरा संस्कार: अतुल सिंह

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



विधानसभा ऊंचाहार के बाबूगंज में विशाल कंबल वितरण एवं तहरी भोज का आयोजन किया गया जिसमें 600 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी व प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने कहा कि मैं हमेशा आप सब की सेवा में लगा रहता हूं और मेरा हमेशा प्रयास रहता है की मेरी विधानसभा ऊंचाहार का कोई व्यक्ति परेशान ना हो। आज इतनी ठंड में भी इतनी बड़ी संख्या में आप सब आए हैं। मैं आप सबको देखकर अभिभूत हूं कि आप सबका आशीर्वाद हमको मिल रहा है। सभी को चाहिए इस ठंड में की जरूरतमंदों को कंबल दे। सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक को मैंने कभी नहीं देखा कि किसी जरूरतमंद को कभी कोई मदद किया हो। आज क्षेत्रीय विधायक की निष्क्रियता के कारण ऊंचाहार की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इतनी ठंड में लोग आवारा पशुओं से अपनी फसलों को बचाने के लिए खेतों में पड़े रहते हैं। सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता का दुर्भाग्य है की सुल्तानपुर से आकर विधायक तो बन गए पर जनता की समस्याओं से इनका कोई लेना-देना नहीं। मोदी सरकार बाबा साहब भीम अंबेडकर के बने संविधान और भारत की संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने का प्रयास लगातार कर रही है, जिसको बचाने के लिए जननायक राहुल गांधी जी लगातार संघर्ष कर रहे हैं, प्रियंका गांधी जी आप सब की लगातार चिंता करती हैं और आप सबके बारे में हमेशा पूछती रहती हैं। आज अगर मैं विधायक होता तो आपको जिस तरह सड़क, बिजली, पानी के लिए तरसना पड़ता है वह समस्या से आपको निजात दिलाता। इससे पहले सिंह का सैकड़ो लोगों ने चडरई टोल पर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक गोलू अग्रहरि ने मुख्य अतिथि को माला पहना कर स्वागत किया एवं धन्यवाद व्यापित किया।

# एसएसबी 9वीं वाहिनी ने अवैध रूप से काटी गई सागौन की लकड़ी किया बरामद



जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी के जवानों ने शुक्रवार को सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध रूप से काटी गई सागौन की लकड़ी बरामद किया है । इस संबंध में अज्ञात के नाम मुकदमा दर्ज किया गया है ।

एसएसबी 9वीं वाहिनी मुख्यालय से 9 जनवरी को मिली जानकारी के अनुसार 09 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट अवैध वन उत्पादों की तस्करी को रोकते हुए महत्वपूर्ण कार्रवाई की। एसएसबी को सोर्स द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर, जी समवाय खंगरा नाका के कार्य क्षेत्र में ग्राम फुलवरिया (अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 13.5 किलोमीटर दूर) में अवैध रूप से काटी गई सागवान की लकड़ी के बारे में जानकारी मिली। इसकी सूचना तत्काल बनकटवा वन विभाग को दी गई। कंपनी से क्विक रिएक्शन टीम (त्त्क्रञ्ज) तथा वन विभाग के कार्मिक संयुक्त रूप से फुलवरिया गांव पहुंचे, जहां पहले से काटकर छिपाई गई सागौन की लकड़ी (70 बोटा) बरामद की गई। नजदीकी ग्रामीणों से पूछताछ करने पर किसी ने इसके बारे में जानकारी नहीं दी। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 के तहत केस दर्ज कराया गया है। सशस्त्र सीमा बल सीमा सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति कटिबद्ध है और ऐसी अवैध गतिविधियों पर कड़ा प्रहार करता रहेगा।

# थाने से चंद कदम पर पूरी रात खनन नियमों की आड़ में सफाई

जन एक्सप्रेस | अमेठी

जनपद में शिवरतनगंज थाने से चंद कदम की दूरी पर पूरी रात ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी की खुदाई का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना किसी वैध अनुमति के अवैध खनन किया गया,जबकि विरोध करने पर उन्हें धमकाया भी गया।शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पेड़ारा गांव में रात भर खनन का कार्य चलता रहा।पीड़ित सुनील चौरसिया के अनुसार विरोध करने पर ट्रैक्टर मालिक बृजेश कुमार मौर्य पुत्र बसंतलाल मौर्य और लवकुश पुत्र राधेश्याम ने बदतमीजी करते हुए देख लेने की धमकी दी।आरोप है कि मौके पर मौजूद थाने के एक सिपाही ने भी धमकाने जैसा व्यवहार किया।मामले को लेकर जब शिवरतनगंज थाना प्रभारी से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार निजी कार्य के लिए 2 फुट तक मिट्टी की खुदाई की जा सकती है।

# पांच लाख के आभूषणों के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र में हुई घर में चोरी के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के कीमती आभूषण व नकदी बरामद की है।बरामद सामान की कुल कीमत करीब 5 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। पकड़े गए आरोपित के विरुद्ध शहर कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट व गुंडा एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।शहर कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि चोरी का जेवर बेचने जा रहे चोर को शहर के रेतीराम तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया । जांच में उसके पास से पांच लाख के अधिक के ल गहने बरामद किये गए हैं। पूछताछ में उसकी पहचान चक दौलताबाद पुलिस लाइन चौराहा निवासी संदीप सोनकर के रूप में हुई। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ किया तो उसने शहर कोतवाली के आशियाना विकास नगर में हुई चोरी में शामिल होने की बात कबूल किया।

# रामलीला मैदान में सत्संग का हुआ आयोजन

नसीराबाद थाना क्षेत्र के रामलीला मैदान में संत निरंकार का सत्संग का आयोजन हुआ इस आयोजन में सैकड़ो की संख्या में माताएं बहने और पुरुष उपस्थित रहे सभी ने सत्संग सुना रहे सत्संग गुरु ने कहा कि आत्म मंथन का एक ही सार सतगुरु ही आदर्श सतगुरु ही आधार जिसकी भक्ति जिसकी पूजा उसका ज्ञान जरूर है कहीं हरदेव की सबसे पहले ईश्वर की पहचान जरूर है आदि सत्संग में प्रेरणादायक बातें बताई इस कार्यक्रम में संत धन निरंकार के कार्यकर्ताज..

सत्संग सुनने के बाद सैकड़ो की संख्या में लोगो ने भंडारे मे प्रसाद ग्रहण किया ।कार्यक्रम में लगभग एक हजार महिला पुरुष की भागीदारी रही।सारा कार्यक्रम अनुशासन की भूमिका में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम पवन कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष राम लीला कमेटी नसीराबाद की देखरेख में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की मुख्य भूमिका में रिपन मलिक,डबलू,राजेश कुमार सोनी,दयाराम,जमाल अहमद,सोनू मौर्य,पवन कुमार मौर्य आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश: नेवादा टोल पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





■ 50 हेलमेट वितरण, नेत्र परीक्षण व दो नई एम्बुलेंस को किया गया रवाना

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं। इन्हीं दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा थीम पर व्यापक जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के निर्देशों के क्रम में बिठूर-कानपुर हाइवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नेवादा टोल प्लाजा, शिवराजपुर में विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, कानपुर के प्रबंधक (तकनीकी) मोहम्मद जैद रहे। विशेष अतिथि के रूप में डीएसपी कपिल देव सिंह तथा विशिष्ट अतिथि आरटीओ राहुल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसीपी बिल्हौर मंजय सिंह, एआरटीओ कहकशा खातून, एसएचओ शिवराजपुर, एसएचओ अरौल सहित यातायात व पुलिस विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद दोपहिया वाहन चालकों को 50 हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही टोल प्लाजा से गुजरने वाले चालकों का नेत्र परीक्षण कराया गया तथा वाहनों पर उच्च गुणवत्ता वाले रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।मुख्य अतिथि मोहम्मद जैद ने कहा कि सड़क पर निकलने वाला हर व्यक्ति केवल अपने लिए नहीं, बल्कि अपने पूरे परिवार की जिम्मेदारी लेकर चलता है। घर पर माता-पिता, पत्नी, बच्चे और परिजन सुरक्षित वापसी की प्रतीक्षा करते हैं, इसके बावजूद बिना हेलमेट, तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन रहा है। नियम जानते हुए भी उनकी अनदेखी करना अत्यंत चिंताजनक है। इस अवसर पर बिठूर-कानपुर हाइवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दुर्घटना की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए दो नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।डीएसपी कपिल देव सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में निरंतर कमी लाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन ही सुरक्षित सड़क व्यवस्था की मजबूत नींव है। उन्होंने आमजन से अपील की कि सड़क सुरक्षा को केवल अभियान नहीं, बल्कि अपनी दैनिक आदत बनाएं।परियोजना प्रबंधक आलोक सिन्हा एवं संदीप तोमर ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार पूरे माह प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें स्कूलों में स्लोगन, प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग प्रतियोगिताएं, रैली, नुक्कड़ नाटक, चालकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता प्रदर्शनी शामिल होंगी।कार्यक्रम का संचालन सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अवार्ड से सम्मानित फिरोज़ खान द्वारा किया गया। इस अवसर पर भास्कर, हरिकांत, रोहित चौहान, पीयूष, यशवंत सहित हाइवे प्रबंधन के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंच प्यारों की अगुवाई ने निकाली गई गुरूगोविन्द सिंह की पालकी

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

श्री गुरु गोविंद सिंह के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरु सिंह सभा सिधौली के नेतृत्व में कस्बे में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य नगर कीर्तन (शोभायात्रा) निकाली गई। नगर कीर्तन का शुभारंभ स्थानीय गुरुद्वारा साहिब से अरदास के साथ हुआ। पंच प्यारों की अगुवाई में फूलों से सुसज्जित पालकी में गुरु ग्रंथ साहिब विराजमान रहे। शोभायात्रा गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर तहसील रोड, डाक बंगला, बिसवां चैराहा, जी.टी. रोड होते हुए महमूदाबाद चैराहा पहुंची, जहां से तहसील तिराहा होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब पर संपन्न हुई।यात्रा के दौरान महिलाओं ने मार्ग पर झाड़ू लगाकर सेवा की, वहीं जगह-जगह पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत धार्मिक झांकियां और प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं। साध संगत के ÷जो बोले सो निहाल÷ के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। सायंकाल गुरुद्वारा सिंह सभा में विशेष दीवान सजाया गया तथा नगर कीर्तन की समाप्ति पर विशाल लंगर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल की मुस्तैदी से व्यवस्था और यातायात सुचारू रहा। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के पदाधिकारी, सेवादार तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीएम के निरीक्षण में बीडीओ को मिली प्रतिकूल प्रविष्ट रोका एक साल का वेतन

### जेई को प्रतिकूल प्रविष्ट लापरवाहो को मिली फटकार



जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी की सर्विसबुक, जी0पी0एफ0 पासबुक, ई0एल0 आदि का अवलोकन किया। साथ ही जनसुनवाई अभिलेख एवं जिलाधिकारी के यहां से हुयी शिकायत संबंधी रजिस्टर का अवलोकन किया। विगत कई दिनों से जनसुनवाई रजिस्टर में शिकायत दर्ज न होने एवं पूर्व से अंकित फरियादी का मो0नं0 अंकित न होने पर खण्ड विकास अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं 12 महीनें का वेतन रोकने के साथ ही रजिस्टर अद्यतन करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास हेतु पात्र लाभार्थियों को दी जाने वाली किश्त के बारे में जानकारी ली। शिकायत रजिस्टर में कमियां मिलने पर ए0डी0ओ0 पंचायत संजय कुमार सिंह पर नाराजगी व्यक्त करते सही करने के निर्देश दिये। सचिव का पारिवारिक रजिस्टर का अवलोकन किया। आई0जी0आर0एस0 कक्ष देखा। लेखाकार कक्ष को देखते हुये रजिस्टर, खड़ंजा संबंधी पत्रावलियां एवं निरीक्षण रिपोर्ट का अवलोकन किया। कार्यों से पूर्व एवं कार्यों के उपरान्त वाली फोटो न होने पर जे0ई0 शिवकुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ब्लॉक पर प्रत्येक तीन माह में आयोजित होने वाली क्षेत्र पंचायत की बैठकों के रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें विगत माह फरवरी से बैठक न होने पर नाराजगी व्यक्त की।


मनरेगा कक्ष पहुंचकर जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्र, इंटरलाकिंग संबंधी पत्रावलियों का अवलोकन किया, जिसमें कमियां मिलने पर लेखाकार नीरज बाजपेयी को सेवासमाप्ति का नोटिस एवं खण्ड विकास अधिकारी का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये।

सहायक विकास अधिकारी कक्ष में मास्टर रजिस्टर न बने होने पर ए0डी0ओ0 पंचायत का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

# मकनपुर शरीफ का 607वां ऐतिहासिक मेला

## गंगा-जमुनी तहज़ीब और हिन्दू-मुस्लिम एकता का भव्य संगम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



तहसील बिल्हौर के ऐतिहासिक कस्बा मकनपुर शरीफ में स्थित सूफी संत हज़रत सैय्यद बदीउद्दीन जन्दि शाह मदार (रजि.) के उर्स के अवसर पर आयोजित होने वाला 607वां वार्षिक प्राचीन मेला इस वर्ष भी सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश देगा। यह ऐतिहासिक मेला 17 जनवरी 2026 से 3 फरवरी 2026 तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।मेला कमेटी के अनुसार मेले का शुभारंभ 17 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे मजार मुकद्दस पर विधिवत चादरपोशी के साथ होगा। मेले का मुख्य पर्व 23 जनवरी 2026 (वसंत पंचमी) को मनाया जाएगा, जिस अवसर पर भारत प्रसिद्ध विशाल पशु मेला भी आयोजित होगा, जिसमें दूर-दराज़ से व्यापारी एवं किसान भाग लेंगे।

धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों से सजेगा मेला परिसर, मेले के दौरान धार्मिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहेंगे।

22 जनवरी 2026ऱ मुशायरा ,23 जनवरी 2026ऱ कवि सम्मेलन एवं दरगाह शरीफ में तमाम रात्रि जलसा कुल शरीफब,24 जनवरी 2026ऱ भव्य संगीत संध्या, 3 फरवरी 2026ऱ मेला समापन समारोह

पशु प्रदर्शनी व आकर्षक दुकानों को मिलेगा सम्मान, मेले में आयोजित पशु प्रदर्शनी तथा सुंदर ढंग से सजी दुकानों को मेला कमेटी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों में प्रतिस्पर्धा और उत्साह बना रहेगा।

मेला प्रशासन ने जारी किए दिशा-निर्देश, मेला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मवेशी विक्रेताओं को स्थान तथा दुकानदारों को दुकान हेतु भूमि आराजी/भूमि मालिक से किराये पर लेनी होगी। बिजली आपूर्ति मेला प्रशासन द्वारा रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके लिए सभी दुकानदारों को अनिवार्य रूप से बिजली कनेक्शन लेना होगा।

प्रशासनिक व्यवस्थाएं जितेंद्र प्रताप सिंह (आई.ए.एस.)- जिलाधिकारी/ प्रशासक मेला, डॉ.संजीव दीक्षित- उपजिलाधिकारी/ अध्यक्ष मेला अनुभव चंदा - तहसीलदार/ सचिव मेला, चन्द्र प्रकाश राजपूत - नायब तहसीलदार/ अधीक्षक मेला । जानकारी व संपर्क, मेले से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति तहसीलदार बिल्हौर, सचिव मेला मकनपुर से संपर्क या पत्राचार कर सकते हैं।अंत में मेला समिति ने समस्त श्रद्धालुओं, व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हिन्दू-मुस्लिम एकता, सूफी परंपरा और गंगा-जमुनी तहज़ीब को सशक्त बनाएं।

# उत्तमपुर में पीडीए चौपाल–जनसमस्याओं पर खुलकर बोली जनता, सपा नेतृत्व ने समाधान का दिया भरोसा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

ककवन विकास खंड के उत्तमपुर गाँव में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए चौपाल जनसंवाद, जनआक्रोश और सामाजिक न्याय की सशक्त अभिव्यक्ति का मंच बनकर सामने आई। सैकड़ों ग्रामीणों की सहभागिता में आयोजित इस चौपाल में एक ओर शासन-प्रशासन की उदासीनता पर तीखे सवाल उठे, वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी की जनपक्षधर राजनीति का जीवंत स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सपा की पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह अपने पति पंकज सिंह के साथ मौजूद रहीं।




### पीडीए समाज की आवाज़ दबने नहीं दी जाएगी: रचना सिंह

मुख्य अतिथि रचना सिंह ने भावुक संबोधन में कहा कि पीडीए समाज के हर संघर्ष और हर न्यायपूर्ण आंदोलन में वह जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेंगी। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र मेरे लिए केवल राजनीति का क्षेत्र नहीं, बल्कि मेरा अपना परिवार है। पीडीए समाज की आवाज़ को किसी भी कीमत पर दबने नहीं दिया जाएगा।

### सेवा और न्याय ही समाजवादी राजनीति का मूल उद्देश्य: विनय यादव

विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने समाजवादी विचारधारा को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज का उत्थान समाजवादी पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आगामी चुनावों में सपा को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि सत्ता का उद्देश्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और न्याय सुनिश्चित करना होना चाहिए।

### बिजली विभाग की अव्यवस्थाएं बनीं प्रमुख मुद्दा

चौपाल में ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं को सबसे मुखरता से उठाया। एकमुश्त समाधान योजना की जटिलताएं, अनावश्यक रूप से बढ़े बिजली बिल, नए कनेक्शन में देरी, बिल वितरण में लापरवाही तथा नए कनेक्शन के नाम पर कथित अवैध वसूली को लेकर ग्रामीणों ने नाराज़गी जाहिर की। वक्ताओं ने कहा कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा आज ग्रामीण जीवन के लिए बोझ बनती जा रही है। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विनय यादव ने संबंधित विभागों को प्रकरण भेजकर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

### पेंशन में देरी पर प्रशासन की संवेदनहीनता उजागर

चौपाल में वृद्धावस्था, दिव्यांग और निराश्रित महिला पेंशन से जुड़े मामलों पर भी गहरी चिंता जताई गई। ग्रामीणों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद आज तक पेंशन की राशि उनके खातों में नहीं पहुँची। इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए विनय यादव ने घोषणा की कि पेंशन आवेदन से जुड़े सभी आवश्यक खर्च वह स्वयं वहन करेंगे, ताकि कोई भी गरीब और असहाय व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित न रहे।

### सुरक्षा व ठंड से राहत की मांग

ग्रामीणों ने रात्रिकालीन सुरक्षा को लेकर पुलिस गश्त बढ़ाने तथा शीतकाल को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की मांग रखी। सपा नेतृत्व ने इन मांगों को जनहित से जुड़ा बताते हुए संबंधित प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### जनसंवेदना और लोकतांत्रिक संवाद का सशक्त मंच बनी पीडीए चौपाल

कुल मिलाकर, उत्तमपुर की पीडीए चौपाल केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं रही, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद, सामाजिक न्याय और जनसरोकारों की सशक्त अभिव्यक्ति बनकर उभरी—जहाँ सत्ता से अधिक संवेदना और राजनीति से अधिक प्रतिबद्धता केंद्र में रही।

### इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

राहुल यादव, संजू पठान, ललित कुशवाहा, अंशुमान यादव, शशिकांत पाल, अंकित चक्रवर्ती, जहाँगीर, दिव्यांशु कटियार, रवि कुशवाहा, शेर सिंह, राम बाबू कश्यप, राम स्वरूप कुशवाहा, विजय बहादुर कश्यप, अशोक बेरिया, अमर सिंह, इलियास, सत्य स्वरूप कुशवाहा, घसीटे कुशवाहा, श्री केशन कश्यप, इस्लाम, गोविन्द गौतम, तारा शंकर कश्यप, निर्भय सिंह, राम सेवक कुशवाहा, शम्भू, मानसिंह कुशवाहा, उमेश मिश्रा, धनीराम, राधेश्याम कुशवाहा, शिवशंकर पाल, जग रतन कठेरिया, लल्ली कश्यप, महेश गौतम, प्रकाश कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, ओमकार कठेरिया, छोटेपाल, रामदास कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# हिंदू रक्षा दल के प्रमुख पिंकी चौधरी के गिरफ्तारी से कार्यकर्ता हुए आक्रोशित



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के शालीमार गार्डन क्षेत्र में तलवार वितरण करने वाले हिंदू रक्षा दल नेताओं और उसके प्रमुख पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय लोग कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए । प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को गलत बताते हुए पिंकी चौधरी की तत्काल रिहाई की मांग किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पिंकी चौधरी को साजिश के तहत फंसाया गया है और उनके खिलाफ की गई कार्रवाई एकतरफा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना निष्पक्ष जांच के की गई गिरफ्तारी से आमजन में रोष है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण बनी रही। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर ज्ञापन लेने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारियों द्वारा एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया, जिसमें पिंकी चौधरी की गिरफ्तारी को निरस्त करने, निष्पक्ष जांच कराने और उन्हें जल्द रिहा करने की मांग की गई। उनका कहना था कि जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाएगा, तब तक वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रशासन की ओर से ज्ञापन पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त हो गया।

# वीबी–जी राम–जी अधिनियम: ग्रामीण विकास को देगा स्थायी रोजगार और दीर्घकालिक आधार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

केवल राहत आधारित योजनाएं ग्रामीण विकास को स्थायित्व नहीं दे सकतीं। इसी सोच के साथ केंद्र की एनडीए सरकार ने मनरेगा के स्थान पर 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 (वीबी-जी राम-जी) लागू किया है, जो ग्रामीण भारत को स्थायी आजीविका और दीर्घकालिक विकास की दिशा में ले जाएगा। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और गाजियाबाद प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने भारतीय जनता पार्टी जिला एवं महानगर गाजियाबाद द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, पटेल नगर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन की सरकार यूपीए सरकार के समय मनरेगा एक राहत केंद्रित योजना बनकर रह गई थी। जिसमें भ्रष्टाचार, फर्जी जॉब मनरेगा और निगरानी व्यवस्था और अल्पकालिक परिसंपत्तियों जैसी कई कमियां सामने आईं। इसके विपरीत विकसित भारत जी राम जी अधिनियम ग्रामीण रोजगार को कौशल विकास, स्थायी परिसंपत्ति निर्माण और स्थानीय उद्यमिता से जोड़कर विकसित भारत के वर्ष 2047 के लक्ष्य को साकार करेगा। मंत्री ने जानकारी दी कि नए




अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है, जबकि वन क्षेत्रों में कार्यरत अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों को 25 दिन अतिरिक्त रोजगार मिलेगा। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा और जीपीएस एवं एआई आधारित निगरानी प्रणाली से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम राहत की सोच से आगे बढ़कर उत्पादकता, परिवर्तन और आत्मनिर्भरता पर आधारित है। इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा द्वारा चरणबद्ध जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत 8 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक प्रदेश एवं जिला स्तर कार्यशालाएं, जिला-मंडल-बूथ स्तर पर सम्मेलन, किसान-श्रमिक चौपालें, 15 से 28 फरवरी तक विशेष संपर्क अभियान, लेख, ब्लॉग, दीवार लेखन, होर्डिंग और सोशल मीडिया अभियान संचालित किए जाएंगे। असीम अरुण ने बताया कि जहां मनरेगा में लगभग पूर्ण केंद्रीय फंडिंग के कारण राज्यों की जवाबदेही कमजोर रही, वहीं वीबी-जी राम-जी अधिनियम में 60 और 40 प्रतिशत के केंद्र-राज्य सहभागिता अनुपात से जवाबदेही और पारदर्शिता दोनों मजबूत होंगी। डिजिटल उपस्थिति, रियल-टाइमडेटा मॉनिटरिंग और अनिवार्य सामाजिक ऑडिट से भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाएगा। यह अधिनियम ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय अवसंरचना प्राथमिकताओं से जोड़ते हुए हाइपर-लोकल प्लानिंग को बढ़ावा देगा। प्रेस वार्ता के अंत में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह ने संयुक्त रूप से उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने वाले पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम उत्तरी में रासलीला का भव्य आयोजन, भक्तिमय माहौल में डूबा क्षेत्र



■ मुख्य अतिथि डॉ. उपदेश सिंह यादव ने राधा–कृष्ण की आरती कर कलाकारों व समिति सदस्यों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

घिमऊ जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम उत्तरी में आयोजित हो रही रासलीला ने पूरे क्षेत्र को धर्म और भक्ति के रंग में रंग दिया। इस पावन अवसर पर घिमऊ जिला पंचायत से चुनाव की दावेदारी कर रहे प्रत्याशी डॉ. उपदेश सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से भगवान श्री राधा-कृष्ण की आरती एवं पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।कार्यक्रम के दौरान डॉ. उपदेश सिंह यादव ने रासलीला में भाग ले रहे सभी कलाकारों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन परंपराओं को जीवंत रखते हैं और समाज को धर्म, प्रेम, भाईचारे व सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं।

रासलीला की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया, वहीं पूरा गांव भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर नजर आया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से शुभम शुक्ला, धीरज शुक्ला, जगदीश कुशवाहा, महेंद्र कुमार, अंशु यादव, विकास यादव, प्रियशु सविता, उदय राज यादव सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# ग्राम पंचायत पिपरी में फर्जी बाउचरों से हो रहा भुगतान

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

**रामपुर मथुरा।** प्रदेश सरकार ग्राम पंचायत की दशा व दुर्दशा को सुधारने के लिए अनेक कदम उठा रही है लेकिन ग्राम पंचायत से संबंधित प्रधान व सचिव अपनी मनमानी के चलते फर्जी तरीके से बिल वाउचर बनाकर ग्राम पंचायत को चूना लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं और स्वच्छ भारत मिशन की खुले आम धज्जियां उड़ा रहे हैं जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत पिपरी का है जहां पर बना एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है ग्राम पंचायत में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

नाली बज बजा रही हैं साफ सफाई, ब्लीचिंग पाउडर व चूना के नाम पर मोटी रकम निकाली जा रही है जिम्मेदार प्रधान व सचिव अपनी जेब भरने में लगे हैं ग्रामीणो ने दबी जुबान से बताया कि गांव में कभी साफ सफाई नहीं होती ना तो चूना व ब्लीचिंग पाउडर डाला जाता है लेकिन कागजों पर प्रशासनिक व्यय, साफ सफाई, चूना व ब्लीचिंग पाउडर खरीद तथा हैंड पंप मरम्मत के नाम पर मोटी रकम निकाल कर अपना पेट भरने में लगे हैं जो शासन प्रशासन को चुनौती देने का काम कर रहे हैं आखिर ऐसे भ्रष्ट लोगों पर कब कार्यवाही होगी।

## बिजली चोरी करने वालों की खैर नही

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जिलाधिकारी डा0राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्धारित रोस्टर के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि विद्युत बिलों एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ओ0टी0एस0 योजना को प्रभावी रूप से लागू कराया जाये तथा लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जाये। उपभोक्ताओं को समय से बिल जमा कराने हेतु प्रेरित किया जाये।विद्युत चोरी के मामलों में कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये कहा कि पुलिस, मजिस्ट्रेट एवं विद्युत विभाग के अधिकारी संयुक्त टीम बनाते हुये आकस्मिक जांच करें। विद्युत चोरी में संलिप्त पाये जाने वालों के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुये कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद स्तर पर बनाये गये कन्ट्रोल रूम का प्रभावी रूप से संचालन कराया जाये। कन्ट्रोल रूम के माध्यम से उपभोक्ताओं को आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करायी जाये तथा उनकी शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# डोनाल्ड ट्रंप के 'झूठे' दावों पर कब चुप्पी तोड़ेगा भारत?

**मोदी सरकार ने अब तक खुद को मजबूत और आत्मविश्वासी नेतृत्व के रूप में पेश किया है। ऐसे में यह उम्मीद की जाती है कि जब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को गलत तरीके से पेश किया जाए, तो एक स्पष्ट और तथ्यात्मक जवाब आए। यह जवाब आक्रामक होना जरूरी नहीं, लेकिन सटीक जरूर होना चाहिए। ट्रंप का बयान एक चेतावनी भी है। यह दिखाता है कि वैश्विक राजनीति में सच से ज्यादा कहानी बिकती है। अगर भारत अपनी कहानी खुद नहीं बताएगा, तो दूसरे लोग उसे अपने हिसाब से गढ़ते रहेंगे। बहरहाल, चुप्पी कभी कभी रणनीति हो सकती है।**

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर ऐसा दावा किया है जो तथ्यों से कोसों दूर है। हम आपको बता दें कि एक राजनीतिक कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा कि भारत ने अमेरिका से 68 अपाचे हमला हेलीकॉप्टर खरीदे हैं और इनकी डिलीवरी में देरी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद उनसे मिलने आए थे और बोले थे कि 'सर क्या मैं आपसे मिल सकता हूं'। ट्रंप यहीं नहीं रुके। उन्होंने यह भी जोड़ा कि रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर टैरिफ लगाए गए और इससे मोदी खुश नहीं थे। लेकिन सच्चाई यह है कि भारत ने कुल 28 अपाचे हेलीकॉप्टर खरीदे हैं। इनमें 22 हेलीकॉप्टर वायुसेना के लिए पहले चरण में लिए गए थे और 6 हेलीकॉप्टर बाद में सेना के लिए खरीदे गये। न तो 68 हेलीकॉप्टर खरीदे गए और न ही ऐसा कोई रिकॉर्ड है कि प्रधानमंत्री मोदी किसी डिलीवरी देरी को लेकर ट्रंप के पास गए हों। डिलीवरी में जो सीमित देरी हुई वह तकनीकी और आपूर्ति कारणों से थी और उसे दोनों देशों के रक्षा तंत्र ने आपसी समन्वय से सुलझाया। ट्रंप का यह बयान न केवल गलत है बल्कि जानबूझकर बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया प्रतीत होता है। दिलचस्प बात यह है कि इस बयान पर नई दिल्ली ने कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। सरकार की ओर से न तो खंडन आया और न ही स्पष्टीकरण। कूटनीतिक हलकों में इसे लेकर असहजता जरूर महसूस की गई लेकिन सार्वजनिक तौर पर चुप्पी बनाए रखी गई। देखा जाये तो यह कोई पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर झूठे या अतिरंजित दावे किए हों। साथ ही यह समझना जरूरी है कि अपाचे हेलीकॉप्टर कोई साधारण रक्षा सौदा नहीं हैं। यह भारत की सामरिक क्षमता का एक अहम हिस्सा हैं। अपाचे हेलीकॉप्टर आधुनिक युद्ध में जमीन पर सेना को सीधी और घातक हवाई सहायता देने के लिए जाने जाते हैं। पहाड़ी इलाकों में, सीमावर्ती क्षेत्रों में और तेज रफ्तार सैन्य अभियानों में इनकी भूमिका निर्णायक होती है। चीन और पाकिस्तान जैसी चुनौतियों के बीच भारत के लिए यह प्लेटफॉर्म सामरिक संतुलन बनाए रखने का एक मजबूत औजार है। ऐसे में इन हेलीकॉप्टरों की संख्या को गलत तरीके से पेश करना केवल आंकड़ों की गलती नहीं है। यह भारत की सैन्य तैयारी और रणनीतिक सोच को गलत रोशनी में दिखाने का प्रयास है। जब कोई अमेरिकी नेता यह कहता है कि भारत ने 68 हेलीकॉप्टर खरीदे, तो यह संदेश जाता है कि भारत पूरी तरह अमेरिकी हथियारों पर निर्भर है और अमेरिका के दबाव में फैसले करता है। यह धारणा भारत की रणनीतिक स्वायत्तता के बिल्कुल खिलाफ है। देखा जाये तो ट्रंप की राजनीति का यह तरीका पुराना है। वह हर अंतरराष्ट्रीय सौदे को अपने व्यक्तिगत पराक्रम की तरह पेश करते हैं। उनके लिए भारत कोई साझेदार नहीं बल्कि एक मंच है, जिस पर खड़े होकर वह अपने घरेलू समर्थकों को यह दिखा सकें कि उन्होंने अमेरिका के लिए कितने अरब डॉलर के सौदे कराए। अब सवाल उठता है कि नई दिल्ली चुप क्यों है। क्या यह कूटनीतिक समझदारी है या राजनीतिक मजबूरी? हालांकि कूटनीतिज्ञों का कहना है कि हर बयान पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं और ट्रंप जैसे नेता को नजरअंदाज करना ही बेहतर है। देखा जाये तो भारत और अमेरिका के रिश्ते सिर्फ किसी एक नेता पर निर्भर नहीं हैं। रक्षा सहयोग, तकनीकी साझेदारी, हिंद प्रशांत रणनीति और वैश्विक शक्ति संतुलन जैसे मुद्दे इन रिश्तों की बुनियाद हैं। मजबूती का मतलब यह नहीं कि झूठ को बिना चुनौती के स्वीकार कर लिया जाए।*

## एक्सप्रेस आलेख

**हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग न केवल भाषा को समृद्ध बनाता है बल्कि समाज में सहजता, समानता और भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूत करता है। लोगों को यह समझाया जाना चाहिए कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और उसका सम्मान व प्रचार-प्रसार करना केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। जब तक हम स्वयं अपने दैनिक जीवन, शिक्षा, प्रशासन, तकनीक और डिजिटल मंचों पर हिन्दी को अपनाने का साहस नहीं करेंगे, तब तक इसके विकास की अपेक्षा अधूरी ही रहेगी। साथ ही यह अहसास कराना भी जरूरी है कि भले ही वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी का प्रभाव लंबे समय से बना हुआ है परन्तु हिन्दी आज किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है।**

# विश्व संवाद की नई धुरी बनती हिन्दी



योगेश कुमार गोयल

**हिन्दी बोलने वालों की संख्या में हमारे देश में करीब 10 करोड़ लोगों की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2001 में जहां 41.03 फीसदी लोगों ने हिन्दी को अपनी मातृभाषा बताया था, वहीं 2011 में ऐसे लोगों की संख्या करीब 42 करोड़ के साथ 43.63 फीसदी दर्ज की गई और जिस प्रकार हिन्दी का चलन लगातार बढ़ रहा है, माना जाना चाहिए कि उसके बाद के करीब एक दशक में हिन्दी बोलने वालों की संख्या में कई करोड़ लोगों की बढ़ोतरी अवश्य हुई होगी।**

भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी की ताकत वैश्विक स्तर पर लगातार बढ़ रही है और हिन्दी की इस बढ़ती ताकत का सकारात्मक पक्ष यही है कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं और दुनियाभर के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है। आधुनिकता की ओर तेजी से अग्रसर कुछ भारतीय भले ही आज अंग्रेजी बोलने में अपनी आन, बान और शान समझते हों किन्तु सच यही है कि हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतवासी को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है। सही मायनों में विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषा है भारत की राजभाषा हिन्दी, जो न केवल भारत में बल्कि अब दुनिया के अनेक देशों में बोली जाती है। दुनियाभर में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करने तथा हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से 10 जनवरी को 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी की महानता के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। पहली बार नागपुर में 10 जनवरी 1975 को विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तत्पश्चात् भारत के बाहर मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, अमेरिका इत्यादि देशों में भी विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया। विश्वभर की भाषाओं का इतिहास रखने वाली संस्था 'एथ्नोलॉग' के द्वारा जब हिन्दी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया जाता है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अगर हिन्दी बोलने वाले लोगों की संख्या की बात की जाए तो विश्वभर में पचहतर करोड़ से भी ज्यादा लोग हिन्दी बोलते हैं। इंटरनेट पर भी हिन्दी का चलन दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल द्वारा कुछ वर्षों पूर्व तक जहां अंग्रेजी सामग्री को ही महत्व दिया जाता था, वहीं अब गूगल द्वारा भारत में हिन्दी तथा कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की सामग्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि देश में हिन्दी में इंटरनेट उपयोग करने वाले की संख्या अब अंग्रेजी में इसका उपयोग करने वालों से ज्यादा हो जाएगी। कुछ वर्ष पूर्व डिजिटल माध्यम में हिन्दी समाचार पढ़ने वालों की संख्या करीब साढ़े पांच करोड़ थी, जो अब बढ़कर चौदह करोड़ से ज्यादा हो जाने का अनुमान है। इंटरनेट पर हिन्दी का जो दायरा कुछ समय पहले तक कुछ ब्लॉगों और हिन्दी की चंद वेबसाइटों तक ही सीमित था, अब हिन्दी अखबारों की वेबसाइटों ने करोड़ों नए हिन्दी पाठकों को अपने साथ जोड़कर हिन्दी को और समृद्ध तथा जन-जन की भाषा बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तकनीकी रूप से हिन्दी को और ज्यादा उन्नत, समृद्ध तथा आसान बनाने के लिए अब कई सॉफ्टवेयर भी हिन्दी के




**अंतर्राष्ट्रीय संवाद के क्षेत्र में हिन्दी की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि हम भाषायी हीनभावना से बाहर निकलकर हिन्दी को गर्व के साथ अपनाएं और उसे विश्व मंच पर उसका उचित स्थान दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।**

लिए बन रहे हैं। यह हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी की ताकत ही कही जाएगी कि इसके इतने ज्यादा उपयोगकर्ताओं के कारण ही अब भारत में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हिन्दी का भी उपयोग करने लगी हैं। हिन्दी की बढ़ती ताकत को महसूस करते हुए भारत में ई-कॉमर्स साइटें भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए हिन्दी में ही अपनी 'एप' लेकर आ रही हैं। हिन्दी इस समय देश की सबसे तेजी से बढ़ती भाषा है। अगर 2011 की जनगणना के आंकड़े देखें तो 2001 से 2011 के बीच हिन्दी बोलने वालों की संख्या में हमारे देश में करीब 10 करोड़ लोगों की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2001 में जहां 41.03 फीसदी लोगों ने हिन्दी को अपनी मातृभाषा बताया था, वहीं 2011 में ऐसे लोगों की संख्या करीब 42 करोड़ के साथ 43.63 फीसदी दर्ज की गई और जिस प्रकार हिन्दी का चलन लगातार बढ़ रहा है, माना जाना चाहिए कि उसके बाद के करीब एक दशक में हिन्दी बोलने वालों की संख्या में कई करोड़ लोगों की बढ़ोतरी अवश्य हुई होगी। भारत लंबे समय तक अंग्रेजों का गुलाम रहा और उस दौरान हमारे यहां की भाषाओं पर भी अंग्रेजी दासता का बुरा प्रभाव पड़ा। इसी कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को 'जनमानस की भाषा' बताते हुए वर्ष 1918 में आयोजित 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' में इसे भारत की राष्ट्रभाषा बनाने को कहा था। सही मायने में तभी से हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास शुरू हो गए थे और गर्व का विषय यह है कि अब सैंकड़ों देशों में हिन्दी का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

अगर भारतीय परिवेश में हिन्दी के प्रचलन को लेकर बात की जाए तो यह चिंता की बात है कि भारतीय समाज में बहुत से लोगों की मानसिकता ऐसी हो गई है कि हिन्दी बोलने वालों को वे पिछड़ा और अंग्रेजी में अपनी बात कहने वालों को आधुनिक का दर्जा देते हैं। हिन्दी का करीब 1.2 लाख शब्दों का समृद्ध भाषा कोष होने के बावजूद अधिकांश लोग हिन्दी लिखते और बोलते समय अंग्रेजी भाषा के शब्दों का दिल खोलकर इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को हिन्दी भाषा के विकास, उसके व्यापक उपयोग के लाभ तथा उपेक्षा के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए। हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्रीय आत्मसम्मान की संवाहक है। जब हम अपनी ही भाषा के प्रयोग से संकोच करते हैं तो अनजाने में अपनी पहचान को भी कमजोर करते हैं। हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग न केवल भाषा को समृद्ध बनाता है बल्कि समाज में सहजता, समानता और भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूत करता है। लोगों को यह समझाया जाना चाहिए कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और उसका सम्मान व प्रचार-प्रसार करना केवल सरकारी दायित्व नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्त्तव्य है। जब तक हम स्वयं अपने दैनिक जीवन, शिक्षा, प्रशासन, तकनीक और डिजिटल मंचों पर हिन्दी को अपनाने का साहस नहीं करेंगे, तब तक इसके विकास की अपेक्षा अधूरी ही रहेगी। साथ ही यह अहसास कराना भी जरूरी है कि भले ही वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी का प्रभाव लंबे समय से बना हुआ है परन्तु हिन्दी आज किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। इंटरनेट, तकनीक, शिक्षा, व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय संवाद के क्षेत्र में हिन्दी की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि हम भाषायी हीनभावना से बाहर निकलकर हिन्दी को गर्व के साथ अपनाएं और उसे विश्व मंच पर उसका उचित स्थान दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | अष्टमी 08:23 तक |
| नक्षत्र: | हस्त 15:40 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | अतिगण्ड, 16:59 |
| सूर्योदय: | 07:15 |
| सूर्यास्त: | 17:42 |
| चंद्रमा: | कन्या राशि में |
| राहुकाल: | 09:52-11:10 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | माघ |
| शुभ मुहूर्त: | 12:08-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### चढ़ जाएगी जिह्वा !

*शब्दों का ये चयन फिर से ।*
*गड़बड़ होने वाला ।।*
*है चुनावी समर ।*
*खेल अजब निराला ।।*
*मानते हैं जानकार ।*
*मनोरंजन भरपूर ।।*
*परिभाषा अब अजब गजब ।*
*चढ़ गया शुरूर ।।*
*बंद होने वाली अब ।*
*जिसकी भी दुकान ।।*
*चढ़ जाएगी जिह्वा ।*
*अब उसकी परवान ।।*
*खूब तमाशा रोज ।*
*है अब होने वाला ।।*
*छा जाने की खातिर ।*
*है तरकीब निकाला ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पैकेटबंद फूड्स: ज्यादा सेवन से बढ़ सकता है कैंसर का खतरा

**क्या** आपने कभी सोचा कि आप घर पर जो खाना पकाते हैं, वो कुछ घंटे या दिनों में ही खराब हो जाता है लेकिन बाजार में मिलने वाले पैकेटबंद फूड्स महीनों-सालों तक खराब नहीं होते? आज के समय में पैकेटबंद और प्रोसेस्ड फूड हमारी डेली लाइफ का हिस्सा बन चुके हैं। ब्रेड, बिस्किट, सॉस, जूस, रेडी-टू-ईट स्नैक्स... लगभग हर चीज में कोई न कोई फूड प्रिजर्वेटिव जरूर होता है, जो इन्हें लंबे समय तक खराब होने से बचाता है। लेकिन अब एक नई और बड़ी रिसर्च ने इस आदत को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इस स्टडी के मुताबिक, कुछ फूड प्रिजर्वेटिव्स का ज्यादा सेवन कैंसर और अन्य कई गंभीर बीमारियों के खतरे को बढ़ा सकता है।

**स्टडी कहां की है और क्यों खास है?:** यह रिसर्च फ्रांस के नाम के बड़े कोहोर्ट स्टडी का हिस्सा है, जिसे बीएमजे जैसे प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इस स्टडी की खास बात यह है कि इसमें हजारों लोगों के खाने-पीने की आदतों को लंबे समय तक ट्रैक किया गया और फिर उसे कैंसर के मामलों से जोड़ा गया। यानी यह सिर्फ लैब या



एनिमल स्टडी नहीं, बल्कि रियल-लाइफ डेटा पर आधारित रिसर्च है।

**रिसर्च कैसे की गई?:** इस स्टडी में करीब 1 लाख से ज्यादा वयस्कों के डेटा को शामिल किया गया। प्रतिभागियों से बार-बार उनकी डाइट से जुड़ी जानकारी ली गई, जिसमें यह भी देखा गया कि वे किन फूड प्रोडक्ट्स का सेवन करते हैं और उनमें कौन-कौन से फूड एडिटिव्स और प्रिजर्वेटिव्स मौजूद हैं। इसके बाद कई सालों तक इन लोगों की हेल्थ फॉलो-अप की गई और कैंसर के नए मामलों को रिकॉर्ड किया गया। रिसर्चर्स ने उम्र, जेंडर, स्मोकिंग, फिजिकल एक्टिविटी, बीएमआई और कुल डाइट क्वालिटी जैसे फैक्टर्स को भी ध्यान में रखा, ताकि नतीजे ज्यादा भरोसेमंद हों।

**किन प्रिजर्वेटिव्स पर फोकस किया गया?:** इस स्टडी में खास तौर पर नाइट्राइट्स और नाइट्रेट्स जैसे प्रिजर्वेटिव्स पर ध्यान दिया गया, जो अक्सर प्रोसेस्ड मीट, पैकेज्ड फूड और कुछ रेडी-टू-ईट प्रोडक्ट्स में इस्तेमाल होते हैं। ये केमिकल्स फूड को लंबे समय तक खराब होने से बचाने के लिए डाले जाते हैं, लेकिन शरीर में जाकर ये नुकसानदेह कंपाउंड्स बना सकते हैं।

**क्या पाया गया स्टडी में?:** रिसर्च के नतीजों के मुताबिक, जिन लोगों की डाइट में इन फूड प्रिजर्वेटिव्स का सेवन ज्यादा था, उनमें कैंसर का जोखिम सामान्य लोगों की अपेक्षा थोड़ा ज्यादा देखा गया। खास तौर पर ब्रेस्ट कैंसर और कुछ अन्य कैंसर टाइप्स के मामलों में यह संबंध ज्यादा मजबूत नजर आया। यह समझना जरूरी है कि स्टडी यह नहीं कहती कि फूड प्रिजर्वेटिव्स सीधे कैंसर का कारण बनते हैं। लेकिन यह जरूर बताती है कि इनके ज्यादा और नियमित सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

**आपको सचेत रहना चाहिए:** यह रिसर्च एक तरह का अलार्म है, खासकर उन लोगों के लिए जो रोजाना प्रोसेस्ड और पैकेटबंद फूड पर ज्यादा निर्भर रहते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# 'तत्वमसि' में है प्रचारकों की जिंदगी का बयान



प्रो. संजय द्विवेदी

**परितोष बाबू जैसे लोग जिन्होंने अपना परिवार नहीं बनाया, उसकी मनोभूमि कैसे तैयार होती है। कैसे वे सब कुछ त्यागकर अपने समाज और देश की बेहतरी के स्वयं को आत्मार्पित कर देते हैं। यह सीखने वाली बात है।**

**देश** में हुए सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तनों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति सामान्यजन की जिज्ञासा बढ़ा दी है। इस बीच अपनी यात्रा के 100 साल संघ ने पूरे कर लिए हैं। इसलिए संघ की संपर्क गतिविधियां भी सामान्य दिनों से ज्यादा हैं। ऐसे समय में संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्रीधर पराड़कर का उपन्यास 'तत्वमसि' बड़ी सरलता से आरएसएस के बारे में बताता है। यह उपन्यास एक आत्मकथात्मक उपन्यास भी कहा जा रहा है, जिसके केंद्र में खुद लेखक और उसके अनुभव हैं। बावजूद इसके एक प्रचारक की जिंदगी के बहाने संघ को समझाने में यह उपन्यास पूरी तरह सफल है। कहानियों से चीजों को बताना आसान होता है, विचार कई बार भ्रमित भी करते हैं और उन्हें समझना सबके बस की बात नहीं। उसे वही ग्रहण कर सकता है जिसकी उस विचार विशेष में रुचि हो। शायद इसीलिए पूज्य सरसंघचालक डा. मोहन भागवत इस बात को रेखांकित करते रहे हैं कि 'संघ को संघ के भीतर आकर ही समझा जा सकता है।' अपनी स्थापना के समय से ही संघ कुछ शक्तियों के निशाने पर रहा है। खासकर आजाद भारत में उसे इसके दंश कई बार भोगने पड़े। श्रीधर

**संवाद के माध्यम से यह उपन्यास जो कहता है उसे बहुत बड़े वक्तव्यों से नहीं समझाया जा सकता। प्रो. संजय कपूर, विदेशी मूल की युवती नोरा, महेश बाबू, अफरोज,सदानंद, अनिता और स्नेहल जैसे पात्रों के बहाने जो ताना-बाना बुना गया है वह अप्रतिम है। सदानंद,अमित और स्नेहल से हुए संवाद में परितोष बाबू जिस तरह संघ से जुड़े सवालों के उत्तर देते हैं,वैसे ही वे समाज और परिवार के मुद्दों पर राय रखते हैं।**

पराड़कर का यह उपन्यास उनके अर्जित अनुभवों का बयान भी है। इसलिए इस कृति की विश्वसनीयता बढ़ जाती है। सही मायनों में यह भोगा हुआ सत्य है, जिसकी अनुभूति इसे पढ़ते समय सहज ही होती है। हम जानते हैं कि श्रीधर पराड़कर, संघ प्रेरित अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रहे हैं और लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। एक लेखक,चिंतक,विचारक और संगठनकर्ता के नाते वे राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिलब्ध हैं। ऐसे सरोकारी व्यक्ति का लेखन निश्चित ही बहुत सारे सवालों के जवाब लेकर आता है। किसी भी उपन्यास या कहानी की सबसे बड़ी सफलता है उसकी रोचकता। कहानी को सुनने-पढ़ने का मन होना। कथारस में बहते चले जाना। विचार और संगठन जैसी बोझिल समझी जाने वाली कथा को भी पराड़करजी ने जिस अंदाज में व्यक्त किया है उसने पुस्तक की पठनीयता बनाए रखी है। यह किताब न सिर्फ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार तत्व, प्रचारकों की जीवन शैली, संघ के समावेशी चरित्र का बयान करती है बल्कि किस तरह वह समाज परिवर्तन को व्यक्ति परिवर्तन के माध्यम से संभव कर रहा है इसे भी बताती है। उपन्यास के मुख्य पात्र परितोष बाबू संघ के प्रचारक हैं। प्रचारक परंपरा के बारे में समाज में न्यूनतम जानकारियां हैं। इस किताब में 'प्रचारक परंपरा' जो सामान्य वस्त्रों में रहकर भी 'साधु परंपरा' का पालन करती है का विषद वर्णन है। समाज जीवन में काम करते हुए आने वाली कठिनाइयों से लेकर,समाज के प्रश्नों का उत्तर भी प्रचारक खोजते हैं। भाषा की रवानी और कथा शैली ऐसी कि संगठन शास्त्र जैसे विषयों को किस्सागोई के साथ कहने में लेखक सफल रहे हैं। पत्रकार अनंत विजय ने किताब के फ्लैप पर ठीक ही लिखा है कि- 'मेरे जानते हिंदी के किसी लेखक ने किसी संगठन को केंद्र में रखकर इस तरह का उपन्यास नहीं लिखा है। यह अभिनव प्रयोग है, जिसके मोहजाल में पाठक का पड़ना तय है।' पुस्तक के आरंभ में ही अपनी रेलयात्रा के माध्यम से परितोष बाबू न सिर्फ अपना स्वभाव,विचार रख देते हैं बल्कि समाज को लेकर अपनी सोच को भी प्रकट करते हैं। पहले दृश्य से बांध लेना इसे ही कहते हैं। यह उपन्यास एक कर्मनिष्ठ प्रचारक की जिंदगी से गुजरते हुए समाज के अनेक प्रश्नों के उत्तर भी देता चलता है। इसमें जो पात्र हैं वे बहुत सुनियोजित तरीके से कथा के उद्देश्य को पूरा करने में सहयोग करते हैं। विभिन्न पंथों और विचारों से जुड़े पात्रों का संवाद भी परितोष बाबू से होता है। यहां यह भी प्रकट होता है कि वे व्यक्ति से व्यक्ति का संवाद पसंद करते हैं। मुस्लिम युवा अफरोज से संवाद का अवसर आता है तो वे अपने सहयोगी से कहते हैं,-' उन्हें बुलाना नहीं हम उनसे मिलने उनके घर जाएंगे।' इससे पता चलता है कि संघ की कार्यपद्धति क्या है। जहां वह व्यक्ति से नहीं बल्कि परिवार से जुड़ता है ताकि उनसे सच्चा जुड़ाव हो सके। उनके सुख-दुख अपने हो जाएं। यह उपन्यास इस अर्थ में विशिष्ट है कि यह अपने समय और उसके सवालों से जूझता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# रथ यात्राः श्री बालाजी महाराज एवं नीम करोली बाबा के भजनों पर झूमे हजारों श्रद्धालु

- पांचवीं दिव्य एवं भव्य विराट रथ यात्रा में हजारों भक्त हुए शामिल, नगर गूंज उठा बाबा के जयघोष से

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शुक्रवार को तराई के जनपद बांसुरी नगरी पीलीभीत शहर की फिज़ा पूरी तरह भक्तिरस में डूब गई। श्री बालाजी महाराज की पांचवीं दिव्य एवं भव्य विराट रथ यात्रा ने श्रद्धा, आस्था और उल्लास का ऐसा संगम प्रस्तुत किया, जिसे देखने के लिए जनपद ही नहीं बल्कि आसपास के गैर जनपदों से भी हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई इस विराट रथ यात्रा में हर वर्ग, हर आयु के लोग शामिल रहे और पूरा नगर जय बालाजी महाराज के जयघोष से गूंजता रहा।

### मंदिर प्रांगण से हुआ शुभारंभ, विधिवत पूजा-अर्चना

शुक्रवार सुबह मंदिर प्रांगण में विशेष धार्मिक अनुष्ठान के साथ रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। महंत एवं सभासद सेवक विशाल ने बालाजी महाराज और नीब करौरी बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना कर रथ यात्रा को रवाना किया। पूजन के दौरान मंत्रोच्चारण और शंखनाद से वातावरण अत्यंत भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात जैसे ही सुसज्जित रथ नगर भ्रमण के लिए आगे बढ़ा, श्रद्धालुओं की भीड़ स्वतः ही यात्रा के साथ चल पड़ी।

### हजारों श्रद्धालु रहे मौजूद, गैर जनपदों से भी पहुंचे भक्त

इस वर्ष की रथ यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें जनपद पीलीभीत के अलावा बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी सहित



अन्य जिलों से भी बाबा के भक्त पहुंचे। कई श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर परिसर में एकत्र हो गए थे और पूरी रथ यात्रा में साथ चलते हुए भजनों पर झूमते रहे। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था–किसी के हाथों में ध्वज थे तो कोई बाबा का जयकारा लगाते हुए नाचता-गाता नजर आया।

### सुसज्जित रथ और भव्य सिंहासनों ने मोहा मन

रथ यात्रा में शामिल सुसज्जित रथ और दिव्य सिंहासनों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सबसे आगे रथ पर विराजमान गजानन श्रद्धा का केंद्र बने रहे। उनके पीछे नीब करौरी बाबा का भव्य सिंहासन, प्रभु श्रीराम के संपूर्ण दर्शन, महर्षि वाल्मीकि, नरसिंह भगवान, विष्णु भगवान तथा नटराज स्वरूप शिवजी के आकर्षक सिंहासन शामिल रहे। इसके अलावा पीलीभीत की आस्था से जुड़े सिद्धबाबा और देवरा बाबा सहित अन्य संतों के मनोहारी सिंहासनों ने भक्तों को भावविभोर कर दिया।

### बंद रखी गई बिजली सप्लाई, पुलिस भी रही मुस्तैद

श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। शोभायात्रा में शामिल ऊंचे और विशाल सिंहासनों को देखते हुए एहतियातन संबंधित मार्गों की बिजली सप्लाई अस्थायी रूप से बंद रखी गई। शहर में पहले से झूलते बिजली तारों को लेकर पावर कॉरपोरेशन ने विशेष सतर्कता बरती और अपने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उपभोक्ताओं को पहले ही बिजली कटौती की सूचना दे दी थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, कानून व्यवस्था और यातायात संचालन को लेकर पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुनगढ़ी इंस्पेक्टर नरेश त्यागी, कोतवाली इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस और महिला पुलिस के जवानों ने मोर्चा संभाले रखा। प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रही और श्रद्धालुओं को सुरक्षित मार्ग मिलता रहा। इसके साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर तैनात रही। एंबुलेंस और मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, हालांकि शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के कारण किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। प्रशासनिक सतर्कता और पुलिस की मुस्तैदी के चलते यह भव्य धार्मिक आयोजन पूरी तरह सुरक्षित और सफल रहा।

### नासिक ढोल और भजनों ने बांधा समां

महाराष्ट्र की शान कहे जाने वाले नासिक ढोल की थाप ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच महंत सेवक विशाल द्वारा प्रस्तुत भजन बाबा हम पर दया कीजिए, तेरे हाथों का मैं झुनझुना सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। भजनों की धुन पर युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी झूमते नजर आए। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली यात्रा, हुआ भव्य स्वागत हुआ विराट रथ यात्रा कांशीराम कॉलोनी ईदगाह स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर लकड़ी मंडी, जाटो चौराहा, बरेली गेट, जेपी रोड, ड्रमंडगंज, नींबू मंडी, स्टेशन रोड, गैस चौराहा होते हुए सुनगढ़ी तिराहे तक पहुंची। इसके बाद काला मंदिर, लेखराज चौराहा और जाटो चौराहा होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में यात्रा का समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की, आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया। कई स्थानों पर लोग अपने घरों की छतों से फूल बरसाते नजर आए।

### श्रद्धालुओं की भीड़ से गुलजार रहा नगर

जैसे-जैसे रथ यात्रा आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती चली गई। सड़कें, चौराहे और बाजार भक्तों से भर गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी बाबा के जयघोष करते हुए यात्रा का हिस्सा बने। श्रद्धालुओं का उत्साह इस बात का प्रतीक था कि बालाजी महाराज के प्रति लोगों की आस्था लगातार और प्रगाढ़ होती जा रही है।

### समापन पर महंत सेवक विशाल ने किया आभार व्यक्त

रथ यात्रा के समापन पर महंत एवं सभासद सेवक विशाल ने जनपद व गैर जनपदों से आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बाबा बालाजी की असीम कृपा से यह पांचवीं विराट रथ यात्रा अत्यंत शांतिपूर्ण, भव्य और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुई। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सेवादारों, श्रद्धालुओं, प्रशासन और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भी दिव्य व भव्य स्वरूप ग्रहण करे।







# ब्रह्मचारी घाट पर गौवंशों की दर्दनाक मौत

## कुत्तों द्वारा शव नोचे जाने से मचा हड़कंप



- विश्व हिंदू महासंघ की पहल पर नगर पालिका ने कराया सम्मानजनक अंतिम संस्कार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर के ब्रह्मचारी घाट पर शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब घाट क्षेत्र में दो गौवंश मृत अवस्था में पड़े मिले। हालात तब और भी हृदयविदारक हो गए, जब स्थानीय लोगों ने देखा कि आवारा कुत्ते उनके शवों को नोच रहे हैं। इस अमानवीय दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में भारी आक्रोश और पीड़ा देखी गई।घटना की सूचना तत्काल विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ, पीलीभीत को दी गई। सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। संगठन के सदस्यों ने बताया कि खुले में पड़े गौवंशों के शव न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे थे, बल्कि इससे क्षेत्र में संक्रमण फैलने का भी गंभीर खतरा बना हुआ था।

### नगर पालिका ने भेजी जेसीबी, कराया गया विधि-विधान से अंतिम संस्कार

विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ द्वारा तत्काल नगर पालिका प्रशासन से संपर्क कर गौवंशों के सम्मानजनक निस्तारण की मांग की गई।

संगठन की तत्परता को देखते हुए नगर पालिका की ओर से जेसीबी मशीन मौके पर भेजी गई। जेसीबी की सहायता से दोनों गौवंशों के शवों को विधि-विधान के साथ दफन कर सम्मानजनक अंतिम संस्कार कराया गया।

### गौवंशों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था की मांग

गौ रक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक हैं, उनके प्रति इस तरह की लापरवाही बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने प्रशासन से निराश्रित एवं बीमार गौवंशों की देखरेख के लिए ठोस व्यवस्था किए जाने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। स्थानीय नागरिकों ने संगठन और नगर पालिका की त्वरित कार्रवाई की सराहना की, साथ ही घाटों और सार्वजनिक स्थलों पर मृत पशुओं के निस्तारण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की मांग उठाई।

# आधी रात जंगल में वन विभाग का छापा

## साल की लकड़ी काट रहे दो तस्कर गिरफ्तार

- चार आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार, भारी मात्रा में लकड़ी व वाहन जब्त

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में वन संपदा की सुरक्षा के लिए वन विभाग ने बड़ी और साहसिक कार्रवाई करते हुए आरक्षित वन क्षेत्र से साल के पेड़ काट रहे दो लकड़ी तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पूरनपुर रेंज के अंतर्गत गोपालपुर कक्ष संख्या-04 में आधी रात को की गई, जिससे लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया।

सामाजिक वानिकी प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी भरत कुमार ने बताया कि बीते कुछ दिनों से गोपालपुर क्षेत्र में लकड़ी तस्करी की गतिविधियों की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। 8 जनवरी 2026 की रात करीब 8 बजे पुख्ता सूचना मिलने पर वन विभाग की विशेष टीम गठित कर चिन्हित स्थान पर घेराबंदी की गई।छापेमारी के दौरान पाया गया कि तस्कर साल के एक बड़े और बहुमूल्य पेड़ को काटकर उसके टुकड़े कर रहे थे और उन्हें ले जाने की तैयारी में थे। वन कर्मियों को देखकर तस्करों में अफरा-तफरी मच गई।

वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए दो




आरोपियों–बुन्दन खां पुत्र मोहम्मद सैद और शाकिर खां पुत्र हबीब खां, दोनों निवासी ग्राम गोपालपुर–को मौके से गिरफ्तार कर लिया। वहीं गिरोह के चार अन्य सदस्य–इमामी, दिलशाद, पप्पू और हासिम मियां–घने जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।आरोपियों के कब्जे से साल की लकड़ी के 10 बोटे (1.107 घन मीटर) बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही एक बड़ा आरा, एक साइकिल और दो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। वन विभाग ने सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

डीएफओ ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और अवैध कटान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गन्ना किस्मों की पहचान को लेकर गन्ना पर्वेक्षकों का विशेष प्रशिक्षण, 15 से 20 जनवरी तक होगा आयोजन

**किसानों और चीनी मिलों के बीच विवाद रोकने की पहल, प्रशिक्षण के बाद होगा सटीक सर्वे- खुशीराम भार्गव**



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

गन्ना किस्मों की पहचान से जुड़े विवादों की रोकथाम और सर्वे कार्य की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से गन्ना विकास विभाग द्वारा गन्ना पर्वेक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव की अध्यक्षता में किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर परिसर में गन्ना पर्वेक्षकों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी ने सभी गन्ना पर्वेक्षकों को निर्देशित किया कि वे आगामी बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त गन्ना पर्वेक्षकों को गन्ना किस्मों की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पहचान हेतु 15 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### किस्म पहचान में भ्रम से होते हैं विवाद

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में गन्ना पेराई सत्र संचालित है और सर्वे के समय खेतों में खड़ी गन्ना फसल छोटी अवस्था में रहती है, जिससे किस्म की स्पष्ट पहचान कर पाना कठिन हो जाता है। ऐसे में किसानों से पूछताछ के आधार पर किस्म दर्ज की जाती है, लेकिन पेराई के दौरान जब फसल चीनी मिल पर पहुंचती है तो किस्म अलग पाई जाती है, जिससे किसानों और चीनी मिलों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### प्रशिक्षण से मिलेगा स्थायी समाधान

उन्होंने बताया कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सभी गन्ना पर्वेक्षकों का गन्ना किस्मों की पहचान में दक्ष होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से मिनिस्ती यस. गन्ना आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा सभी जिला गन्ना अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि 15 से 20 जनवरी 2026 के बीच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अनिवार्य रूप से कराया जाए।यह प्रशिक्षण गन्ना विकास विभाग एवं संबंधित चीनी मिलों के प्रशिक्षित ट्रेनर्स द्वारा चीनी मिल स्तर पर आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत 20 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक खेतों में खड़ी गन्ना फसल का विस्तृत और सटीक सर्वे कराया जाएगा।

### पारदर्शिता और विश्वास को मिलेगी मजबूती

गन्ना विकास विभाग का मानना है कि इस प्रक्रिया से आगामी वर्ष की पेड़ी गन्ना फसल में किस्म से संबंधित विवाद समाप्त होंगे और किसानों एवं चीनी मिलों के बीच पारदर्शिता और विश्वास को मजबूती मिलेगी। यह पहल गन्ना सर्वे प्रणाली को अधिक वैज्ञानिक, पारदर्शी और विवादमुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

बैठक में अमित चतुर्वेदी मुख्य गन्ना अधिकारी, संजय श्रीवास्तव ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गेहूं की फसल को उजाड़ रहे हैं आवारा पशु खेतों में दिन रात रखवाली करने को मजबूर किसान



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

घुंघचाई क्षेत्र में आवारा पशुओं के आतंक से ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। विशेषकर किसान वर्ग को इन पशुओं के कारण भारी है नुकसान झेलना पड़ रहा है। जिसके चलते किसानों का धैर्य जवाब दे रहा है। किसानों के अनुसार आवारा पशु उनकी खेती को बर्बाद कर रहे हैं। खेतों में दिनरात रहने के बावजूद भी इन पशुओं के आतंक से छुटकारा नहीं मिल रहा। ग्रामीणों ने बताया कि आवारा पशु उनकी सरसों, गेहूं, चने व सब्जी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। गांव घुंघचाई व आसपास क्षेत्रों में आवारा पशुओं की भारी तादाद है। जो दिनरात किसानों के खेतों में घुस रहे हैं। और कड़े पहरे के बावजूद भी खेती बर्बाद कर रहे हैं। किसानों ने कहा कि महंगे खाद, बीज से उन्होंने हजारों रुपये खर्च कर खेतों में रबी फसलों की बुआई, की है। ठंड में सिंचाई कर किसान अपनी आजीविका के लिए खेती के कार्य में जुटे हैं। लेकिन क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में घूम रहा आवारा पशुओं का झुंड उनकी खेती बर्बाद कर रहा है। जिससे किसानों की पूरी मेहनत पर पानी फिर गया है और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### हादसों का पर्याय बने आवारा पशु

क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे आवारा पशुओं के कारण हादसों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। गलियों व सड़कों के किनारे घूम रहे आवारा पशु अचानक भागकर सड़कों पर आ जाते है। जिससे दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो जाते है। वहीं बड़े वाहन की चपेट में आने से कई बार पशु भी गंभीर रूप से जख्मी हो जाते है।क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का कहना है कि आवारा पशुओं से आम जन को निजात दिलाने के लिए प्रशासन त्वरित कार्यवाही अमल में लाए। गौवंश को भी संरक्षण की जरूरत है, इन्हें गौशाला इत्यादि में पहुंचाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। इन पशुओं की बढ़ रही संख्या आम जन के काबू से बाहर है इसलिए प्रशासन को इस बारे में कदम उठाते हुए आवारा पशुओं से निजात दिलाने चाहिए।

# आठ साल के बालक से किया कुकर्म पुलिस ने दो नाबालिगों के खिलाफ दर्ज कि रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। एक किशोर को गन्ने के खेत में खींच ले गया। वहां उसके साथ दो किशोरों ने कुकर्म किया। घर लौटे बालक ने परिजनों को घटना के बारे में बताया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला आठ साल का बालक पांच जनवरी को खेल रहा था। इस दौरान नाबालिग युवक उसे गन्ने के खेत ममें खींचकर ले गया। आरोप है उसने बालक के साथ कुकर्म किया। इस दौरान बालक का नाबालिग चचेरा भाई भी खेत पहुंच गया। उसने भी बालक के साथ घिनौनी हरकत की। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर पहुंचे बालक ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया। मजदूरी घर लौटे पिता ने बालक से पूरी घटना की जानकारी ली। उसके बाद कोतवाली पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने कुकर्म करने वाले दोनों नाबालिगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# एमो और किसानों के बीच हुई हाथापाई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

मंडी समिति में शुक्रवार को धान की तौल न होने पर एक किसान और विपणन अधिकारी (स्‍ह) के बीच मारपीट हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए।जिसने मंडी प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कालीनगर क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ा तालुके महाराजपुर निवासी किसान गुरसरन सिंह पुत्र तरसेम सिंह अपना धान लेकर मंडी समिति के क्रय 3 क्रय केंद्र पर आए थे। किसान का आरोप है कि वह पिछले लगभग 20 दिनों से धान की तौल का इंतजार कर रहे थे।शुक्रवार को जब गुरसरन सिंह का धान नहीं तौला गया, तो उन्होंने विपणन अधिकारी (स्‍ह) प्रदीप कुमार से तौल में देरी का कारण पूछा। इस बात पर दोनों के बीच तीखी बहस शुरु हो गई।जो जल्द ही मारपीट में बदल गई।

मंडी में मौजूद अन्य किसानों और कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस मारपीट के बाद मंडी में मौजूद अन्य किसानों में भी आक्रोश फैल गया। किसानों का आरोप है कि क्रय केंद्रों पर जानबूझकर धान की तौल में देरी की जा रही है। जिससे उन्हें अपनी फसल बिचौलियों को कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

# नगर विकास को लेकर नगर पालिका में एमएलसी का मार्गदर्शन

## जनसमस्याओं के समाधान पर हुआ मंथन

- गांधी सभागार की समीक्षा बैठक के बाद नगर पालिका कार्यालय में हुआ संवाद कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

आज गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट पीलीभीत में आयोजित समीक्षा बैठक के उपरांत नगर पालिका परिषद पीलीभीत कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद को विधान परिषद सदस्य कुँवर महाराज सिंह, विजय बहादुर पाठक, हरि सिंह ढिल्लों एवं जयपाल सिंह व्यस्त का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। नगर पालिका कार्यालय पहुंचने पर सभी एमएलसी अतिथियों का गरिमामय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बैठक के दौरान नगर के विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, अधोसंरचना विकास तथा आमजन से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विधान परिषद सदस्यों ने नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य की योजनाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने नगर के समग्र विकास के लिए आवश्यक सुझाव और दिशा-निर्देश भी दिए। अतिथियों ने कहा कि नगर के समग्र और संतुलित विकास के लिए जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका तथा प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बेहद आवश्यक है।

उन्होंने यह भी कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए और जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, धीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट, सभासद साकेत सक्सेना, विपिन गंगवार, निर्मल सिंह, वतनदीप मिश्रा, अवतार सिंह, विकास बाबू, शिवम श्रीवास्तव, विपिन मिश्रा एवं अम्बरीश शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान नगर के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई और आगामी कार्ययोजनाओं को गति देने तथा जनहित में बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत नो हेलमेट-नो फ्यूल नीति लागू, 52 दोपहिया चालकों के चालान

## पेट्रोल पंपों पर चला विशेष अभियान, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती के निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से प्रदेशभर में मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा लगातार जागरूकता और प्रवर्तन अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय सप्ताह में नो हेलमेट-नो फ्यूल पॉलिसी के तहत एक सप्ताह के विशेष प्रवर्तन अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र कमल प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के दौरान एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, यात्रीकर अधिकारी श्रीमती बर्डिस चतुर्वेदी, यातायात पुलिस निरीक्षक राघवेंद्र सिंह तथा पूर्ति विभाग के निरीक्षक रामसरन राणा की संयुक्त टीम ने जनपद के एक दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया।

### बिना हेलमेट पेट्रोल लेने पहुंचे चालकों को किया जागरूक

निरीक्षण के दौरान बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल लेने पहुंचे दोपहिया वाहन चालकों को रोका गया और उन्हें हेलमेट की अनिवार्यता एवं सड़क सुरक्षा के



महत्व के बारे में जागरूक किया गया। अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले 52 दोपहिया वाहन चालकों के चालान भी किए गए।उप परिवहन आयुक्त ने पूर्ति विभाग के निरीक्षक को निर्देश दिए कि जनपद के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को नो हेलमेट-नो फ्यूल नीति का सख्ती से पालन कराने के निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट लगाए आए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल की बिक्री न करें।

### 14 जनवरी तक चलेगा विशेष प्रवर्तन अभियान

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 8 जनवरी से 14 जनवरी 2026 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और सुरक्षित यात्रा को प्राथमिकता दें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# डीएम व एसपी ने राजघाट माघ मेला की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई।शुक्रवार को डीएम व एसपी द्वारा थाना बिलग्राम क्षेत्रांतर्गत स्थित राजघाट पर आयोजित माघ मेले का भ्रमण किया गया। अधिकारियों ने मेले के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेला स्थल पर की गई व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, प्रकाश व्यवस्था तथा आपात स्थिति से निपटने के इंतजामों की समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर तैनात पुलिस बल को सतर्क रहते हुए भीड़ नियंत्रण, महिला सुरक्षा और यातायात सुचारु रखने के निर्देश दिए।डीएम अनुनय झा ने बताया÷माघ मेला श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा आयोजन है। प्रशासन का प्रयास है कि मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो। सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल और चिकित्सा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। किसी भी समस्या पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।÷प्रशासन की ओर से आमजन से अपील की गई है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें, प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सहयोग करें और किसी भी असुविधा की सूचना तत्काल मेला नियंत्रण कक्ष को दें।

## बंदरों के आतंक से व्यापारी परेशान

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** नगर में लगातार बंदरों की संख्या बढ़ती जा रही है। बंदरों के आंतक से नगर की जनता परेशान हैं। नगर के मोहल्लों के साथ थोक सब्जी मंडी व गल्ला मंडी में बंदरों से व्यापारी परेशान हैं। नगर के कई मोहल्ले बंदरों से परेशान हैं। बंदरों की बढ़ती संख्या व उनके आंतक से लोगों का चैन छिना हुआ है। लोग बंदरों के चक्कर में छत पर बैठ नहीं पाते हैं। सर्दी में छतों पर कपड़ा नही सुखा पाते हैं। खाने पीने का कोई सामान छूट जाये तो वह लेकर भाग जाते हैं। बंदरों को छेड़ने या भगाने पर वह लोगों को दौड़ा लेते हैं। बंगरा मार्ग पर स्थित थोक गल्ला मंडी व सब्जी मंडी में बंदरों का लगातार आंतक व्याप्त है। बंदरों के आंतक से आम जनता के साथ व्यापारी परेशान है। परेशान लोग वन विभाग से शिकायत कर रहे हैं लेकिन वन विभाग की ओर से भी कोई समाधान नहीं होता है। सभासद जयकरन, रविंद्र यादव उर्फ मोनू, शैलेंद्र कुमार आदि ने ईओ सुशील कुमार से मिलकर नगर के वार्ड संख्या तीन, पांच और 10 में विचरण कर रहे बंदरों को पकड़वाने व उन्हें जंगल में छुड़वाने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि ईओ के आश्वासन के बाद भी बंदरों की समस्या के समाधान को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# एसपी ने पुलिस लाइन में परेड का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई।एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने प्रशिक्षु आरक्षियों की परेड, क्वार्टर गार्ड, अर्दली रूम तथा डायल 112 से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया।परेड के दौरान अनुशासन, वर्दी, टर्नआउट और ड्रिल की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। प्रशिक्षु आरक्षियों को शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के महत्व के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही क्वार्टर गार्ड एवं अर्दली रूम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं रिकॉर्ड संधारण को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।डायल 112 प्रणाली के निरीक्षण के दौरान रिस्पांस टाइम, संसाधनों की उपलब्धता एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने आमजन की सहायता के लिए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस व्यवस्था को मजबूत और जनहितैषी बनाने के लिए इस तरह के निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

# शॉट सर्किट से घर में लगी आग से वृद्ध की जलकर मौत, गृहस्थी तवाह

जन एक्सप्रेस । उरई

कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परैथा में शॉट सर्किट के चलते घर में आग लग गई। इस हादसे में वृद्ध की जलकर मौत हो गई और गृहस्थी का सामान भी पूरी तरह तवाह हो गया। कोंच कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परैथा निवासी श्रीराम बसोर 70 वर्ष लंबे समय से पैरालिसिस से पीड़ित थे और चलने-फिरने में असमर्थ थे। बताया गया कि जिस समय आग लगी, उस वक्त वह घर के अंदर ही मौजूद थे और पूरे परिवार के लोग खेत पर काम करने के लिए गए थे। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर मदद की कोशिश की, लेकिन आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक कच्चा मकान पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। बल्कि इस हादसे में श्रीराम बसोर की जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर कोंच कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा से ही सुरक्षित भविष्य का निर्माण: डीएम

जन एक्सप्रेस । उरई



जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल झाँसी रोड में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।कार्यक्रम का आयोजन परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसमें एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। एसपी ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा एवं नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीके भिटौरिया, वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश, यातायात प्रभारी बीर बहादुर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, ऑटो यूनियन, यूपीडा, वाहन एजेंसियों के प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## कपड़ों की फेरीकर घर लौट रहे अधेड़ की ट्रक से कुचल कर मौत, ट्रक व चालक हिरासत में

जन एक्सप्रेस । उरई

सिरसा कलार थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने कपड़ों की फेरीकर लौट रहे अधेड़ को रौंद दिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक व चालक को हिरासत में ले लिया। शहर के मुहल्ला पटेल नगर निवासी 45 वर्षीय धर्मेंद्र विश्नोई ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में कार से कपड़े बेचने जाता था। बताया गया कि वह गुरुवार को नियामतपुर बाजार में वह दुकान लगाए था। रात करीब 10 बजे जब वह घर लौट रहा था तभी नियामतपुर चौराहे के पास वह किसी से बात करने के लिए बाहर निकला। तभी जोल्हूपुर की तरफ से आए तेज रफ्तार ट्रक चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और वह सड़क पर जा गिरा, और ट्रक का अगला पहिया उसके सिर पर चढ़ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद एसआई चेतराम बुंदेला ने पहुंचकर शिनाख्त कराने के बाद मृतक के भाई अमित विश्नोई को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई अमित ने बताया कि वह पत्नी कीर्ति व तीन पुत्री व एक पुत्र का भरण पोषण कपड़े बेचकर करते थे।भाई की मौत से सभी बेहाल हैं। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही ट्रक को चालक समेत पकड़ लिया गया है।

# बिलग्राम पुलिस की कार्रवाई, अवैध मिट्टी खनन में प्रयुक्त जेसीबी व दो डंपर सीज



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई। जनपद के थाना बिलग्राम क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन किए जाने की सूचना पर पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और दो डंपर को सीज कर लिया। यह कार्रवाई 8 जनवरी को थाना सांडी क्षेत्रांतर्गत ग्राम नेकपुर हातिमपुर में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त गांव में मानकों के विपरीत अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एसडीएम एवं सीओ बिलग्राम के निर्देशन में टीम गठित कर मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही अवैध खनन में संलिप्त व्यक्ति मौके से फरार हो गए।कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में प्रयुक्त एक अदद जेसीबी मशीन तथा दो अदद डंपर को नियमानुसार कब्जे में लेकर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत सीज कर दिया गया। पुलिस द्वारा अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी प्रचलित की जा रही है।इस अभियान में थाना बिलग्राम पुलिस टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पुलिस ने पांच जुआड़ियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** जीत हार की बाजी लगा रहे पांच लोगों को छिरिया मलकपुरा चौकी पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 6680 रुपये बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेडा में वाल्मीकि मोहल्ले के पास स्थित मंदिर के पास लंबे समय से जुआ का फड़ पर चल रहा था। बृहस्पतिवार की रात छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी अजीत शर्मा को सूचना मिली कि मंदिर पास कुछ लोग जीत हार की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से जीत हार की बाजी लगा रहे अमखेड़ा निवासी राहुल कुमार, नीलू उर्फ राकेश, ईलू कुमार, रामशरण, कमल कुमार को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने मालफड़ पर 5200 रुपये व जामा तलाशी में 1480 रुपये के साथ मोबाइल फोन व ताश की गड्डी बरामद की है। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# एक रात में चोरों ने चार घरों में किया हाथ साफ, लाखों के जेवरात लेकर फरार

जन एक्सप्रेस । उरई

- अकोड़ी व तगारेपुर गांव में दिया वारदात को अंजाम, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

आटा थाना क्षेत्र में बीती रात वैखौफ होकर घूमी चोरों की बारात ने पुलिस गश्ती की पोल खोलते हुए आसपास के सटे गांव के चार घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। जहां से चोर नगदी सहित लाखों रुपए के कीमती सोने चांदी के आभूषण समेटकर फरार हो गए। एक रात में हुई चार घरों में चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल व्याप्त है। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम तगारेपुर निवासी अनीस खान ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने बाहर से दरवाजे में कुंडी लगा दी और शौचालय की छत के रास्ते घर में दाखिल हो गए। चोर कमरे में रखे दो बक्से उठाकर छत पर ले गए, जिनमें 24 हजार रुपये नकद, दो जोड़ी चांदी की पायल, सोने की मनचली, मंगलसूत्र, झुमकी, टॉप्स और दस चांदी के सिक्के रखे थे। चोरी गए सामान की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है। जाते-जाते चोर छत पर लोहे का औजार छोड़ गए। चोरों ने इसी गांव में कुछ दूरी पर स्थित एक कच्चे मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। मकान मालकिन गिरजा ने बताया कि वह रात में अपने बेटे के घर सोने गई थी। सुबह लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। गिरजा के मुताबिक, बकरे बेचकर रखे गए 17 हजार रुपये नकद और कुछ सोने के आभूषण चोरी हो गए जबकि तगारेपुर से सटे अकोढ़ी गांव में भी चोरों ने दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कालका प्रसाद निवासी अकोढ़ी ने बताया कि चोरों के घर में घुसने की परिजनों को भनक तक नहीं लगी। चोरों ने प्लास से ताला तोड़कर बक्से में रखे 5 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। पास ही स्थित एक अन्य घर में भी इसी तरह चोरी हुई। यहाँ भी चोरो ने प्लास को छोड़ा।

## ग्राम प्रधान सहित दो लोगों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** पाली थाना क्षेत्र के ग्राम एक ग्राम प्रधान सहित दो लोगों के खिलाफ बेहटा गोकुल थाने में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। मगनपुर निवासी राममिलन पुत्र सीताराम के अनुसार थाना पाली के ग्राम जम्हौरा निवासी तेज राम पुत्र सुरंजन ने सोनू पुत्र जगराम के खाते में ऑनलाइन ?40,000 पीड़ित से यह कहकर डलवाए कि वह उसे नगद पैसे दे रहा है। पैसे खाते में पहुंच जाने के बाद अपनी गाड़ी उठाई और दोनों चंपत हो गए। फोन से जब पैसे देने की बात कही तो पीड़ित को दूसरे दिन पैसे देने की बात कह कर टाल दिया। पीड़ित ने बेहटा गोकुल थाने में शिकायत दर्ज करने का प्रयास किया तो उसकी शिकायत नहीं दर्ज की गई। तब उसने पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर आपबीती बताई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## मारपीट के आरोप में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर

गली से निकलने को लेकर आरोपियों ने दंपति सहित युवक के साथ मारपीट की है।पुलिस में चार पर मारपीट की धाराओं में प्राथमिक की दर्ज की है। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के बारामऊ गांव निवासी प्रांशु पुत्र राम रतन सक्सेना ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि 6 जनवरी की सुबह लगभग 7ः00 बजे गली से निकलने को लेकर गांव निवासी शिवम समेत चार लोगों से कहासुनी करने लगे।विरोध करने पर गुस्से में आकर चारों लोगों ने लात घुसो व लाठी डंडों से मरने लगे शोर शराबा सुनकर बचाव करने आई युवक की पत्नी विनीता बड़े भाई

# महिला से छेड़छाड़ के मामले में दो माह बाद रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर

खेत में खड़ी पर बरसीम में कीटनाशक डालकर फसल नष्ट करने उलाहना देने गई पीड़िता के साथ आरोपियों ने छेड़छाड़ के साथ मारपीट की हैं।घटना के दो माह बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की हैं।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र एक गांव निवासी महिला ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया हैं कि गांव निवासी कमलेश ने उसके खेत बरसीम बोई हैं।गांव निवासी रमेश ने बरसीम ने कीटनाशक दवा डालकर बरसीम की सारी फसल नष्ट कर दी हैं।29 नवंबर की दोपहर करीब 3ः00 बजे रमेश के घर पर उलहाना देने गई महिला के साथ आरोपी ने छेड़छाड़ करने लगा तथा जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच तीन अन्य आरोपी पीड़िता को घसीट कर घर में खींच ले गए तथा लाठी डंडों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।इसी बीच तीन अन्य आरोपी पीड़िता को घसीट कर घर में खींच ले गए तथा लाठी डंडों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता का आरोप हैं कि आरोपियों ने मोबाइल भी तोड़ दिया तथा पायल आरोपियों के घर पर गिर गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिक दर्ज की है।अरवल के थाना अध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि प्राथमिकी की दर्ज कर मामले की जांच करवाई जा रही हैं।जांच के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने पश्चिमी जोन के थानों के त्यौहार रजिस्टरों की जांच की

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई।एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा पश्चिमी जोन के अंतर्गत आने वाले समस्त थानों का निरीक्षण करते हुए त्यौहार रजिस्टरों की जांच की गई। इस दौरान आगामी त्योहारों के दृष्टिगत की गई तैयारियों, पूर्व में हुए आयोजनों के विवरण तथा कानून व्यवस्था से संबंधित प्रविष्टियों का अवलोकन किया गया।

एसपी ने निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती कदम समय से सुनिश्चित किए जाएं। संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने, स्थानीय स्तर पर शांति समितियों के साथ समन्वय बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की सूचना पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसपी ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के समय कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## उधारी के पैसे वापस न करने पर रिपोर्ट दर्ज

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में एक महिला ने उधारी में दिए गए 50 हजार रुपए वापस न करने पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम रामापुर राहोलिया निवासी छोटी देवीपत्नी मोहनलाल वर्मा के अनुसार 3 साल पूर्व गांव के ही धनीराम पुत्र बनवारी को उसके पति ने 50, 000 उधार दिए थे। बार-बार रुपए मांगने के बाद भी धनीराम द्वारा पैसे वापस नहीं किए गए और गंदी-गंदी गालियां दी जाती हैं। महिला ने थाने में तहरी देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## विवाहिता को पीट कर घर से निकालने का आरोप,थाने पर दी गयी तहरीर

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद

दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को उसके ससुराली जनों ने पीट कर घर से भगा दिया। विवाहिता पांच माह से अपने मायके में रह रही है। कोतवाली में तहरीर देकर ससुराली जनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करने की मांग की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोगीपुर निवासी अरविंद पुत्र कल्लू लाल के अनुसार आठ माह पूर्व शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मंगलीपुर में उसने अपनी पुत्री पूजा देवी का विवाह गोविंद पुत्र महेश के साथ किया था। बारात में उसने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया। लेकिन पुत्री के पति गोविंद, ससुर महेश, सास, रानी और ननद संगीता ने उसे कम दहेज लाने का ताना दिया और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी।बारात में उसने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया। लेकिन पुत्री के पति गोविंद, ससुर महेश, सास, रानी और ननद संगीता ने उसे कम दहेज लाने का ताना दिया और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। दूसरी बार विदा में जब उसकी पुत्री अपनी ससुराल गई तो फिर दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग दोहराई गई जिस पर उसने असमर्थता जताई तो ससुराली जन मारपीट करने लगे। आरोप है कि ससुर उस पर बुरी नजर रखता था। पुत्री को पांच माह पूर्व पीट कर घर से निकाल दिया। तब से पुत्री उसके घर में रह रही है। अरविंद ने शुक्रवार को एक तहरीर देकर आरोपी ससुराली जनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# कानून हाथ में लेने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, मुकदमा दर्ज

## चोर के अलावां उसकी पिटाई करने वालों के खिलाफ भी पुलिसिया कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की पट्टी कोतवाली थाना इलाके के पट्टी कस्बे के रायपुर रोड स्थित सना इंटरप्राइजेज नाम से एक हार्डवेयर की दुकान है। दुकान के पीछे बने गोदाम में गुरुवार देर रात चोरी के इरादे से एक युवक पीछे के दरवाजे से अंदर घुस गया। गोदाम से खटपट की आवाज आने पर आसपास के कुछ दुकानदार जग गए। दुकानदारों ने गोदाम मालिक को बुलाया। गोदाम में जब लोगों ने अंदर छिपे चोर को देखा तो उसे पकड़कर बाहर ले आए। गुस्साए लोगों ने युवक के कपड़े फाड़ दिए और उसे जमीन पर गिराकर डंडों से पीटा और लात-घूंसे बरसाए। भीषण ठंड में युवक रहम की गुहार लगाता रहा लेकिन किसी ने एक न सुनी। सूचना मिलते ही पट्टी थाना प्रभारी आनंदपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाते हुए हिरासत में लेकर थाने आये। पुलिस ने अस्पताल ले जाकर युवक का इलाज कराया। आरोपी युवक को भीड़ द्वारा बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस पिटाई करने वालों को चिन्हित कर मामले की छानबीन कर रही है। फिलहाल चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही आरोपी की बेरहमी से पिटाई कर कानून अपने हाँथ में लेने वालों के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है। थाना प्रभारी पट्टी आनंदपाल सिंह ने बताया कि दुकानदार की तहरीर पर चोरी का प्रयास करने के आरोपी पंचम गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही युवक को पीटने के आरोपियों के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। कानून को हाँथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। जो भी कानून अपने हाँथ में लेगा उसे बख्शा नहीं जायेगा।

## मजिस्ट्रेट की निगरानी में होंगे बोर्ड परीक्षा का प्रैक्टिकल

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

यूपी बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं इस बार सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में होंगी। इसके लिए जिले के छह अधिकारियों की सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्ति किया गया है। वे अपने-अपने तहसील क्षेत्र के विद्यालयों का भ्रमण कर यूपी बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षा की निगरानी करेंगे। प्रयोगात्मक परीक्षा को लेकर कॉलेजों में तैयारियां चल रही हैं। सीसीटीवी सक्रिय कर दिए गए हैं। इस बार जनपद के छह तहसीलों में एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। यह सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने तहसील क्षेत्र के इंटर कॉलेजों में आयोजित प्रयोगात्मक परीक्षा की निगरानी करेंगे। इसके अलावा वे परीक्षा से पहले यह परीक्षा केंद्रों पर जाकर वहां की सुविधाएं परखेंगे। अगर कोई खामी मिलती है तो उसे दुरुस्त करवाएंगे। डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रैक्टिकल परीक्षा को लेकर तैयारियां चल रही हैं। प्रयोगात्मक परीक्षा सेक्टर मजिस्ट्रेट की देखरेख में परीक्षाएं होंगी।

# सोनवल पचफेड़ा माइनर ओवरफ्लो, डूबी फसल



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

विशुनपुरा ब्लॉक के मठिया शाखा से निकली सोनवल पचफेड़ा माइनर में अत्यधिक पानी छोड़े जाने से भारी तबाही मच गई। माइनर का पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में फैल गया, जिससे सोनवल, पचफेड़ा और विंदवलिया गांवों में करीब तीन सौ से अधिक एकड़ में लगी गेंहू की फसल जलमग्न हो गई। खेतों में पानी भर जाने से तिलहन, सब्जी समेत अन्य रबी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि पूरी रात अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण माइनर कई जगहों पर उफना गई और पानी खेतों में घुस गया। देखते ही देखते खेत तालाब में तब्दील हो गए, इससे खड़ी फसल पूरी तरह डूब गई। सबसे अधिक नुकसान तिलहन की फसल को हुआ है, जिसके पूरी तरह बर्बाद होने की आशंका जताई जा रही है। पीड़ित किसानों ने सिंचाई विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सोनवल माइनर की समय से सफाई नहीं कराई गई।

# आईजीआरएस निस्तारण में फरेंदा व नौतनवां अव्वल

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जनशिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के क्षेत्र में जनपद महराजगंज ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। आईजीआरएस (एकीकृत जन शिकायत निवारण प्रणाली) निस्तारण में फरेंदा और नौतनवां तहसील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, जनपद महराजगंज को प्रदेश स्तर पर 13वां स्थान प्राप्त हुआ है।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम एवं उपजिलाधिकारी नौतनवां नवीन प्रसाद सहित समस्त राजस्व एवं तहसील टीम के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि प्राप्त हुई। तहसीलों द्वारा आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आईजीआरएस निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी एसडीएम को निर्धारित एसओपी का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए थे। राजस्व संबंधी शिकायतों का निस्तारण राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच के बाद किया गया। साथ ही, जांच अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता से वार्ता के उपरांत ही जांच आख्या प्रस्तुत की गई। एसओपी के अनुसार जांच आख्या का सत्यापन उपजिलाधिकारी स्तर से रैंडम आधार पर भी किया गया।

आंकड़ों के अनुसार, जनपद में विगत छह माह में डिफॉल्ट प्रकरणों का प्रतिशत मात्र 0.06 प्रतिशत रहा। कुल 380 प्रकरणों में 77 प्रतिशत से अधिक मामलों में संतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ। जनपद में 'सी' श्रेणी के संदर्भ शून्य रहे। जनपद को 140 में से 131 अंक प्राप्त हुए, जो 93.57 प्रतिशत है।

जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर फरेंदा और नौतनवां तहसील की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जनपद के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। फरेंदा और नौतनवां का प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करना यह दर्शाता है कि लोक शिकायत निस्तारण में गुणात्मक सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य तहसीलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी और सुशासन व पारदर्शिता की दिशा में जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भविष्य में भी इसी तत्परता के साथ जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

## प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए ट्रायल आज

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

बलिया के रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में 16 से 18 जनवरी तक प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें प्रतिभाग करने के लिए शुक्रवार को जिला स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल होगा। इसमें चयनित खिलड़ी 11 जनवरी को गोरखपुर स्थित रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल देंगे। वहां चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा।

यह जानकारी क्रीडाधिकारी रवि कुमार निषाद ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता टीम के चयन के लिए शुक्रवार की दोपहर 12꞉30 बजे से जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल होगा। इसमें चयनित खिलाड़ी 11 जनवरी की सुबह 11 बजे से रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम, गोरखपुर में ट्रायल देंगे।

# मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत समीक्षा गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शुक्रवार को एसपी दीपक भूकर द्वार पुलिस लाइन स्थित सई कम्प्लेक्स में मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत एक समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं सीओ लाइन शिवनारायण वैस भी सम्मिलित हुए। गोष्ठी के दौरान महिला सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने, मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यपद्धति को सुदृढ़ करने तथा हेल्पलाइन एवं काउंसलिंग सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष फोकस किया गया। महिला सुरक्षा से जुड़े प्रत्येक बिंदुओं पर जैसे फील्ड विजिट, शिकायत निस्तारण, काउंसलिंग एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रभारी महिला एवं सुरक्षा संगठन, थानाध्यक्ष महिला थाना, तथा जनपद के सभी थानों के मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी एवं महिला कर्मी अपने-अपने रजिस्टर, अभिलेख एवं रिपोर्ट्स के साथ उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा अभिलेखों का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सहायता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि महिला सुरक्षा एवं सहायता से जुड़ी प्रत्येक सेवा ÷फास्ट-फोकस्ड-इफेक्टिव÷ तरीके से संचालित हो तथा मिशन शक्ति अभियान को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाया जाए। इस दौरान उच्चाधिकारीगण द्वारा मिशन शक्ति टीम द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा भी की गई।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रशिक्षण एवं समीक्षा गोष्ठी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित सई कॉम्प्लेक्स में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में एक विशेष प्रशिक्षण एवं समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीओ यातायात अनिल कुमार राय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी यातायात प्रदीप कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया जिसमें जिले के समस्त थानों से आए उपनिरीक्षक सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण के दौरान उपनिरीक्षकों को द्वत्र्छ सॉफ्टवेयर के प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रत्येक सड़क दुर्घटना का सम्पूर्ण विवरण द्वत्र्छ सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाना आवश्यक है। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि द्वत्र्छ के माध्यम से यदि किसी विशेष स्थल पर बार-बार सड़क दुर्घटनाएँ घटित होती हैं, तो उसका डेटा-आधारित विश्लेषण कर उस स्थल को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया जाएगा तथा संबंधित विभागों के समन्वय से आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही (साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, लाइटिंग, सड़क सुधार आदि) कराई जाएगी, जिससे दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि दुर्घटना पीड़ितों को बीमा क्लेम की त्वरित सुविधा उपलब्ध कराने हेतु IRAD/eDAR प्रणाली पर बीमा से संबंधित आवश्यक विवरण समयबद्ध एवं शुद्ध रूप से अंकित किया जाए।

## आईजीआरएस रैंकिंग में दूसरी बार बरहज अव्वल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

आईजीआरएस शिकायत निस्तारण रैंकिंग में बरहज तहसील का लगातार दूसरी बार प्रथम आया है। इससे पूर्व भी एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी के ही नेतृत्व में तहसील को पहला स्थान मिला था। एसडीएम ने बताया कि दूसरी बार प्रदेश में पहला स्थान मिला है। दूसरी बार सफलता हाथ लगने पर तहसीलदार अरुण कुमार, नायब तहसीलदार रवींद्र मौर्य, पेशकार साधुशरण सहित अन्य कर्मचारियों के अलावा तहसील बार संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी दीक्षित, महामंत्री संतोष सिंह, नागेंद्र सिंह, उदयराज चौरसिया, अंबिकेश सिंह एसडीएम को बधाई दिया है।

# राजस्व अभिलेखों में फर्जीवाड़ा करने का आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की नगर कोतवाली थाने की पुलिस ने शुक्रवार को तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि नगर कोतवाली थाना इलाके के सिटी के रहने वाले पंकज कुमार पर आरोप है कि उसने ढाई वर्ष पूर्व तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर राजस्व अभिलेखों में फर्जीवाड़ा किया था। जिस मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी के साथ ही अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में निरीक्षक अरूण कुमार व उनकी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त निर्भय नाथ यादव को थाना इलाके के ट्रेजरी चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी शहर के बीटीसी रोड (पश्चिमी सहोदरपुर) भंगवा चुंगी का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया।

# धोखाधड़ी से जमीन का रजिस्ट्री कराने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले की नगर कोतवाली थाने की पुलिस ने दो लोगों पर धोखाधड़ी से जमीन रजिस्ट्री कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि उसके कम पढ़ा लिखा होने का फायदा उठाते हुए आरोपियों ने जमीन के तय हिस्से का पैसा देकर सम्पूर्ण जमीन अपने नाम रजिस्ट्री करवा लिया। फिलहाल मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली थाना इलाके चकवनतोड़ गांव निवासी रामसेवक ने तहरीर देते हुए बताया कि बीते नवम्बर माह में 3 तारीख को थाना कोतवाली देहात इलाके के कटकावली गांव निवासी दिनेश कुमार सरोज उसकी जमीन खरीदने के लिए सौदा तय किये। आरोप है कि इस दौरान दिनेश ने ढाई विस्वा जमीन का पैसा पांच लाख रुपये उसके खाते में डालकर बैनामा लिखाने के लिए सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर पहुंचे। रामसेवक का आरोप है कि दिनेश ने धोखाधड़ी करते हुए उसकी समस्त भूमि का बैनामा लिखा लिया जबकि रामसेवक ने जमीन का अधिकांश हिस्सा कई अलग-अलग लोगों को पहले ही बैनामा कर दिया है। रामसेवक की तहरीर पर पुलिस दिनेश सरोज व उसका सहयोग करने वाले भूपेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

## सरकारी दफ्तरों में चरम पर है भ्रष्टाचार, बिना रिश्वत नहीं हो रही सुनवाई

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

स्थानीय चौराहे पर बृहस्पतिवार को विधान परिषद नेता विपक्ष लालबहादुर के आगमन पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया। वह रामजानकी मार्ग से कपरवार के रास्ते गंतव्य को जा रहे थे। विधान परिषद नेता प्रतिपक्ष लालबहादुर यादव के कपरवार के रास्ते जाने की जानकारी होने पर समाजवादी कार्यकर्ताओं का जमावड़ा हो गया। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार भले जीरो टेलरेंस की कवायद कर रही है। लेकिन हकीकत कुछ और ही है। सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार चरम पर है।

# गोरखपुर ने देवरिया को हराकर जीता उद्घाटन मैच

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



पंडित खेदन प्रसाद त्रिपाठी स्मारक ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता का बृहस्पतिवार को डीएन इंटरमीडिएट कॉलेज के मैदान में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुकाबला देवरिया स्पोर्टिंग क्लब और गोरखपुर यूनिवर्सिटी के बीच खेला गया। इसमें गोरखपुर ने देवरिया को 3-0 से हरा दिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन छट्ठे लाल निगम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद आकाश में गुब्बारा छोड़कर किया।

रोमांचक मुकाबले में पहले हाफ के 15वें मिनट में गोरखपुर के खिलाड़ी राहुल ने गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मध्यांतर के बाद देवरिया के खिलाड़ियों ने मैच में बराबरी पर आने के लिए ताबड़तोड़ कई आक्रमण किए, लेकिन गोरखपुर की मजबूत डिफेंस की वजह से उन्हें कामयाबी नहीं मिली। दूसरे हाफ के 20वें मिनट में राहुल ने एक और गोलकर करके बढ़त को दोगुनी कर दी। 2-0 की बढ़त बना चुकी गोरखपुर की टीम मैच के आखिरी क्षणों में देवरिया पर हावी हो गई। मैच समाप्त होने के 5 मिनट पहले सेंटर फारवर्ड अनीश ने तीसरा गोल दाग कर अपनी टीम को 3-0 की निर्णायक बढ़त दिला दी। अंततः गोरखपुर की टीम ने उद्घाटन मुकाबला 3-0 के अंतर से जीत लिया। मैच में दो गोल करने वाले राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मैच में निर्णायक की भूमिका नीरज श्रीवास्तव, रिंकू कुमार, सूरज और श्रवण कुमार ने निभाई। कमेंट्री तारकेश्वर विश्वकर्मा और सज्जाद अली ने की। इस अवसर पर आयोजक इंजीनियर करुणेश त्रिपाठी ने आगंतुकों का अभिनंदन किया। प्रतियोगिता का अगला मुकाबला शुक्रवार को पटना और मेडिकल कॉलेज गोरखपुर की टीम के बीच खेला जाएगा।

# महराजगंज ब्लॉक में भ्रष्टाचार का नंगा सच

- जांच रिपोर्ट ने खोली परत-दर-परत पोल, सरकारी धन की खुली लूट की पुष्टि
- इंटरलॉकिंग, शौचालय, रेस्ट रूम और सौंदर्यीकरण कार्यों में भारी वित्तीय व तकनीकी अनियमितताएं
- जांच आख्या शासन को प्रेषित, पदमुक्ति व एफआईआर की मांग ने पकड़ा जोर







**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

उत्तर प्रदेश सरकार के 'जीरो टॉलरेंस' और पारदर्शिता के दावों की जमीनी हकीकत जौनपुर जिले के विकास खंड महराजगंज में उस समय बेनकाब हो गई, जब उच्चस्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट ने विकास कार्यों के नाम पर हुए व्यापक भ्रष्टाचार, सरकारी धन की बंदरबांट और नियमों की खुली अवहेलना की पुष्टि कर दी। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती मांडवी सिंह (पत्नी विनय सिंह) के कार्यकाल में कराए गए दर्जनों कार्यों की जांच जिलाधिकारी जौनपुर के आदेश पर गठित समिति द्वारा की गई थी। अब यह जांच आख्या शासन को भेज दी गई है और मामला पंचायती राज समिति, विधानसभा लखनऊ के पटल पर लंबित है। इसके बाद पदमुक्ति और आपराधिक कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

### शिकायत से शासन तक: भ्रष्टाचार की पूरी पटकथा

मामले की शुरुआत 4 अप्रैल 2023 को हुई, जब ग्राम पंचायत मीरापुर शिरोमणि निवासी देवी प्रसाद मिश्र ने विकास खंड महराजगंज में कराए गए कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत शासन से की। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी जौनपुर ने नियमावली 1997 के अंतर्गत जांच समिति गठित की, जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने की। समिति में वरिष्ठ कोषाधिकारी लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को सदस्य बनाया गया। कई महीनों तक अभिलेखों की जांच और स्थलीय निरीक्षण के बाद समिति ने विस्तृत व तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार की, जिसने पूरे तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया। भटौली ग्राम पंचायत में रेस्ट रूम निर्माण का मामला भी गंभीर अनियमितताओं से भरा मिला। मौके पर छत की ढलाई तक नहीं हुई इसके बावजूद फॉल्स सीलिंग पुट्टी पेंट जैसे कार्यों का पूरा भुगतान कर दिया गया समिति ने इसे सरकारी धन की सुनियोजित लूट की श्रेणी में रखा है।

### सरकारी धन से निजी परिसरों का निर्माण: सबसे बड़ा खुलासा

जांच का सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह रहा कि सार्वजनिक उपयोग के लिए स्वीकृत कार्य निजी परिसरों में करा दिए गए, जबकि भुगतान शत-प्रतिशत सरकारी धन से हुआ। ग्राम पंचायत मजीठी में इंटरलॉकिंग सड़क सार्वजनिक मार्ग के बजाय एक व्यक्ति के निजी परिसर में पाई गई। भटौली गांव में कई शौचालय निजी भवनों और निजी बाउंड्रीवाल के भीतर बने मिले। जांच समिति ने इसे सरकारी धन का खुला दुरुपयोग और नियमों का गंभीर उल्लंघन करार दिया है। कागजों में 100 मीटर, जमीन पर 30 मीटर इंटरलॉकिंग कार्यों में फर्जीवाड़े की तस्वीर और भी भयावह है। अभिलेखों में 100 मीटर सड़क दर्शाई गई जबकि मौके पर मात्र 30-35 मीटर कार्य पाया गया शेष लंबाई को पहले से बने बिटुमिनस मार्ग पर फर्जी तरीके से दर्शा दिया गया। जांच में लगभग 2.20 लाख के अतिरिक्त भुगतान की पुष्टि हुई है, जिसे समिति ने सीधी वित्तीय अनियमितता माना है।

### कुछ सही कार्य, लेकिन सवाल पूरी व्यवस्था पर

जांच में यह भी स्वीकार किया गया कि ब्लॉक परिसर में कुछ इंटरलॉकिंग और कार्यालय सौंदर्यीकरण कार्य मानकों के अनुरूप पाए गए। लेकिन समिति का स्पष्ट मत है कि 'कुछ चुनिंदा कार्यों को सही दिखाकर व्यापक भ्रष्टाचार को ढंकने का प्रयास किया गया। यानी 'चुनिंदा ईमानदारी' के सहारे पूरे तंत्र को बचाने की कोशिश।

### शासन से क्या-क्या कार्रवाई की सिफारिश

जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन ने शासन से स्पष्ट रूप से मांग की है नियमावली 1997 के नियम-4 के तहत ब्लॉक प्रमुख को तत्काल पदमुक्त किया जाए गबन, पद के दुरुपयोग और धोखाधड़ी के मामलों में एफआईआर दर्ज कर आपराधिक कार्रवाई की जाए गलत भुगतान की पूरी रिकवरी जिम्मेदार व्यक्तियों से कराई जाए

### लखनऊ से जुड़ते तार, मामला और गंभीर

गौरतलब है कि हाल के दिनों में सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में जमीन कब्जे और जान से मारने की धमकी के एक मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह का नाम सामने आया है। उस प्रकरण में प्रमुख पति का नाम सीधे तौर पर सामने आया, जो वायरल वीडियो में भी देखा गया। ऐसे में जौनपुर जिला प्रशासन की यह जांच रिपोर्ट पीड़ित पक्ष की स्थिति को और मजबूत करती मानी जा रही है।

### निष्कर्ष: अब कार्रवाई या फाइलों में दफन?

महराजगंज ब्लॉक की यह जांच रिपोर्ट विकास के नाम पर निजी लाभ, अधूरे कार्यों पर पूरा भुगतान और कागजों में सड़कें बनाने जैसी प्रवृत्तियों को बेनकाब करती है। 'जीरो टॉलरेंस' के दावों की पोल खुल चुकी है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है क्या दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी? या यह रिपोर्ट भी अन्य जांचों की तरह फाइलों में दबा दी जाएगी? अब निगाहें शासन के अगले कदम पर टिकी हैं।



## स्व निधि नारायण पाण्डेय की पुण्यतिथि पर वितरित किया कंबल

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

जौनपुर समाजसेवी स्वर्गीय निधि नारायण पाण्डेय की दसवीं पुण्यतिथि पर हरदीपुर गांव में कंबल वितरित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र अमरावती ग्रुप के डायरेक्टर रजनीकांत मिश्रा और रवि प्रकाश पांडे और राम प्रकाश पांडेय उर्फ मुन्ना ने संयुक्त रूप से जरूरतमंदो को कंबल दिया। इस दौरान सैकड़ों लोगों को कंबल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जरूरतमंद और गरीबों को दान करने से खुद को ज्यादा पुण्य मिलता है। धनवान को हमेशा दान करके पुण्य कमाना चाहिए। दान करने वाला हमेशा बड़ा होता है। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों के प्रति स्व. निधि नारायण पाण्डेय के पुत्र रवि प्रकाश पांडे और पूर्व प्रधान राम प्रकाश पांडेय उर्फ मुन्ना वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र पांडे और लोग उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कूलर पार्ट्स की दुकान में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान



**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

जौनपुर शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के बदलापुर पड़ाव पर स्थित कूलर की दुकान में रात में विषम परिस्थितियों में आग लगने की सूचना पर जब दुकान के अधिष्ठाता सिराज सिद्दीकी मौके पर पहुंचे तब तक आग की लपटों से पूरी दुकान घिरी पायी। उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 और फायर ब्रिगेड को दिया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरीके से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक उनका सारा माल जलकर खाक हो चुका था। दुकानदार के अनुसार रात में आगामी सीजन के लिये उन्होंने लगभग 15 लाख रुपये का कूलर पार्ट्स का सामान मंगवाया था। कुछ पैसे लोन लिये थे एवं कुछ उधार सामान आया था। दुकान में रखवाकर जब घर पर पहुंचे तो दुकान के अगल-बगल रहने वालों ने सूचना दी कि दुकान में आग लग गयी है। दुकान में स्थित कैश काउंटर में रखा लगभग एक लाख नगद भी जलकर खाक हो गया। आग इतनी भयंकर थी कि छत की पटिया और गाटर भी टेढ़े हो गये। सिराज, भाई सद्दाम सहित अन्य परिजनों ने प्रशासन से गुहार लगायी कि दैवीय आपदा के अन्तर्गत सरकार से सहायता अनुमोदित दिया जाय, ताकि नुकसान की कुछ क्षतिपूर्ति हो सके।

## थाना कोतवाली से मिला लावारिश शव हुआ दफन

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**



जौनपुर जिले में मिलने वाले मुस्लिम लावारिश शव को दफन करवाने वाली कमेटी लावारिस शव इंतजामियां कमेटी ने कोतवाली थाने से मिला हुआ एक शव देर शाम हम्ज़ा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दफन करवाया शव के बारे में पुलिस विभाग से आरक्षी अविनाश सिंह ने बताया कि यह शव लाइन बाजार से जिला अस्पताल में भर्ती व्यक्ति का है उक्त व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हुई है ,पोस्टमार्टम के बाद मुस्लिम समुदाय का होने पर कमेटी को सौंपा गया। हुलिया से अधेड़ प्रतीत हो रहा था जिसकी उम्र लगभग 45 साल होगी, कमेटी के द्वारा पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से इसे हजरत हम्ज़ा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दफन करवाया गया, कमेटी के संस्थापक रियाजुल हक ने बताया कि लॉकडाउन के बाद से मुस्लिम शव को दफन करने का सिलसिला लगातार जारी है इसी क्रम में यह 163 वा शव था। इस मौके पर कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे, नमाज ए जनाजा हाफीज अजहर रशिदाबादी ने अदा कराई।वही कमेटी के अन्य सदस्यों का भी विशेष योगदान रहा।

## कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस लाइन में बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस | बस्ती**



जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कप्तान अभिनंदन ने की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं अन्य संबंधित पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। पुलिस अधीक्षक ने जनपद की वर्तमान कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण, संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा और जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त बढ़ाई जाए, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त न की जाए। साथ ही आगामी त्योहारों और आयोजनों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त के निर्देश दिए गए।

## स्वाधीन सिंह हत्याकांड सीबीआई जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**



बदलापुर के चर्चित हिस्ट्रीशीटर स्वाधीन सिंह उर्फ छोटू हत्याकांड में अब एक नया मोड़ आ गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी के तौर पर पेश किए गए आलोक मिश्रा की माता, रेखा मिश्रा पत्नी अखिलेश कुमार मिश्रा ने आज, 9 जनवरी 2026 को जौनपुर जिलाधिकारी (ष्ठरू) को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र भेजकर उच्चस्तरीय जांच की गुहार लगाई है। रेखा मिश्रा ने अपने प्रार्थना पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके 16 वर्षीय बेटे आलोक मिश्रा को इस हत्याकांड में निराधार फंसाया गया है। उनके अनुसार, पुलिस ने स्वाधीन सिंह की हत्या की गुत्थी सुलझाने के बजाय एक निर्दोष किशोर को बलि का बकरा बना दिया है। पीड़ित मां का दावा है कि आलोक वही व्यक्ति है जिसने घटना की सूचना स्वाधीन सिंह के परिवार को दी थी, लेकिन पुलिस ने उसे ही आरोपी बना दिया। पुलिस ने आलोक को 30 दिसंबर को ही घर से बुला लिया था। उसे 8 जनवरी तक अवैध रूप से कोतवाली बदलापुर में बिठाकर रखा गया। पुलिसिया खुलासे में आलोक को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार दिखाया जा रहा है, जो परिजनों के अनुसार पूरी तरह मनगढ़ंत है। रेखा मिश्रा ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराई जाए ताकि स्वाधीन सिंह के असली हत्यारों का चेहरा सामने आ सके। साथ ही, उन्होंने यह भी मांग की है कि बदलापुर कोतवाली के सीसीटीवी कैमरों के रिकॉर्ड को सार्वजनिक किया जाए। उनका मानना है कि यदि फुटेज सार्वजनिक होती है, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि आलोक 30 तारीख से ही पुलिस की हिरासत में था, जिससे पुलिस की गिरफ्तारी वाली कहानी झूठी साबित हो जाएगी।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया रैन बसेरों, अलाव व्यवस्था का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | बस्ती**



कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने गुरूवार को देर रात नगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका द्वारा संचालित स्थाई व अस्थाई रैन बसेरों की स्थिति जांची और प्रमुख चौराहों पर जल रहे अलावों का जायजा लिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने रैन बसेरों में रुकने वाले यात्रियों और निराश्रितों के लिए बिस्तर, कंबल और साफ-सफाई की व्यवस्था देखी। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण ठंड में किसी भी व्यक्ति को खुले में सोने की मजबूरी न हो।

शहर के प्रमुख स्थानों और सार्वजनिक चौराहों पर जल रहे अलावों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने लकड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि राहगीरों और जरूरतमंदों को राहत मिल सके।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती नेहा वर्मा ने आम जनमानस से सीधी बात की और दी जा रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। कहा कि नगरवासियों और बाहर से आने वाले यात्रियों की सेवा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। कड़ाके की इस ठंड में किसी को भी असुविधा न हो, इसके लिए नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह सजग है। अलाव और रैन बसेरों की व्यवस्था में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस दौरान अश्विनी श्रीवास्तव, पार्थ श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव आदि कर्मचारी मौजूद रहे ।

## गोमती पर बने नए पुल से बदली तस्वीर, डीएम ने किया निरीक्षण, आमजन को मिली बड़ी राहत

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**



जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने शुक्रवार को गोमती नदी पर प्यारेपुर से अलीगंज बाजार के निकट कलीचाबाद मार्ग पर नवनिर्मित पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। यह पुल कुल 211.88 मीटर लंबा है, जिसमें पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग शामिल हैं। पुल का निर्माण 2993.31 लाख रुपये की लागत से किया गया है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि पुल निर्माण कार्य वर्ष 2022 में प्रारंभ हुआ था। माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में निर्माण में आ रही कमियों को दूर कराते हुए बीते एक वर्ष के भीतर कार्य को पूर्ण कराया गया, जिसे गत दिसंबर माह में आमजन के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। पुल के चालू हो जाने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। डीएम ने कहा कि इस पुल के बन जाने से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज तथा शहर की ओर आने-जाने वाले लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। यातायात सुगम होने से समय की बचत के साथ-साथ जाम की समस्या से भी निजात मिल रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आमजनमानस से संवाद किया। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के निर्माण से यातायात पहले की अपेक्षा काफी बेहतर हो गया है और अंतरजनपदीय कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री जी एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गरीब एवं असहाय लोगों को कंबल का वितरण भी किया। इस मौके पर डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर जे.पी. गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जौनपुर की सड़कों पर कब्ज़े का कारोबार, जाम में फँसता शहर



**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**

जौनपुर के लगभग सभी प्रमुख शहरी बाज़ारों में पार्किंग और अतिक्रमण की समस्या अब आम जनजीवन पर भारी पड़ने लगी है। जेसीज चौराहा से ओलंदगंज तक, कसेरी बाज़ार से कोतवाली होते हुए सब्ज़ी मंडी तक, सद्भावना पुल, चहारसू चौराहा या बदलापुर पड़ाव हर जगह हालात एक जैसे हैं। सड़कें अब आवागमन के लिए नहीं, बल्कि अव्यवस्थित व्यापार और बेतरतीब पार्किंग के लिए इस्तेमाल हो रही हैं। छोटे व्यापारी मजबूरी में सड़क किनारे ठेले और स्टॉल लगाकर रोज़ी-रोटी चला रहे हैं, लेकिन बड़े व्यापारी भी इस अराजकता में पीछे नहीं हैं। हर दुकान के बाहर लगे *बड़े-बड़े विज्ञापन बोर्ड सड़क का हिस्सा घेर लेते हैं। ऊपर से ग्राहक अपनी गाड़ियाँ ठीक दुकानों के सामने खड़ी कर देते हैं। नतीजा सड़क का अधिकांश हिस्सा व्यापारियों के कब्ज़े में चला जाता है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि एम्बुलेंस,फायर ब्रिगेड या आम राहगीरों के लिए रास्ता निकालना मुश्किल हो जाता है।ऐसा लगता है मानो *सरकारी सड़कों की रजिस्ट्री ही निजी हाथों में चली गई हो। सर्दियों में यह जाम किसी तरह झेल लिया जाता है, लेकिन गर्मियों में यही जाम लोगों के लिए आफत बन जाता है। इस अव्यवस्था के बीच आए दिन घटनाएँ सामने आती हैं कभी किसी दुकानदार की दुकान पर वाहन चढ़ जाता है, तो कभी आते-जाते आम लोगों को नुकसान उठाना पड़ता है। सवाल यह है कि इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? नगर पालिका परिषद, ज़िला प्रशासन, संबंधित विभाग और यातायात पुलिस सभी कहीं न कहीं अपनी जिम्मेदारी से बचते नज़र आते हैं। सबसे ज़्यादा पिसता है आम ट्रैफिक और उसे संभालने वाली ट्रैफिक पुलिस, जो सीमित संसाधनों में हालात काबू में रखने की कोशिश करती रहती है।

### समाधान की ज़रूरत, सिर्फ कार्रवाई नहीं

अब ज़रूरत है ठोस और व्यावहारिक योजना की। वेंडिंग ज़ोन और नो-वेंडिंग ज़ोन का स्पष्ट निर्धारण किया जाए, ताकि छोटे व्यापारी भी सम्मानपूर्वक व्यापार कर सकें और सड़कों पर चलने वालों को परेशानी न हो। पार्किंग के लिए चिन्हित स्थान हों और सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ बिना भेदभाव के कार्रवाई हो।

### निष्कर्ष

शहर का व्यापार और शहर की व्यवस्था—दोनों एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। अगर संतुलन नहीं बनाया गया तो नुकसान सबका होगा। जनहित में जिलाधिकारी डॉ0दिनेश चन्द्र सिंह से अपेक्षा है कि वे इस गंभीर सामाजिक समस्या पर एक बेहतर, स्थायी और प्रभावी कार्ययोजना बनाकर अमल में लाएँ, ताकि जौनपुर का व्यापार भी चले और शहर भी सुचारु रूप से आगे बढ़े।

## जनसुनवाई में सख्त दिखे एसपी, फरियादियों की समस्याएं सुनीं, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**



जौनपुर,पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ. कौस्तुभ द्वारा शुक्रवार को पुलिस कार्यालय, जौनपुर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई में भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, मारपीट, धोखाधड़ी, महिला उत्पीड़न एवं अन्य आपराधिक मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत की प्रकृति एवं गंभीरता को देखते हुए त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने कई मामलों में संबंधित थाना प्रभारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से दूरसंचार माध्यम से सीधे वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और प्रकरणों में शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने स्पष्ट कहा कि फरियादियों की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर जांच कर समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को अपनी बात सीधे उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर देना है, जिससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास और पारदर्शिता को मजबूती मिल सके। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायतों पर निष्पक्ष जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों की प्रगति से समय-समय पर अवगत कराएं। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की प्रतिबद्धता एक बार फिर स्पष्ट हुई।

## मकर संक्रांति का अवकाश बदला, अब 15 जनवरी को बंद रहेंगे सभी न्यायालय

**जन एक्सप्रेस | जौनपुर**



जौनपुर,जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि ने बताया कि दीवानी न्यायालय, अधिवक्ता संघ, जौनपुर के प्रस्ताव के क्रम में मकर संक्रांति के स्थानीय अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए 14 जनवरी 2026 (बुधवार) को मकर संक्रांति के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन अधिवक्ता संघ द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2026 में मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी 2026 (गुरुवार) को पड़ रहा है। दीवानी न्यायालय, अधिवक्ता संघ, जौनपुर के दिनांक 08 जनवरी 2026 के प्रस्ताव को दृष्टिगत रखते हुए पारित प्रशासकीय आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। इसके तहत अब पूर्व घोषित अवकाश 14 जनवरी 2026 के स्थान पर 15 जनवरी 2026 (गुरुवार) को मकर संक्रांति के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश जनपद न्यायिक अधिष्ठान के अंतर्गत सभी न्यायालयों एवं ग्राम न्यायालयों पर लागू रहेगा।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की सख्ती!

## गोला कॉरिडोर की धीमी रफ्तार पर 3.35 करोड़ रुपये की पेनल्टी तय

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**




गोला गोकर्णनाथ स्थित प्राचीन शिव मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर चमकाने की योजना पर ठेकेदारों की सुस्ती भारी पड़ गई है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली गोला कॉरिडोर परियोजना में निर्माण कार्य की रफ्तार थमती देख डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जाँच समिति और तकनीकी परीक्षण के बाद तीन ठेकेदारों पर 3.35 करोड़ रुपये से अधिक का लिक्विडेटेड डैमेज लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

स्थलीय निरीक्षण में एसडीएम गोला सहित अन्य अधिकारियों ने पाया कि निर्माण स्थल पर न श्रमिक पर्याप्त हैं, न ही काम में अपेक्षित तेजी। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) यूनिट-14, लखनऊ द्वारा कराए जा रहे कार्य की अनुबंधित पूर्णता तिथि 15 मार्च 2026 है, लेकिन मौजूदा हालात में समय पर कॉरिडोर का पूरा होना मुश्किल नजर आ रहा है। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि इतनी अहम परियोजना में देरी के बावजूद समयवृद्धि का प्रस्ताव तक सक्षम प्राधिकारी को नहीं भेजा गया, जिसे प्रशासन ने गंभीर लापरवाही माना हैउल्लेखनीय है कि श्रावण मास के दौरान गोलागोकर्णनाथ शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों का आगमन होता है। यदि कॉरिडोर निर्माण कार्य श्रावण मास से पूर्व पूर्ण नहीं होता है तो शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है।

### तकनीकी आख्या में जुर्माने की मुहर

जाँच समिति की रिपोर्ट में गोला कॉरिडोर निर्माण की भौतिक प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार पहले ठेकेदारों पर 10 प्रतिशत तक जुर्माना प्रस्तावित किया गया था। इसके बाद यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का तकनीकी परीक्षण लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड से कराया गया। अधिशासी अभियंता की आख्या में अनुबंध संख्या 109 (मेसर्स रीना सिंह) पर 8 प्रतिशत यानी लगभग 1.45 करोड़ रुपये, अनुबंध संख्या 110 (मेसर्स नारायन एसोसिएट्स) पर 6 प्रतिशत यानी लगभग 1.04 करोड़ रुपये तथा अनुबंध संख्या 111 (मेसर्स नारायन एसोसिएट्स) पर 5 प्रतिशत यानी लगभग 86 लाख रुपये का लिक्विडेटेड डैमेज अधिरोपित किया जाना उचित बताया गया।

### भुगतान से पहले कटेगी पेनल्टी


डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश को पत्र लिखा है कि कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल को भुगतान करते समय 3.35 करोड़ पेनल्टी की राशि काटकर भुगतान किया जाए, ताकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार जुर्माना वसूली और परियोजना की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित हो सके।

## आशा बहुओं का धरना प्रदर्शन जारी

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** मानदेय बढ़ौतरी की मांग को लेकर आशा बहुओं का धरना प्रदर्शन शुक्रवार को जारी रहा। बड़ी संख्या में आशा बहुओं ने सीएचसी में धरना प्रदर्शन पर बैठ गईं।प्रदर्शन के दौरान आशा बहुओं ने नारेबाजी करते हुए मानदेय बढ़ाने की मांग की। आशा बहुओं ने बताया कि उन्हें वर्तमान में प्रति प्रसव के हिसाब से मानदेय दिया जाता है जबकि वे टीकाकरण, कुष्ठ रोग उन्मूलन, फाइलेरिया नियंत्रण सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों में भी सक्रिय भूमिका निभाती हैं। ऐसे में कार्यभार के अनुपात में उन्हें समुचित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की कि उनके योगदान को देखते हुए उन्हें एकमुश्त 20 हजार रुपये मानदेय दिया जाए और सुविधाओं में सुधार किया जाए। आशा बहुओं ने सीएचसी अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि स्थिति से मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराया जा चुका है और उच्च स्तर से निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर आरती देवी, अनुराधा, अनीता, रेनू, प्रीति, जय देवी, ममता प्रेम लता, सरोजनी, पिंकी, कुमकुम देवी सहित काफी संख्या मे आशा बहुएं मौजूद रहीं।

# 18 वां राष्ट्रीय ग्रामीण मनरेगा मजदूर मिस्त्री महामेला 27 जनवरी को

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



शुक्रवार को मनरेगा मज़दूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 18 वां राष्ट्रीय ग्रामीण मनरेगा मजदूर मिस्त्री महामेला 27 जनवरी 2026 को सुबह दिन के 10 बजे से भगवान विश्वकर्मा का हवन पूजन प्रारंभ होगा। महामेला का समापन 28 जनवरी 2026 को सायंकाल 5 बजे होगा। मेले का स्थान मनरेगा मेला स्थल ग्राम सकेथू थाना हैदराबाद जिला खीरी में होगा मेले के मुख्य अतिथि राकेश राठौर गुरु राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, व पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शरद बाजपेई, शशांक वर्मा विधायक निघासन, रोमी साहनी विधायक पलिया, सौरभ सिंह सोनू विधायक कस्ता, अमन गिरी विधायक गोला, विनोद संकट अवस्थी विधायक धौरहरा, लोकेंद्र प्रताप सिंह विधायक मोहम्मदी, रवि प्रकाश वर्मा पूर्व सांसद, सुरजन लाल वर्मा पूर्व राज्यमंत्री, प्रहलाद पटेल जिला अध्यक्ष कांग्रेस, रामपाल सिंह यादव जिला अध्यक्ष सपा को आमंत्रित किया गया है। मेले में भारत के 40 करोड़ मज़दूर मिस्त्रियों, 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मा, 14 करोड़ किसानों, युवा एवं वृद्धा अधिवक्ताओं, पत्रकार बंधुओं, खुदरा व्यापारियों अति पिछड़े अति दलित इसी 50 जातियों के लोग इनकी दीन दशा पर गहन विचार विमर्श किया जायेगा।

मनरेगा मज़दूर मिस्त्री महामेला ने बड़ी संख्या में मनरेगा मज़दूर मिस्त्री, विश्वकर्मा समाज के लोग, किसान, ग्राम पंचायत सदस्यों, अति पिछड़े अति दलितों अधिवक्त पत्रकार बंधुओं, खुदरा व्यापारियों, अति पिछड़े अति दलित ऐसी पचास जातियों। के लोग कई दलों के नेता व अधिकारी गण भाग लेंगें। भारत की गरीबी बेरोजगारी भ्रष्टाचार ठेकेदारी प्रथा जड़ से खत्म करने के लिए 25 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला खीरी के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा सभापति सी पी राधाकृष्णन, मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, भारत सरकार, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा जाएगा। जिससे भारत में नये अध्याय की शुरुआत हो सकें।

# फरसा, तलवार की राजनीति के खिलाफ ए-आई-एम-आई-एम का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

## कलम और फूल देकर दिया मोहब्बत व संविधान का संदेश

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



गाजियाबाद में फरसे और तलवार बांटे जाने की घटना के विरोध में शुक्रवार को लखीमपुर खीरी जनपद के विधानसभा गोला में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (ए-आई-एम-आई-एम) पार्टी की ओर से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ए-आई-एम-आई-एम कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों को पेन और फूल भेंट कर शांति, प्रेम, भाईचारे और संविधान के पालन का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि देश में कुछ शरारती तत्व नफरत और हिंसा फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ए-आई-एम-आई-एम ऐसी नफरत और हथियारों की राजनीति का कड़ा विरोध करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत तलवार या फरसे से नहीं, बल्कि संविधान, कानून, शिक्षा और आपसी सौहार्द से आगे बढ़ेगा। देश में फैल रही नफरत की राजनीति लोकतंत्र और सामाजिक एकता के लिए घातक है।

नेताओं ने मांग की कि इस तरह की अराजक घटनाओं में शामिल लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त और प्रभावी कानून बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि समाज में जहर घोलने वाले तत्व देश और समाज के लिए नुकसानदेह हैं और इनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई आवश्यक है। जिला प्रवक्ता अशफाक अंसारी ने साफ कहा कि भारत नफरत से नहीं, बल्कि प्यार, मोहब्बत और भाईचारे से चलता है। इसी भावना के तहत पार्टी द्वारा पूरे देश में मोहब्बत संदेश अभियान चलाया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता अशफाक अंसारी, जिला महासचिव आजाद खां, जिला कार्यकारिणी सदस्य सोनू खान, निजामुद्दीन (गोला विधानसभा अध्यक्ष), गोला नगर अध्यक्ष अफरोज खान, नगर उपाध्यक्ष अफजल सिद्दीकी, शारिक खान व संजीव शर्मा, नगर सचिव सलमान, जलज वाजपेई सहित मक्सूदन मिश्रा, दिलशाद,शालू मंसूरी, हफ़ीज़ खान समेत बड़ी संख्या में ए-आई-एम-आई-एम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न मामले में 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

हैदराबाद थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न से जुड़ी आत्महत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार, 9 जनवरी 2026 को शाहबुद्दीनपुर गांव से पति, देवर और सास को पकड़ा। इन सभी को न्यायिक कार्यवाही के लिए न्यायालय में पेश किया गया।यह मामला मृतका नीरज के नाना मिश्रीलाल पुत्र मैकू ने 7 जनवरी 2026 को दर्ज कराया था। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि उनकी नातिन नीरज, जो अजय की पत्नी थी, दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 28 वर्षीय अजय कुमार 22 वर्षीय अवधेश कुमार उर्फ आशीष पुत्र चुन्नीलाल और 46 वर्षीय रामश्री पत्नी चुन्नीलाल के रूप में हुई है। ये सभी शाहबुद्दीनपुर, थाना हैदराबाद, जिला खीरी के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में टीम ने इन गिरफ्तारियों को अंजाम दिया। यह मामला थाना हैदराबाद में मु0अ0सं0 007/2026 धारा 80(2)/85 बीएनएस व ड डीपी एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया था।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हेमन्त कटियार, हेड कांस्टेबल राजू वर्मा, कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार और महिला कांस्टेबल नीतू कुमारी शामिल थीं।

# निशुल्क लंग फंग्शन टेस्ट से सैकड़ो लोगों फ़ायदा




**जन एक्सप्रेस। संपूर्णानगर खीरी**

### सिप्ला कम्पनी के सहयोग से अजीम क्लिनिक पर साँस व फेफड़े की जाँच का लगा नि:शुल्क शिविर लगभग 100 मरीजों ने लिया शिविर का लाभ, डा.आई. ए. खान ने बताया कि वर्ष भर में अनेकों शिविर का आयोजन करते हैं

सम्पूर्णानगर रत्न से सम्मानित पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवी डा आई ए ख़ान द्वारा अज़ीम क्लिनिक पर लंग फंग्शन टेस्ट अर्थात् साँस एवं फेफड़े की निःशुल्क जांच का कैम्प लगाया गया इस कैम्प में साँस, एलर्जी, खाँसी, अस्थमा आदि से संबंधित लगभग 100 मरीजों की जांच कर सलाह, परहेज, दवाई एवं लिटरेचर दिए गए। बताते चलें डा ख़ान के क्लिनिक पर ये जाँच सिप्ला कंपनी के सहयोग से हर महीने फ्री जांच होती है जिससे अभी तक सैकड़ो मरीजों ने इसका फायदा उठाया। डा ख़ान ने मरीजों को बताया कि धूम्र पान से दूर रहें एवं धूल मिट्टी दुएँ से बचें मौसम बदल रहा है खाने पीने की चीज़ों का ध्यान रक्खें खुले में रक्खे हुए कचौड़ी, पकौड़ी, मिठाई, पानी पूरी इत्यादि चीज़ों से बचें बल्कि घर का बना हुआ पौष्टिक आहार लें। डा ख़ान ने ये भी बताया कि अस्थमा साँस के मरीज़ों में इनहेलर का इस्तेमाल ज़्यादा उपयोगी होता है क्योंकि ये दवा सीधे फेफड़े में जा कर जल्द और अच्छा काम करती है। कुछ लोगों में एक भ्रांति है कि इनहेलर्स की आदत पड़ जाती है जबकि ये सत्य नहीं है।

## पशु अस्पताल में पड़वे का सफल ऑपरेशन



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**नवाबगंज।** कस्बा स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में पशुपालक एक पशु को पेशाब रुकने की गंभीर समस्या होने पर लेकर पहुंचा। मौजूद पशु चिकित्साधिकारी ने जांच कर तत्काल उसकी सर्जरी करने का निर्णय लिया। विकासखंड के गांव जालिमखेड़ा निवासी सोहनलाल अपने पड़वे को पेशाब रुकने की समस्या के कारण शुक्रवार को नवाबगंज राजकीय पशु चिकित्सालय ले गया। पशु की हालत लगातार बिगड़ रही थी। पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार मौर्य ने जांच के बाद इसे आपात स्थिति मानते हुए तुरंत ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। उनकी कुशल टीम ने नियमानुसार शल्य चिकित्सा पूरी की, जिससे पड़वा खतरे से बाहर हो गया। सोहनलाल ने बताया कि विलंब होता तो पशु की जान जा सकती थी। डॉ मौर्य ने बताया कि क्षेत्र में नियमित उपस्थित रहकर न केवल सामान्य इलाज, बल्कि कृत्रिम गर्भाधान, नस्ल सुधार और टीकाकरण जैसे विभागीय दायित्व निभा रहे हैं। पशुपालक सोहनलाल का कहना है कि अब अस्पताल में समय पर इलाज मिलना आम बात हो गई है, जो पशुपालन व्यवसाय को गति दे रहा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर अधेड़ की इलाज के दौरान हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। अल्हवापुर गांव निवासी इतवारी पुत्र देवी दिन को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद उन्हें लखनऊ के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था ।यह घटना बृहस्पतिवार को लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर बाछेपारा तिराहे के निकट हुई। इतवारी बेहजम कस्बे के बाजार से अपने गांव अल्हवापुर लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में इतवारी गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के बाद, ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायल इतवारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम में भर्ती कराया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल मोतीपुर रेफर कर दिया ।जिला अस्पताल में भी इतवारी की हालत नाजुक बनी रही, जिसके बाद उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। शुक्रवार को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस संबंध में पुलिस चौकी प्रभारी सिद्धांत पवार ने बताया था कि घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। इतवारी की मौत की खबर सुनते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और कोहराम छा गया ।पूरे गांव में मातम पसर गया है।

### अलाव की आग से झुलसा मासूम, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में शुक्रवार की सुबह एक मासूम के झुलसने की डरावनी घटना सामने आई है। अलाव ताप रहे मासूम के चाचा दुलार-प्यार कर रहे थे। इसी बीच अचानक बच्चा उछलकर अलाव में गिर गया और बुरी तरह से झुलस गया। घटना कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के मिर्जापुर गांव की है। जहां पर स्थानीय निवासी हसमत अली अपने दो माह के भतीजे हमजा को गोदी से उछाल-उछाल कर प्यार कर रहे थे। इसी बीच अचानक उछलकर जल रहे अलाव में मासूम गिर गया। जब तक परिजन आग से मासूम को निकालते तब तक वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में परिजन उसको लेकर सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी अवनीश चैधरी ने बताया, कि बच्चे का चेहरा व शरीर के कई भाग बुरी तरह से झुलस गये है। जिसका डाक्टरों की देखरेख में समुचित इलाज किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से कहा, परिजनों को चाहिए इस कड़ाके की ठंड में आग से संबंधित सावधानियां बरतने व बच्चों को सुरक्षित रखने पर लोगों को खासा ध्यान देना चाहिए।

### विद्युत खम्भे से टकरायी अनियंत्रित बस

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** कोतवाली टिकैतनगर क्षेत्र अन्तर्गत शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे में एक परिवहन निगम की एक अनुबंधित बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार एक छात्रा को बचाने के चक्कर में बस रोड से उतर कर सड़क के बगल विद्युत पोल से टकराते हुए एक पेड़ में जा घुसी। बस की चपेट में आने से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है वही बस की सभी यात्री सुरक्षित है। हादसा शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। घायल छात्रा की पहचान खुटौली निवासी रामसेवक यादव की 16 वर्षीय पुत्री कुमकुम यादव के रूप में हुई है। छात्रा टिकैतनगर स्थित पीडी जैन इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा है कुमकुम सुबह साइकिल से स्कूल जा रही थी उसी समय खुटौली चैराहे पर टिकैत नगर से भेलसर की तरफ जा रही परिवहन निगम की अनुबंधित बस यूपी 41 बी टी 6965 के अचानक सामने आ गई छात्रा को बचाने के प्रयास में बस रोड से उतर कर रोड के बगल लगे विद्युत पोल से जा टकराते हुए पेड़ में जा घुसी। वही बस की चपेट से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घायल छात्रा को एम्बुलेंस से सामुदायिक केंद्र टिकैत नगर भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया वही स्थानीय लोगों ने बताया कि छात्रा को बचाने के प्रयास में हादसा हुआ हादसे के समय बस में गिने चुने यात्री थे और सभी यात्री सुरक्षित है।

# नगर पंचायत अचलगंज गौशाला में जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते दयनीय स्थिति में लगातार मृत पाये जा रहे गौवंशों

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



नगर पंचायत अचलगंज मे कान्हा गौशाला मे हो रहा है शासनादेश का खुला उल्लंघन जिम्मेदार कर रहे कमीशन के लालच में बिना टेंडर सालों से भूसा आपूर्ति, जिम्मेदारो द्वारा करवाने पर उच्चस्त्रीरिय जांच किसी अन्य जनपद से करवाने जाने सम्बन्ध में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से शिकायत पर जाँच शिकायत कर्ता सभासदगण नगर पंचायत अचलगंज उन्नात के पंचायत से निर्वाचित है यहां सालो से जिम्मेदार अधिशाषी अधिकारी की लापरवाही तानाशाही रवैया के कारण आए दिन दर्जनों गौवंश नगर पंचायत गौशाला में भूख, का, तथा धायलों का कोई उपचार न होने के कारण मृत पाए जाते हैं।

जो की गौशाला के अंदर ही या अगल-बगल गेट के सामने बगैर पंचनामा पोस्टमार्टम करवाए दफना दिए जाते हैं जिनका कोई लेखा जोखा नहीं होता है इसके अतिरिक्त गत दिनांक 03 जनवरी 2026 को सभासदों द्वारा पुनः औचक निरीक्षण किया गया तो गोवंश मौके पर मृत पाए गए जिसमें एक गाय की आंखे फटी हुई थी खून लगातार बह रहा था मृत पाई गई 2 गाय गभर्भावस्था में मृत पाई गई उप जिलाधिकारी जी की उपस्थिति में जिनका पोस्टमार्टम किया गया तब उनके बछड़े भी मृत निकले उन गौवंशो के पेट में बिल्कुल चारा नहीं निकला दूसरी गाय के पेट में मृत बछडे के पेट मे केवल पन्नी निकली इस तरह लगातार 2 दिन में दर्जनों गाय मृत पाई गई अव्यवस्था ऐसी है कि न मौके पर भूसा मौके पर था ना मौके चोकर ना सदी से बचाव की कोई व्यवस्था भी नहीं थी सभासदों के धरने पर बैठने पर भूसा व चोकर मंगवाया गया जब उप जिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने गिनती गौवंशो की करवाई मौके पर 80 गौवंश भी रजिस्टर में दर्ज गाँवशों से कम निकले जिसमें आधे से अधिक विना टैग के गोवंश पाए गए इसके पूर्व में भी लिखित शिकायत उन्नाव जिलाधिकारी जी को सभासदों द्वारा दी गयी थी मगर जिम्मेदारों पर जिला प्रशासन की खास मेहरबानी लगातार बनी हुई है किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होती है जिससे जिम्मेदारों के हौसले बुलंद है सभासद गणों ने मांग उठाई और अनुरोध किया है कि किसी गैर जनपद के प्रथम श्रेणी के अधिकारी द्वारा जाँच और आवश्यक निरीक्षण कराया जाय मृत्यु के वस्तविक कारण की जांच कराई जाए और जाँच की प्रति शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जाये दोषी के विरुद्ध अतिशीघ्र विभागीय कार्रवाई के आदेश की मांग की।

## सिख संगठन के लोग जौरहा नाले पर आवंटित खनन पट्टे को रद्द करने की मांग को लेकर आठवें दिन भी धरने पर बैठे



**जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी**

थाना क्षेत्र के मांझा गाँव में सिख संगठन के लोग जौरहा नाले पर आवंटित खनन पट्टे को रद्द करने की मांग को लेकर आठवें दिन भी धरने पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि खनन पट्टा निरस्त नहीं किया गया, तो वे और भी बड़े स्तर पर धरना दिया जाएगा।

बताते चलें कि ठेकेदारों ने रेत निकालने के लिए लंबा चक्कर लगाने से बचने हेतु नाले के भीतर होम पाइप डालकर एक अस्थायी पुल का निर्माण किया है, जिसका स्थानीय किसान और सिख संगठन विरोध कर रहे हैं।

मांझा गांव के पूर्व प्रधान किसान नेता परमजीत सिंह पम्मी ने बताया कौड़ियाला घाट पर 19 जनवरी को होने वाली महापंचायत में बीकेयू के लोग भी इस धरने अपना समर्थन देकर विशाल धरना प्रदर्शन शामिल होंगे। धरने में आज गांव की महिलाएं भी छोटे बच्चों के साथ शामिल हुई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक खनन पट्टा रद्द नहीं किया जाता, वे धरना जारी रखेंगे और धरना स्थल पर ही लंगर की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान हरमीत सिंह, सोनी औलख, सोनी बाजवा, गुरजंट सिंह, केवल सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### एसडीएम के विरूद्ध कार्रवाई पर डटे अधिवक्ता

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** अमेठी जनपद की मुसाफिरखाना तहसील के उपजिलाधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं से कथित अभद्रता और अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन रामसनेहीघाट के अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार करते हुए सड़क जाम कर नारेबाजी भी की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी के खिलाफ नारे लगाए और उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार शशांक उपाध्याय को अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने कहा कि मुसाफिरखाना तहसील के उपजिलाधिकारी की अमर्यादित टिप्पणी अधिवक्ता समाज के सम्मान के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि इसके विरोध में मोर्चा निकाला गया है और पूरे दिन कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। आगे की कार्रवाई संगठन के दिशा-निर्देश के अनुसार की जाएगी। वहीं, महामंत्री अजय सिंह ने आरोप लगाया कि तहसील में अधिकारियों का स्थानांतरण होता रहता है, लेकिन निजी कर्मचारी वर्षों से एक ही कुर्सी पर जमे हुए हैं। उन्होंने इन कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने पर सवाल उठाया और तहसील में कार्यरत सभी निजी व्यक्तियों को हटाए जाने की मांग की।

# अलाव जलवाने में न हो लापरवाही: अनुराग सिंह


**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

**रामसनेहीघाट।** पड़ रही भीषण कड़ाके की ठंड को देखते हुए गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने अलाव स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मचारियों को नियमित अलाव जलवाने के निर्देश जारी किए हैं, वही इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। रामसनेहीघाट के उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे भिटरिया चैराहा, सुमेरगंज, कोटवा सड़क, बेलहा चैराहा, बहरेला सहित अन्य अलाव स्थलों का निरीक्षण किया इस दौरान एक अलाव स्थल पर लड़कियां मौजूद रही लेकिन अलाव नहीं जल रहा था, तत्काल वहां से संबंधित कर्मचारियों को अलाव जलाने के निर्देश जारी किए। एसडीएम अनुराग सिंह के निरीक्षण में कई स्थानों पर अलाव जलते पाए गए भीषण ठंड को देखते हुए उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह आम जनमानस को राहत पहुंचाने के लिए शासन के निर्देश पर तहसील क्षेत्र के कई स्थानों पर अलाव जलवाने के निर्देश जारी किए हैं जहां पर नियमित तौर पर अलाव जलवाने की बात संबंधित कर्मचारियों द्वारा की जा रही थी एसडीएम अनुराग सिंह ने अलाव जलने से संबंधित दिए जा रही सूचनाओं की वास्तविकता पर रखने के लिए गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे रामसनेहीघाट में चिन्हित स्थान पर जलवाये जा रहा है अलाव की जमीनी हकीकत देखी इस दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को नियमित अलाव जलवाने के निर्देश जारी किए हैं वही अलाव जलवाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। एसडीएम अनुराग सिंह ने स्पष्ट किया कि भीषण ठंड में राहगीरों आम नागरिकों को राहत देने के लिए अलाव जलवाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर अलाव जलते पाए गए वही एक स्थान पर लकड़ी मौजूद थी लेकिन अलाव नही जल रहा था और वहां कोई भी मौजूद नही था।

# चित्रकूट बना भ्रष्टाचार का गढ़

## मनरेगा में 11 लाख के गबन का आरोपी फिर उसी पंचायत में तैनात, नेताओं-अफसरों की मिलीभगत उजागर








- मंत्री आशीष पटेल के संरक्षण में घोटालेबाज सचिव की दबंग
- 'री-एंट्री', योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस पर बड़ा सवाल


**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश सरकार की 'जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट करप्शन' नीति चित्रकूट में दम तोड़ती नजर आ रही है। रामनगर विकासखंड में मनरेगा घोटाले के आरोपी ग्राम सचिव आलोक सिंह को न सिर्फ कार्रवाई से बचाया गया, बल्कि उसी ब्लॉक और उसी ग्राम पंचायत में दोबारा तैनाती देकर भ्रष्टाचार को खुला संरक्षण दे दिया गया। यह पूरा मामला अब सीधे तौर पर अपना दल (एस) के कद्दावर मंत्री आशीष पटेल से जुड़ता नजर आ रहा है।









### मंत्री पर सीधा आरोप: रिश्तेदार को बचाने के लिए ट्रांसफर रोका

सूत्रों के अनुसार, मनरेगा घोटाले का आरोपी सचिव आलोक सिंह, मंत्री आशीष पटेल का रिश्तेदार बताया जाता है। आरोप है कि इसी नजदीकी रिश्ते और राजनीतिक दबाव के चलते आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं, जांच फाइलों में दबा दी गई और आरोपी को फिर से मलाईदार पोस्टिंग दे दी गई।

### ऑडियो ने बढ़ाया बवाल: 'हां, मैंने ट्रांसफर रुकवाया... क्या कर लोगे?': मंत्री आशीष पटेल

मामले में उस वक्त सनसनी फैल गई जब पत्रकार और मंत्री आशीष पटेल के बीच फोन पर हुई बातचीत का ऑडियो सामने आया। ऑडियो में मंत्री कथित तौर पर यह स्वीकार करते सुने गए कि– 'हां, मैंने ट्रांसफर रुकवाया है... क्या करोगे?' बातचीत के दौरान माहौल इतना गर्म हो गया कि मंत्री ने अंततः फोन काट दिया। इस ऑडियो ने शासन-प्रशासन और सत्ता की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### मनरेगा में 11 लाख का गबन, फिर भी 'क्लीन चिट' का खेल

रामनगर विकासखंड में तैनाती के दौरान सचिव आलोक सिंह पर–?11 लाख से अधिक के गबनफर्जी मजदूरों के भुगतान नियमों की खुली अनदेखी जैसे गंभीर आरोप लगे थे। इस घोटाले को लेकर सांसदों और विधायकों ने भी लिखित शिकायतें भेजीं, लेकिन सब बेअसर रहीं।

### अपना दल के विधायक ने ही की कार्रवाई की मांग

मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अपना दल के विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने वीडियो के आधार पर सचिव को हटाने और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए पत्र लिखा पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र ने भी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र भेजकर सख्त कार्रवाई की मांग कीइसके बावजूद आरोपी सचिव को इनाम के तौर पर दोबारा तैनाती दे दी गई।

### वही ब्लॉक, वही पंचायत, वही सचिव – नियमों की खुली धज्जियां

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस जगह से घोटाला उजागर हुआ उसी जगह फिर से आरोपी को क्यों भेजा गया?यह फैसला न केवल सरकारी सेवा नियमों के खिलाफ है, बल्कि भ्रष्टाचार को खुली छूट देने जैसा माना जा रहा है।

### डीएम के सख्त तेवर भी पड़े फीके

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा सख्ती के संकेत दिए गए थे, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के आगे प्रशासन की सख्ती हवा हो गई और मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया

### चित्रकूट में घोटालों की कतार:

**ट्रेजरी से एंटी करप्शन तक** हाल ही में ट्रेजरी घोटाला लगातार एंटी करप्शन टीम की छापेमारी अधिकारियों-कर्मचारियों की गिरफ्तारी इसके बावजूद अगर दावा किया जाए कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस है, तो इसे जनता के साथ खुला अन्याय माना जा रहा है। अब पूरे प्रदेश में गूंजते सवाल क्या मंत्री के रिश्तेदार होने से कानून बदल जाता है?क्या योगी सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी नीति चित्रकूट में फेल हो गई है?क्या चित्रकूट अब भ्रष्टाचार का सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है?स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों में भी कार्रवाई नहीं हुई, तो ईमानदार कर्मचारियों का मनोबल टूटेगा और भ्रष्टाचार को स्थायी संरक्षण मिल जाएगा

### अब निगाहें शासन पर टिकी हैं

क्या इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होगी,या फिर एक बार फिर भ्रष्टाचार की फाइलें धूल फांकती रहेंगी?

# दंतेवाड़ा में 63 नक्सलियों ने किया सरेंडर

## एक करोड़ से ज्यादा का था इनाम, 18 महिलाएं भी शामिल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। लोन वर्राटू अभियान के तहत आज 63 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें 18 महिला नक्सली भी शामिल हैं। यह घटना राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है।

### प्रमुख नक्सली नेताओं का आत्मसमर्पण

आत्मसमर्पण करने वालों में पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन कड़ती भी शामिल है, जिसने अपनी पत्नी के साथ आत्मसमर्पण किया है। इन नक्सलियों पर कुल मिलाकर एक करोड़ रुपये से अधिक का इनाम घोषित था, जो उनकी नक्सली गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। इस बड़े पैमाने पर हुए आत्मसमर्पण से नक्सलियों के संगठन को बड़ा झटका लगा है।

### अभियान की व्यापकता

यह आत्मसमर्पण केवल छत्तीसगढ़ प्रदेश के नक्सलियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाहर के भी नक्सली शामिल हैं। यह इस बात का संकेत देता है कि राज्य की पुलिस और सुरक्षा बल नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं और नक्सलियों के प्रभाव को कम करने में सफल हो रहे हैं। लोन वर्राटू (घर वापसी) अभियान के तहत नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने के प्रयास सफल हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### सुरक्षाबलों के प्रयास

सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सघन अभियान, नक्सलियों के विरुद्ध मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने और उन्हें आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास नीतियों के तहत मुख्यधारा में एकीकृत करने और उन्हें बेहतर जीवन जीने के अवसर प्रदान करने की व्यवस्था की जाएगी। इस सफलता से क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति में सुधार की उम्मीद है और विकास कार्यों को गति मिलेगी। यह घटना छत्तीसगढ़ सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# अमित शाह ने लॉन्च किया देश का पहला राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम, आतंरिक सुरक्षा मजबूत होगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत के पहले राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन किया। यह कदम देश की काउंटर-IED और आतंरिक सुरक्षा संरचना को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एनआईडीएमएस को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड द्वारा विकसित किया गया है। यह एक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो आईईडी से संबंधित डेटा के संग्रह, समेकन और वितरण को व्यवस्थित करने में मदद करेगा।

### आतंरिक सुरक्षा मजबूत होगी

वर्चुअल उद्घाटन के दौरान अमित शाह ने कहा कि इंटर-एजेंसी समन्वय भी अब और बेहतर होगा। यह सही समय और सही जगह पर सही



जानकारी पहुंचाने का एक बहुत प्रभावी तरीका होगा। एनएसजी की स्थापना 1984 में हुई थी और तब से इसने दुनिया भर में हुए आतंकवादी हमलों का विश्लेषण किया है और किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार किया है। आतंकवाद रोधी गतिविधियां, हाइजैकिंग विरोधी ऑपरेशन, बम निष्कासन की उन्नत प्रणाली और अब सभी एजेंसियों के साथ डेटा साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करना ये सभी एनएसजी के महत्वपूर्ण कार्य हैं। एनएसजी के डायरेक्टर जनरल ब्रिघु श्रीनिवासन ने बताया कि पिछले 11 महीनों में हुस्त्र ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस सिस्टम को तैयार किया है। उन्होंने इसे भारत का अनूठा प्लेटफॉर्म बताया। एनआईडीएमएस के माध्यम से राज्य पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और अन्य केंद्रीय एजेंसियां डेटा को एक्सेस, विश्लेषण और साझा कर सकेंगी। इससे आतंकवाद और विद्रोही हमलों की रोकथाम में तेजी आएगी और जांच प्रक्रियाओं को सरल बनाया जा सकेगा। इस प्लेटफॉर्म से फोरेंसिक विश्लेषण, ट्रेनिंग मॉड्यूल और ऑपरेशन योजना में सुधार होगा। आईईडी अक्सर आतंकवादी और विद्रोही समूहों द्वारा सुरक्षा बल और आम जनता को निशाना बनाने के लिए उपयोग किए जाते हैं। एनआईडीएमएस के जरिए टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल कर देश की तैयारी बढ़ाई जा सकेगी और किसी भी घटना के समय तेजी से प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी।

# यूक्रेन हमले में पहली बार ओरेशनिक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल, रूसी रक्षा मंत्रालय की पुष्टि

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को/कीव**

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच तनाव और बढ़ गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि यूक्रेन पर किए गए ताजा हमले में नए 'ओरेशनिक' बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया गया है। इस हमले में कीव में चार लोगों की मौत और कम से कम 22 घायल हुए हैं।

### प्राकृतिक गैस भंडारण पर निशाना

रूस ने यह नहीं बताया कि ओरेशनिक मिसाइल ने कहां निशाना साधा, लेकिन रूस के मीडिया के अनुसार, यह यूक्रेन के पश्चिमी लविव क्षेत्र में एक विशाल भूमिगत प्राकृतिक गैस भंडारण पर निशाना बना। रूस की रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह हमला यूक्रेनी ड्रोन द्वारा राष्ट्रपति पुतिन के निवास पर पिछले महीने कथित हमले का जवाब था। हालांकि, यूक्रेन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे खारिज किया है। लविव के मेयर एंड्री सादोवी ने कहा कि रूस ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया, लेकिन उन्होंने विस्तार में जानकारी नहीं दी। मिसाइल की गति लगभग 13,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी। ओरेशनिक मिसाइल को पहली बार नवंबर 2024 में यूक्रेनी फैक्ट्री पर टेस्ट किया गया था। पुतिन का दावा है कि ओरेशनिक की मल्टीपल वारहेड्स की गति म्खुष्द्ध 10 तक होती है और इसे इंटरसेप्ट नहीं किया जा सकता। यह नाभिकीय हथियार भी ले जा सकता है।



### कीव के कई जिलों में पानी और बिजली बाधित

इस हमले के बाद कीव में जिन लोगों की मौत हुई उनमें एक आपातकालीन मेडिकल कार्यकर्ता शामिल है। पांच बचावकर्मी घायल हुए, जो हमले की जगह पर बचाव कार्य कर रहे थे। हमले के कारण कीव के कई जिलों में पानी और बिजली बाधित हो गई। डेसन्यांस्की जिले में एक ड्रोन मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग की छत पर गिरा। डनिप्रो जिले में भी ड्रोन से आग लग गई और बिल्डिंग को नुकसान हुआ। हमले के कुछ घंटे पहले ही यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने देश को रूस के बड़े हमले की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि रूस राजधानी में सर्द मौसम का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है, जिससे सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं।

# भाजपा ने लोगों की जिंदगी की तबाह: राहुल गांधी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमलावर हैं। एक दिन पहले जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ट्रंप के टैरिफ को लेकर कड़ा निशाना साधा था। वहीं अब उन्होंने एक लंबे-चौड़े एक्स पोस्ट के जरिए भाजपा शासित राज्यों पर सिलसिलेवार हमला किया है। कांग्रेस सांसद ने शुक्रवार को अपने बयान में आरोप लगाते हुए कहा कि देशभर में 'भ्रष्ट' जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों ने जनता की जिंदगी तबाह कर दी है। राहुल गांधी ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के साथ सत्ता का दुरुपयोग और अहंकार का जहर भाजपा की राजनीति में ऊपर से नीचे तक फैल चुका है।

### भाजपा के 'डबल इंजन' पर राहुल का हमला

राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'इनके सिस्टम में गरीब, असहाय, मजदूर और मध्यमवर्ग की जिंदगी सिर्फ आंकड़ा है और 'विकास' के नाम पर वसूली-तंत्र चल रहा है। उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया - लेकिन सवाल आज भी वही है: सत्ता का संरक्षण भाजपा के किस वीआईपी को बचा रहा है? कानून सबके लिए बराबर कब होगा?' कांग्रेस के दिग्गज नेता ने



पीएम मोदी को घेरते हुए कहा, 'मोदी जी का 'डबल इंजन' चल रहा है - लेकिन सिर्फ अरबपतियों के लिए। आम भारतीय के लिए ये भ्रष्टाचार की डबल इंजन सरकार विकास नहीं, तबाही की रफ्तार है - जो हर दिन किसी न किसी की जिंदगी कुचल रहा है।

### यूपी से लेकर इंदौर तक... गंदे पानी का उठाया मुद्दा

उन्होंने यूपी और इंदौर का मुद्दा उठाते हुए लिखा, 'उत्तर प्रदेश के उन्नाव कांड में भी पूरा देश देख चुका है कि सत्ता के गुरूर में अपराधियों को कैसे बचाया गया और पीड़िता को न्याय के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ी। इंदौर में जहरीला पानी पीकर मौतें हों या गुजरात-हरियाणा-दिल्ली तक 'काले पानी' और दूषित सप्लाई की शिकायतें – हर तरफ बीमारियों का डर है।' हालिया अरावली पर्वत माला को लेकर उपजे विवाद पर कांग्रेस सांसद ने कहा, 'राजस्थान की अरावली हो या प्राकृतिक संसाधन – जहां-जहां अरबपतियों का लालच और स्वार्थ पहुंचा, वहां-वहां नियमों को रौंद दिया गया। पहाड़ काटे जा रहे हैं, जंगल उजाड़े जा रहे हैं – और जनता को बदले में मिल रहा है: धूल, प्रदूषण और आपदा। खांसी के सिरप से बच्चों की मौतें, सरकारी अस्पतालों में नवजातों को मारते चूहे, सरकारी स्कूलों की गिरती छतें – ये 'लापरवाही' नहीं, भ्रष्टाचार की सीधी मार है। पुल गिरते हैं, सड़कें धंसती हैं, ट्रेन हादसों में परिवार मिट जाते हैं और भाजपा सरकार हर बार वही करती है: फोटो-ऑप, ट्वीट और मुआवजे की औपचारिकता।'

# सरकारी ठेकों में चीनी कंपनियों की वापसी की तैयारी, गलवां में झड़प के बाद लगे प्रतिबंध हटाने पर विचार



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार सरकारी ठेकों में चीनी कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने की दिशा में आगे बढ़ती दिख रही है। वर्ष 2020 में गलवां घाटी में हुई झड़प के बाद लगाए गए इन प्रतिबंधों को अब धीरे-धीरे नरम करने पर विचार किया जा रहा है। सीमा पर तनाव में कमी और बदलते वैश्विक हालात के बीच यह फैसला आर्थिक और रणनीतिक दोनों स्तरों पर अहम माना जा रहा है। नई दिल्ली में चल रही चर्चाओं के अनुसार, केंद्र सरकार सरकारी परियोजनाओं में चीनी कंपनियों की भागीदारी पर लगे प्रतिबंधों की समीक्षा कर रही है। अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ, पाकिस्तान और अमेरिका के बीच बढ़ती नजदीकियों और चीन के साथ संबंधों में आई नरमी के चलते यह कदम उठाया जा रहा है। वर्ष 2020 में गलवां झड़प के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर चीनी कंपनियों को सरकारी ठेकों से बाहर कर दिया गया था।

### क्यों बन रही है ढील की जरूरत

कई मंत्रालयों और सरकारी विभागों ने वित्त मंत्रालय को पत्र लिखकर बताया है कि प्रतिबंधों के कारण कई अहम परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पा रही हैं। बुनियादी ढांचा, ऊर्जा और परिवहन जैसे क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा कम होने से लागत बढ़ी है और काम में देरी हो रही है। पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गाबा की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने भी प्रतिबंधों में आंशिक ढील देने की सिफारिश की है।

### गलवां के बाद क्या बदला गया था?

गलवां झड़प के बाद चीनी कंपनियों के लिए सरकारी ठेकों में भागीदारी की शर्तें कड़ी कर दी गई थीं। उन्हें भारत में पंजीकरण, राजनीतिक मंजूरी और सुरक्षा स्वीकृति अनिवार्य कर दी गई थी। इन शर्तों के चलते कई चीनी कंपनियां प्रतिस्पर्धा से बाहर हो गईं। सरकार का मानना है कि अब हालात बदले हैं, लेकिन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### संबंध सुधरे, लेकिन सतर्कता बरकरार

भारत और चीन के बीच रिश्तों में भले ही सुधार दिख रहा हो, लेकिन भारत का रुख अब भी सतर्क बना हुआ है। चीनी कंपनियों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर लगी पाबंदियां फिलहाल जारी रहेंगी। अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय स्तर पर लिया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की दिशा साफ होती है, तो भारत-चीन संबंधों में और नरमी आ सकती है।

# जिंदगी में पैसे कमाना सबकुछ नहीं, देश सेवा भी जरूरी: वायुसेना प्रमुख एपी सिंह

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एनसीसी कैडेट ने नागरिक प्रशासन की सहायता की थी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एनसीसी कैडेट के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस सैन्य कार्रवाई से यह संदेश मजबूती से गया कि जिंदगी में पैसा कमाना या स्वयं आगे बढ़ जाना सबकुछ नहीं है। देश के लिए कुछ करना भी जरूरी है।

### 75 हजार एनसीसी कैडेट्स ने नागरिक प्रशासन में मदद की

एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में एनसीसी के योगदान से काफी लोग प्रोत्साहित हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 75,000 एनसीसी कैडेट ने नागरिक प्रशासन की सहायता की थी। चिकित्सा सहायता एवं स्वैच्छिक रक्तदान जैसा सहयोग प्रदान किया था। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर से देश में भी जागरूकता आई है कि जिंदगी में पैसा कमाना या खुद आगे बढ़ जाना सबकुछ नहीं है। देश के लिए कुछ करना भी जरूरी है। हमें इसी जागरूकता को बरकरार रख देश निर्माण में योगदान देना है।' उन्होंने इस पर खुशी जताई कि एनसीसी में ड्रोन संबंधी प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है।

### एनसीसी से वायुसेना में आए 1200 कैडेट्स

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि पिछले पांच साल में एनसीसी से वायुसेना में आने वाले कैडेट की संख्या 1,200 है। उन्होंने कहा कि 20 लाख कैडेट वाली एनसीसी से तीनों सेनाओं में जाने वाले कैडेट की संख्या इसलिए कम होती है, क्योंकि सब लोग फौज में नहीं आ पाते। उन्होंने कैडेट से कहा कि फौज में आए बगैर भी देश निर्माण में योगदान दिया जा सकता है। देर शाम चयनित एनसीसी कैडेट ने वायुसेना प्रमुख व उनकी पत्नी सरिता सिंह से उनके घर एट-होम कार्यक्रम में मुलाकात की।

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को मिली जान से मारने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को जान से मारने की धमकी मिली है। राजभवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात को एक ईमेल के जरिए राज्यपाल को जान से मारने की धमकी मिली, जिसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी इसकी जानकारी दे दी गई है।

### पुलिस हाई अलर्ट पर, बढ़ाई गई राज्यपाल की सुरक्षा

राजभवन के अधिकारी ने बताया कि 'आरोपी ने ईमेल में अपना मोबाइल नंबर भी दिया है। हमने डीजीपी को



सूचित कर दिया है और उनसे उस व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार करने को कहा है।' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी इस बारे में सूचित कर दिया गया है। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी जानकारी दी गई है। धमकी मिलने के बाद राज्यपाल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राज्यपाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य पुलिस और सीआरपीएफ मिलकर काम कर रहे हैं। बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है और उनकी सुरक्षा के लिए करीब 60-70 केंद्रीय सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। पुलिस भी हाई अलर्ट पर है। राज्यपाल बोस को धमकी ऐसे समय दी गई है, जब राज्य में सियासी तूफान उठा हुआ है। 8 जनवरी को ईडी ने सत्ताधारी टीएमसी के सोशल मीडिया हेड के ठिकानों पर छापेमारी की है। सीएम ममता ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया हैं। सीएम के आरोपों पर राज्यपाल ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है कि वह संविधान में सहयोग करे। किसी लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकना दंडनीय अपराध है।